स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

कानपुर, सोमवार
31 मार्च, 2025
चैत्र मास शुक्ल पक्ष 2
सं. 2082 वि.
वर्ष 36, अंक -219 पृष्ठ 12
संस्करण : महानगर

मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net web portal : swatantrabharat.net




## द्वितीय-मां ब्रह्मचारिणी



पराम्बा जगद्जननी दुर्गा का दूसरा स्वरूप पूर्ण ज्योर्तिमय एवं अत्यंत भव्य है। मां के दाहिने हाथ में दिव्य जपमाला एवं बायें हाथ में कमण्डल सुशोभित है। वेदों में ब्रह्म प्राप्ति का आधार तप है।
शैलपुत्री रूप मां ने नारद के उपदेश से शिव प्रिया पद प्राप्ति की तपस्या माँ ब्रह्मचारिणी रूप में ही प्रारम्भ कर पूर्णता प्राप्त की थी। मां की दुरूह तपस्या से तीनों लोकों में हाहाकार मच गया था। अपने संकल्प को पूर्ण कर माँ इस स्वरूप में स्थित हुईं। इनकी उपासना से साधक तप, त्याग, सदाचार, संयम एवं वैराग्य के भावपूर्ण धरातल को प्राप्त करके देवी कृपा पात्र बन जाता है। मनोकामना पूर्ण करने वाले एवं अपनी समस्त मानसिक शक्तियों को अपने नियंत्रण में करके लौकिक पारलौकिक उन्नति प्राप्त करने के लिए साधकों को माँ का ध्यान व मंत्र जप स्वाधिष्ठान चक्र पर ध्यान करके करना चाहिए। माँ ब्रह्मचारिणी का ध्यान निम्न मंत्र से करें-

**ध्यान मंत्र- ऊँ दधानां कर पद्भाभ्याम अक्ष माला कमण्डलम्।**
**देवि प्रसीदतु मयि ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा।।**
**जप मंत्र- ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चै ऊँ ब्रह्मचारिणी दैव्याये नमः।।**
**ऊँ श्रीं पूर्ण भाग्योदयं ब्रं ब्रह्मचारिण्यै श्रीं नमः।।**

ध्यानोपरांत दोनों मंत्रों की 11 11 माला जप स्वाधिष्ठान चक्र पर ध्यान करते हुए करें। तत्पश्चात माँ को ही अर्पित करें। माँ ब्रह्मचारिणी स्वरूप की साधना से वृष एवं तुला राशि वालों की ग्रह बाधाएं दूर होती हैं।

**पं. आशीष शुक्ला**

## प्रधानमंत्री मोदी ने आरएसएस को जमकर सराहा

# 'जहां सेवा कार्य, वहीं स्वयंसेवक'

**नागपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को माधव नेत्रालय प्रीमियम सेंटर की आधारशिला रखी। इस दौरान उन्होंने लोगों को संबोधित भी किया। उन्होंने अपने संबोधन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और इसके स्वयंसेवकों को जमकर सराहा।

### अमर संस्कृति का आधुनिक अक्षय वट बताया


उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भारत की अमर संस्कृति का आधुनिक अक्षय वट है। ये अक्षय वट आज भारतीय संस्कृति को... हमारे राष्ट्र की चेतना को निरंतर ऊर्जावान बना रहा है। पीएम मोदी ने यह भी कहा कि जहां भी सेवा कार्य किया जा रहा है, वहां स्वयंसेवक हैं। पीएम मोदी ने कहा कि राष्ट्र यज्ञ के इस पावन अनुष्ठान में मुझे आज यहां आने का सौभाग्य मिला है। आज चैत्र शुक्ल प्रतिपदा का ये दिन बहुत विशेष है। आज से नवरात्रि का पवित्र पर्व शुरू हो रहा है। देश के अलग अलग कोनों में आज गुड़ी पड़वा, उगादी और नवरेह त्योहार भी मनाया जा रहा है। आज भगवान झूलेलाल जी और गुरु अंगद देव जी का अवतरण दिवस भी है। ये हमारे प्रेरणापुंज परम पूज्यनीय डॉ साहब की जयंती का भी अवसर है। इसी साल



आरएसएस की गौरवशाली यात्रा का 100 वर्ष भी पूरे हो रहे हैं। आज इस अवसर पर मुझे स्मृति मंदिर जाकर पूज्य डॉ. साहब और पूज्य गुरुजी को श्रद्धांजिल अर्पित करने का सौभाग्य मिला है। उन्होंने कहा कि अगले ही महीने संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती भी है। आज मैं दीक्षाभूमि पर बाबा साहेब को नमन किया है और उनका आशीर्वाद भी लिया है। मैं इन विभूतियों को नमन करते हुए देशवासियों को नवरात्रि और सभी पर्वों की बहुत-बहुत बधाई देता हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, लाल किले से मैंने सबके प्रयास की बात कही थी। आज स्वास्थ्य के क्षेत्र में देश जिस तरह काम कर रहा है, माधव नेत्रालय उन प्रयासों को बढ़ा रहा है। देश के सभी नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें यह हमारी प्राथमिकता है। देश में गरीब से गरीब व्यक्ति को भी अच्छे से अच्छा इलाज मिले, कोई भी देशवासी जीवन जीने की गरिमा से वंचित ना रहे, अपना जीवन देश के लिए दे चुके बुजुर्गों को इलाज की चिंता सताती ना रहे, यह सरकार की नीति है। इसलिए आयुष्मान भारत के कारण आज करोड़ों लोगों को मुफ्त इलाज की सुविधा मिल रही है। बीते 10 साल में गांवों में लाखों आयुष्मान आरोग्य मंदिर बने हैं। जहां से लोगों को देश के सर्वश्रेष्ठ डॉक्टरों से टेलीमेडिसिन से कंसल्टेशन मिलता है, प्राथमिक इलाज मिलता है और आगे के लिए सहायता होती है। उन्हें रोगों की जांच के लिए सैकड़ों किलोमीटर दूर नहीं जाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि संघ सेवा के इस पवित्र तीर्थ नागपुर में आज हम एक पून्य संकल्प के सेवा विस्तार के साक्षी बन रहे हैं। अभी हमने माधव नेत्रालय के कुल गीत में सुना, अध्यात्म, ज्ञान, गौरव गुरुता का ये अद्भुत विद्यालय है, मानवतारत है ये सेवा मंदिर कण कण में देवालय है। माधव नेत्रालय एक ऐसा संस्थान है जो अनेक दशकों से पूज्य गुरूजी के आदर्शों पर लाखों लोगों की सेवा कर रहा है।
पीएम मोदी ने कहा कि हम अपने देश का इतिहास देखें तो सैकड़ों वर्षों की गुलामी, इतने आक्रमण, भारत की सामाजिक संरचना को मिटाने की इतनी क्रूर कोशिशें, लेकिन भारत की चेतना कभी समाप्त नहीं हुई, उसकी लौ जलती रही। कठिन से कठिन दौर में भी भारत में चेतना को जागृत रखने वाले नए-नए सामाजिक आंदोलन होते रहे। भक्ति आंदोलन का उदाहरण हम सभी को पता है। मध्यकाल के उस कठिन कालखंड में हमारे संतों ने भक्ति के विचारों से हमारी राष्ट्रीय चेतना को नई ऊर्जा दी।

# समाज ने देखने-परखने के बाद संघ को स्वीकार किया : भागवत


**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर में एक सभा को संबोधित करते समय संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की लंबी यात्रा के दौरान समाज ने संघ के स्वयंसेवकों को देखा, परखा उसके बाद स्वीकार किया है। इसी का नतीजा है कि तमाम बाधाओं को दूर करते हुए अब स्थिति अनुकूल है और स्वयंसेवक लगातार आगे बढ़ रहे हैं। भागवत ने कहा कि संघ के दर्शन में कहा जाता है कि आत्म-विकास पर एक घंटा, जबकि समाज के विकास पर 23 घंटे खर्च करना चाहिए। यही संघ का नजरिया है और आरएसएस के तमाम प्रयास इसी सिद्धांत से प्रेरित हैं।
संघ प्रमुख भागवत ने जब यह बात



कही, उस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहे। पीएम की मौजूदगी में भागवत ने कहा कि स्वयंसेवक अपने लिए कुछ नहीं मानते, वे सिर्फ सेवा करते रहते हैं। बता दें कि इसी साल सितंबर में संघ की स्थापना के 100 साल पूरे होने वाले हैं। संघ की लंबी यात्रा को रेखांकित करते हुए भागवत ने कहा कि देश ने संघ के स्वयंसेवकों का काम देखा है, इसके बाद उन्हें स्वीकार किया गया है।
भागवत से पहले पीएम मोदी ने भी भारत में संघ की भूमिका को रेखांकित किया। मोदी ने माधव नेत्रालय प्रीमियम सेंटर की आधारशिला रखने के बाद कहा कि आज भारत की सबसे बड़ी पूंजी हमारा युवा है। आज भारत का युवा विश्वास से भरा हुआ है। राष्ट्र निर्माण की भावना से ओत-प्रोत हमारे युवा आगे बढ़े चले जा रहे हैं। यही युवा 2047 के विकसित भारत के लक्ष्य की ध्वजा थामे हुए हैं।

# पुतिन के काफिले की कार में धमाका

**मॉस्को।** मॉस्को में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के काफिले की कार में ब्लास्ट हुआ है। यह धमाका खुफिया एजेंसी एफएसबी के मुख्यालय के बाहर हुआ। यह एक लग्जरी लिमोजिन कार थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक इंजन में आग लग गई



थी और फिर अंदर फैल गई। जिस वक्त ये हादसा हुआ, उस वक्त पुतिन न तो इस कार के आस-पास थे और न ही यह कार उनके किसी काफिले में शामिल थी। हालांकि अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि यह हत्या की साजिश थी या सिर्फ एक हादसा। इसके बाद से पुतिन की सुरक्षा को लेकर राष्ट्रपति कार्यालय में चिंताएं बढ़ गई है। 26 मार्च को यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने दावा किया था कि जल्द पुतिन की मौत होगी। राष्ट्रपति पुतिन अक्सर इस लिमोजिन कार का इस्तेमाल करते रहते हैं। उन्होंने नॉर्थ कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन को भी पिछले साल यह कार गिफ्ट की थी।

# वार्षिकोत्सव में प्रशासनिक राजनीतिक हस्तियों ने की शिरकत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो कानपुर।** महर्षि दयानंद पब्लिक स्कूल (एमडीपीएस) में सेलेस्टियल फन फीस्टा 2025 का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। विद्यालय में झूलों एवं एडवेंचर गेम्स का उद्घाटन मैनेजिंग डायरेक्टर मयंक शुक्ला ने किया। इस शुभ अवसर पर प्रयागराज हाईकोर्ट के जज अजहर हुसैन इदरीशी , विद्यालय के संस्थापक पुरुषोत्तम नारायण शुक्ल एवं एमएलसी अरुण पाठक ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया, जबकि महापौर प्रमिला पांडेय, ने विभिन्न स्टॉल्स का उद्घाटन कर आयोजन की भव्यता को बढ़ाया। इस अवसर पर अजहर हुसैन इदरीशी (हाइ कोर्ट जज प्रगराज), महापौर कानपुर प्रमिला पांडेय, दीपक भ्रूगर पुलिस अधीक्षक उन्नाव,मनीष निगम जिला जज उन्नाव,शकुन सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष,शिव शंकर आरएसएस जिला

### महर्षि दयानंद पब्लिक स्कूल के बच्चों एवं अभिभावकों को प्रदान किए गए अवार्ड

प्रचारक उन्नाव, आनंद अवस्थी इफको निदेशक, सदर एमएलसी अरुण पाठक एवं सदर विधायक उन्नाव पंकज गुप्ता, भाजपा वरिष्ठ नेता के. डी. त्रिवेदी, उन्नाव व गंगाघट चेयरमैन प्रतिनिधि भानु मिश्रा एवं संदीप पांडेय,गोल्डी गुप्ता सहित आदि उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का माल्यार्पण एवं शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ, जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मैजिक शो व मिमिक्री ने सभी को आनंदित कर दिया, जबकि राधा-कृष्ण, शिव-हनुमान की झांकी ने उपस्थित जनसमुदाय को भाव-विभोर कर दिया। फन मेले मे विभिन्न प्रकार की खाने-पीने की दुकानें, चाट, स्नैक्स एवं विभिन्न प्रकार के मनमोहक झूलों का अभिभावकों एवं बच्चों ने भरपूर आनंद लिया । विद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 के रैंक होल्डर्स, सर्वश्रेष्ठ अभिभावकों एवं 100 प्रतिशत अटेंडेंस प्राप्त छात्रों एवं शिक्षकों को मुख्य अतिथियों द्वारा ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

## गृह मंत्री अमित शाह ने दिया संकेत

# नीतीश ही होंगे बिहार के अगले सीएम


**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए के सीएम फेस को लेकर जारी चर्चा के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इशारों-इशारों में संकेत दे दिया है कि नीतीश कुमार ही मुख्यमंत्री का चेहरा होंगे। पटना के बापू सभागार में सहकारिता विभाग के एक कार्यक्रम में शाह ने कहा कि



'2025 में मोदी जी और नीतीश जी के नेतृत्व में बिहार में एक बार फिर से एनडीए की सरकार बनाइए और भारत सरकार को बिहार के विकास का मौका दीजिए' बिहार को बदलने में नीतीश कुमार की अहम भूमिका रही है। उन्होंने 2025 के चुनाव में मोदी और नीतीश के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनाने की अपील की। शाह ने कहा जेडीयू और भाजपा मिलकर बिहार को विकास के रास्ते पर तेजी से ले जाएंगे। 2025 में प्रचंड बहुमत के साथ एनडीए की सरकार बनेगी। अमित शाह के बयान से एनडीए के सीएम कैंडिडेट का मसला साफ होता दिख रहा है।

### नीतीश बोले वह गलती दोबारा नहीं होगी

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंच से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के सामने बिलकुल स्पष्ट कर दिया कि अब वह कहीं नहीं जाएंगे। दो बार गलती हुई है, लेकिन अब मैं वापस अपने पुराने लोगों के साथ आ गया हूं। इतना ही नहीं इस दौरान उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी का नाम लिया। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी का नाम लेते हुए कहा कि श्रद्धेय अटल जी ने मुझे मुख्यमंत्री बनाया था, तो ऐसे में मैं कैसे भूल सकता हूं।



## आज का मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | - $34^0$ |
| न्यूनतम तापमान | - $18^0$ |
| सूर्योदय | - 05:59 |
| सूर्यास्त | - 06:22 |

**आसमान साफ रहेगा।**

## शुभकामनाएं

'ईद-उल-फित्र' पर्व के शुभ अवसर पर सभी सुधी पाठकों, विज्ञापनदाताओं और वितरक बन्धुओं को हार्दिक शुभकामनाएं।

## अवकाश की सूचना

इस अवसर पर स्वतंत्र भारत प्रेस व कार्यालय में दिनांक 31.03.2025 को अवकाश रहेगा। अतः पत्र का अगला अंक 02.04.2025 को प्रकाशित होगा।
**- प्रबंधक**

## दो बांग्लादेशी महिलाएं दिल्ली में गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** मंडावली थाना पुलिस ने दो बांगलादेशी महिला घुसपैठियों को गिरफ्तार किया है। नदी के जरिये बार्डर को पार करके भारत अवैध रूप से आई थीं। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान बांगलादेश के जिला फरीदपुर निवासी आतिफा व ढाका निवासी असमा के रूप में हुई है। कुछ दिनों पहले पुलिस ने नौ घुसपैठियों को पकड़ा था, उनकी निशानदेही पर पुलिस ने दोनों महिलाओं को गिरफ्तार किया।

# कटक में पटरी से उतरी कामाख्या एक्सप्रेस

**कटक।** ओडिशा में कामाख्या एक्सप्रेस ट्रेन के कई डिब्बे पटरी से उतर गए। कटक में नेरगुंडी रेलवे

### एक यात्री की मौत, सात घायल

स्टेशन के पास यह हादसा हुआ जिसमें एक शख्स की मौत हुई और सात यात्री घायल भी हुए हैं। ट्रेन बंगलूरू से असम के गुवाहाटी के कामाख्या स्टेशन जा रही थी। रेलवे प्रशासन ने बताया है कि यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए



नई ट्रेन का बंदोबस्त किया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि रविवार को ओडिशा के कटक जिले में एक एक्सप्रेस ट्रेन पटरी से उतर गई। सुबह 11.54 बजे मंगुली के पास निरगुंडी में एसएमवीटी बंगलूरू-कामाख्या एसी एक्सप्रेस के 11 डिब्बे पटरी से उतर गए।
**हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया** जानकारी के मुताबिक, हेल्पलाइन 8455885999 और 8991124238 शुरू कर दी गई हैं। फंसे हुए यात्रियों को उनके गंतव्य तक भेजने के लिए आवश्यक व्यवस्था की जा रही है।

# भाषा के नाम पर देश को मत तोड़ो : राजनाथ

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को भाषा के मुद्दे पर द्रमुक के रुख की आलोचना की और कहा

### सभी भारतीय भाषाएं एक-दूसरे को मजबूत बनाती हैं

कि भाजपा हिंदी और अन्य सभी भारतीय भाषाओं की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं के बीच कोई प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि सहयोग की भावना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भाषा के नाम पर देश को तोड़ने की कोशिशें बंद होनी चाहिए। तमिल रानी वेलु नचियार को श्रद्धांजलि देने के लिए एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजनाथ ने कहा कि कुछ लोग तमिल और हिंदी को लेकर विवाद पैदा कर रहे हैं। उन्होंने उत्तर भारत में वेलु नचियार के बारे में जागरूकता फैलाने के प्रयास की सराहना की। रक्षा मंत्री ने कहा कि हिंदी और अन्य भारतीय भाषाएं एक-दूसरे को मजबूत बनाती हैं। तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर हिंदी थोपने का आरोप लगा रही है। रक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के युग की शुरुआत की है। अब उन्हें सशस्त्र बलों में स्थायी कमीशन मिल रहा है।

# 'ब्रह्मांड की वैश्विक समझ में भारत का अहम योगदान'

**अहमदाबाद।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व प्रमुख एस. सोमनाथ ने शनिवार को कहा कि भारत हमेशा से एक महान देश रहा है, जिसने वेदों से लकर आधुनिक वैज्ञानिक प्रगति तक ब्रह्मांड की वैश्विक समझ में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसके लिए उन्होंने प्राचीन ग्रंथों महासलिल और सूर्य सिद्धांत का हवाला दिया। सोमनाथ भारतीय प्रौद्योगिकी प्रबंधन



### पूर्व इसरो प्रमुख सोमनाथ ने कहा शिक्षा जगत व उद्योगों में हो मजबूत संबंध

संस्थान (आईआईएम) अहमदाबाद के 60वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अनुसंधान संस्थानों, शिक्षा जगत और उद्योगों के बीच मजबूत संबंध की जरूरत पर जोर दिया। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि यह अब भी एक दूर का सपना बना हुआ है। सोमनाथ ने कहा, मैं भारत की समृद्ध और गौरवशाली ज्ञान परंपरा पर प्रकाश डालना चाहता हूं, जो फिर से सामने आ रही है। वेदों से लेकर आधुनिक वैज्ञानिक प्रगति तक भारत हमेशा से ब्रह्मांड की वैश्विक समझ में योगदान देने वाला एक महान देश रहा है। उन्होंने कहा, प्राचीन काल का ज्ञान आधुनिक विज्ञान की तुलना में काफी उन्नत था। भारतीय दर्शन न केवल भौतिक प्रगति पर बल देता था, बल्कि आध्यात्मिक उन्नति को भी उतना ही महत्वपूर्ण मानता था, जिसे समग्र मानव विकास के लिए आवश्यक माना गया। यही संतुलन भारत को वैज्ञानिक और आध्यात्मिक विकास में अद्वितीय बनाता है। उन्होंने कहा, विज्ञान और अन्य मानव ज्ञान ने इस क्षेत्र में काफी प्रगति की, जो दुनिया का पहला ज्ञान का स्रोत बना। खगोलशास्त्र, भूगोल, गणित, धातुकर्म और दर्शन में वैज्ञानिक समझ प्रदान करने में यह उस समय अन्य स्थानों से काफी आगे था।

## आयकर का इंडिगो पर 944 करोड़ का जुर्माना

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो पर आयकर विभाग ने 944.20 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। हालांकि, कंपनी ने इसे गलत बताया है। इंडिगो ने कहा कि वह इस आदेश को चुनौती देगी। रविवार को एक नियामक फाइलिंग में इंडिगो ने कहा कि आयकर विभाग (आयकर प्राधिकरण) की मूल्यांकन इकाई ने आकलन वर्ष 2021-22 के लिए 944.20 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाने का आदेश पारित किया है। इंडिगो ने कहा कि आदेश का कंपनी की वित्तीय स्थिति, परिचालन या अन्य गतिविधियों पर कोई महत्वपूर्ण प्रभाव नहीं पड़ेगा।

## पूर्वोत्तर के तीन राज्यों में बढ़ा अफस्पा

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय (एमएचए) ने सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम (अफस्पा) को मणिपुर के पूरे क्षेत्र में लागू कर दिया है, हालांकि 13 पुलिस थाना क्षेत्रों को इससे बाहर रखा गया है। इसके साथ ही अरुणाचल प्रदेश के तीरप, चांगलांग और लोंगडिंग जिलों तथा राज्य के तीन पुलिस थाना क्षेत्रों में भी अफस्पा को अगले छह महीनों के लिए बढ़ा दिया गया है। वहीं नगालैंड में भी अफस्पा का विस्तार किया गया है। इसे आठ जिलों और राज्य के अन्य पांच जिलों के 21 पुलिस थाना क्षेत्रों में लागू किया गया है। यह विस्तार अगले छह महीनों के लिए प्रभावी रहेगा।

## चेन्नई में नीट छात्रा ने की आत्महत्या

**चेन्नई।** मेडिकल प्रवेश के लिए रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रही 21 साल की छात्रा ने चेन्नई के पास आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक, छात्रा देवदर्शिनी कोचिंग क्लास में पढ़ती थी। वह 4 मई को होने वाली नीट परीक्षा की तैयारी कर रही थी। छात्रा भारी दबाव और तनाव में थी, क्योंकि वह अपने पिछले चार प्रयासों में परीक्षा पास नहीं कर पाई थी। उसके पिता सेल्वराज चेन्नई से लगभग 40 किलोमीटर दूर किलांबक्कम में एक बेकरी चलाते हैं। परिवार तमिलनाडु की राजधानी से वहां शिफ्ट हाग गया था, क्योंकि शहर में उनकी पिछली बेकरी घाटे में चली गई थी।

# छत्तीसगढ़ में 50 नक्सलियों ने किया सरेंडर

**बीजापुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छत्तीसगढ़ दौरे से महज कुछ घंटे पहले बीजापुर में 50 नक्सलियों ने सरेंडर कर दिया। इनमें से 14 नक्सलियों पर कुल 68 लाख रुपए का इनाम घोषित था। नक्सलियों ने कहा कि वे खोखली और अमानवीय माओवादी विचारधारा, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं द्वारा आदिवासियों के शोषण और आंदोलन के भीतर पनप रहे मतभेदों के कारण सरेंडर कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में रविवार को 50 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। इनमें से 14 पर कुल 68 लाख रुपए का इनाम था। नक्सलियों ने राज्य पुलिस और सीआरपीएफ के वरिष्ठ अधिकारियों के सामने हथियार डाल दिए।


## पीएम मोदी ने कहा योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं

# विविधता में एकता को दर्शाते हैं हमारे त्योहार

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि आज और आगामी दिनों में मनाए जाने वाले विभिन्न त्योहार भारत की विविधता में

### 'मन की बात' का 120वां एपिसोड

व्याप्त एकता की भावना के सूचक हैं। पीएम मोदी ने लोगों से इस भावना को मजबूत करने का आग्रह किया। उन्होंने 'मन की बात' मासिक कार्यक्रम में कहा कि रविवार को विभिन्न राज्य अपना पारंपरिक नववर्ष मना रहे हैं और आगामी दिनों में कई अन्य राज्य भी इसे मनाएंगे।
मोदी ने कहा कि ईद सहित अन्य त्योहार भी मनाए जा रहे हैं। उन्होंने लोगों को इन त्योहारों की बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में कुछ ही



सप्ताह बाद गर्मी की छुट्टियां भी शुरू होने वाली हैं और गर्मी के लंबे दिन छात्रों के लिए नए शौक विकसित करने एवं अपने कौशल को निखारने का समय होते हैं।
प्रधानमंत्री ने छात्रों के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित करने वालों से 'माईहॉलिडेज' हैशटैग का उपयोग करने तथा छात्रों एवं अभिभावकों से 'हॉलिडेमेमोरीज' हैशटैग के साथ अपने अनुभव साझा करने का आग्रह किया। मोदी ने अपने संबोधन में विभिन्न तरीकों से जल संरक्षण कर 'कैच द रेन' अभियान को आगे बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि इस तरह के कदमों से पिछले सात से आठ साल में 11 अरब घन मीटर से अधिक पानी बचाया गया है।
प्रधानमंत्री मोदी ने फिटनेस पर भी बात की। उन्होंने दिल्ली में हुए एक आयोजन का जिक्र करते हुए कहा, दिल्ली में एक भव्य आयोजन ने लोगों को बहुत प्रेरणा दी है, जोश से भर दिया है। एक इनोवेटिव आइडिया के रूप में पहली बार फिट इंडिया कार्निवाल का आयोजन किया गया। इसमें अलग अलग क्षेत्रों के करीब 25 हजार लोगों ने हिस्सा लिया। इन सभी का एक ही लक्ष्य था- फिट रहना और फिटनेस को लेकर जागरूकता फैलाना।

### दिव्यांग खिलाड़ियों को सराहा

पीएम मोदी ने खेल और खिलाड़ियों से जुड़ी बातें भी कीं। उन्होंने हाल ही में हुए खेलो इंडिया पैरा गेम्स को लेकर बातचीत की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा, कुछ ही दिन पहले संपन्न हुए खेलो इंडिया पैरा गेम्स में एक बार फिर खिलाड़ियों ने अपनी लगन और प्रतिभा से सबको हैरान कर दिया। इस बार पहले से ज्यादा खिलाड़ियों ने इन खेलों में हिस्सा लिया। इससे पता चलता है कि पैरा स्पोर्ट्स कितना चर्चित हो रहा है।

### टेक्सटाइल कचरा नई चुनौती

पीएम मोदी ने भारत में टेक्सटाइल कचरे से बढ़ती चुनौती पर जोर दिया। पीएम मोदी ने टेक्सटाइल कचरे के मुद्दे पर बोलते हुए कहा कि भारत इस क्षेत्र में एक बड़ी चुनौती का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि आप सोच रहे होंगे कि टेक्सटाइल कचरे का मुद्दा क्या है? दरअसल, यह एक बड़ी समस्या बन गई है। आजकल लोग पुराने कपड़े जल्दी फेंक देते हैं और नए खरीदने की आदत बढ़ गई है।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक की मौत,दूसरा घायल

स्वतंत्र भारत संवाददाता नवाबगंज उन्नावः चौकी क्षेत्र के सेरसा मार्ग पर अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिस पर सवार दो लोगों में से एक की मौत हो गई जब कि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां से उसकी स्थिति गंभीर देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चौकी क्षेत्र के सेरसा गांव निवासी अजीत पुत्र रामऔतार व उसका मित्र आशीष बाइक से किसी काम से निकले थे। तभी वापस आते समय सेरसा मार्ग पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें अजीत की मौत हो गई जब कि पीछे बैठा उसका मित्र आशीष गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



## एसपी ने साइबर अपराध के प्रति किया जागरूक

स्वतंत्र भारत संवाददाता नवाबंगज उन्नावः पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने आयोजित कार्यषाला में साइबर अपराधों की पहचान, धोखाधड़ी से बचने के उपायों, सतर्कता और जागरूकता की भूमिका,सुरक्षित प्रमाणीकरण के महत्व और संदिग्ध गतिविधियों की रिपोर्टिंग की जानकारी दी। वह सरस्वती मेडिकल कालेज सोहरामऊ में डिजिटल अरेस्टिंग , साइबर क्राइम, डिजिटल वारियर्स, साइबर सुरक्षा एवं आर्टिफिसियल इंटेलीजेंस पर आधारित अपराधों के संदर्भ में आयोजित कार्यषाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्यषालाएं पूरे जनपद में आयोजित की जानी चाहिए ताकि लोग साइबर अपराध के प्रति जागरूक हो सकें। क्यों कि देखने में आ रहा है साइबर अपराध की गति दिनोंदिन बढ़ती जा रही है और विषेष रूप से फोन के माध्यम से लालच जैसे प्रलोभन देकर साइबर अपराध अधिक हो रहे हैं। इस तरह के कुचक्र से बचाव के लिए जागरूक होने की जरूरत है। कार्यशाला का उद्देश्य छात्र-छात्राओं एवं आम जनता को डिजिटल युग में साइबर अपराधों, उनसे बचाव के उपायों और उनसे संबंधित कानूनी पहलुओं के प्रति जागरूक करना है। साइबर क्राइम थाना की टीम द्वारा साइबर क्राइम में किस प्रकार से लोग शिकार होते है इससे बचने के लिए तत्काल क्या करना चाहिएं, हेल्पलाइन नंबर, वेबसाइट, सोशल मीडिया पर किस तरह से अपराधी शिकार बनाते हैं। सोशल मीडिया का प्रयोग करते समय अगर सावधानी बरतें तो साइबर अपराध का शिकार होने से काफी हद तक बच सकते हैं। इसके साथ ही पुलिस प्रशासन से संबंधित हेल्पलाइन नंबर की जानकारी, किसी भी प्रकार की फेंक न्यूज व्हाट्सअप या सोशल मीडिया से प्राप्त होने पर कैसे रिपोर्ट करें व कैसे फैक्ट चेक करने हेतु प्रशासन के सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर विवरण साझा करें। इस संबंध पुलिस द्वारा पूरे प्रदेश में फेंक न्यूज से बचाव एवं जागरूकता हेतु डिजिटल वारियर बनाने का केम्पेन चलाया जा रहा है जिसकी पूरी जानकारी उपलब्ध कराई गई एवं अवगत कराया गया। जो भी छात्र-छात्राएं डिजिटल वारियर बनने की इच्छुक हों तो वो साइबर टीम को शपथ पत्र दे सकते हैं। मोबाइल फोन इस्तेमाल करते समय क्या क्या सावधानियां बरती जाए जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई।छात्रों द्वारा साइबर के संबंध में पूछे जाने वाले सवालों को सहजता से समझकर उनके जवाब दिए गए। कालेज के स्टाफ को भी साइबर अपराध से संबंधित जानकारी दी गई। छात्र-छात्राओं को सतर्कता और जागरूकता के महत्व पर जोर दिया गया साथ ही साइबर हेल्प डेस्क की कार्यपद्धति और साइबर पुलिस से संपर्क करने की प्रक्रिया पर भी चर्चा की। आनलाइन धोखाधड़ी के नए तरीकों और उनसे बचाव के तरीकों पर विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही सोशल मीडिया के प्रयोग में बरती जाने वाली सावधानियां, साइबर सुरक्षा सोशल मीडिया का सही उपयोग, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस आधारित अपराध डिजिटल अरेस्ट सीईआईआर पोर्टल टू स्टेप वैरिफिकेशन के बारे में बताया गया। कार्यशाला में कालेज के सभी छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। सभी को साइबर अपराध से बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर लिखित नोट भी प्रदान किए गए। कार्यशाला का संचालन डा.आशीष श्रीवास्तव ने किया। मेडिकल कालेज के चेयरमैन बृजेंद्र सिंह हुड्डा, डाइरेक्टर एडमिन गुलाब सिंह, अखिलेश मौर्या भी मौजूद थे।

## ईद उल फित्तर के चांद का दीदार हुआ

स्वतंत्र भारत संवाददाता बांगरमऊ उन्नावः 29 वें रोजे को आज रविवार बाद नमाज मगरिब ईद उल फित्तर के चांद का दीदार हुआ। इमाम ईदगाह काजी शहर सैय्यद जियाउल आरफीन के मुताबिक ईदगाह में सोमवार को सुबह ठीक 8.30 बजे ईद उल फित्तर की नमाज अदा की जाएगी। काजी शहर ने निर्धारित समय पर ईदगाह पहुंचने की अपील की।

## हत्या कर फेंका शव, तालाब के पास मिला युवक का अधजला शव

स्वतंत्र भारत संवाददाता उन्नावः फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक वारदात घटित हुई। नरीगाढ़ गांव में कमलेश राठौर (35) की गला घोंटकर हत्या कर दी गई। हत्यारों ने शव को जलाने का भी प्रयास किया। घटना शनिवार को देर शाम की है। कमलेश शौच के लिए घर से निकला था। जब वह वापस नहीं लौटा तो परिवार चिंतित हो गया। रविवार सुबह ग्रामीणों को तालाब के पास से बदबू आई। जब वे वहां पहुंचे तो कमलेश का अधजला शव मिला। मृतक के बेटे विनोद ने पहले पुलिस को बताया कि उसके पिता ने फांसी लगाई है। लेकिन मौके पर पहुंची पुलिस को मामला संदिग्ध लगा। प्रथम दृष्टया पुलिस का मानना है कि पहले गला घोटकर हत्या की गई। फिर पहचान छिपाने के लिए शव को जलाने का प्रयास किया गया। इंस्पेक्टर ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति और स्पष्ट होगी। पुलिस मृतक के पारिवारिक और सामाजिक संबंधों की भी जांच कर रही है। इससे हत्या के कारणों का पता लगाया जा सकेगा। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। मृतक के परिजनों में रोष है। ग्रामीणों ने पुलिस से जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है।

# रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच महर्षि दयानंद पब्लिक स्कूल का चतुर्थ वार्षिकोत्सव आयोजित





एमडीपीएस के वार्षिकोत्सव में भाग लेते एमएलसी अरूण पाठक, हाईकोर्ट के जज अजहर हुसैन इदरीशी एवं दीप प्रज्ज्वलित करते एमडी मयंक शुक्ल, हाईकोर्ट के जज, पुरुषोत्तम नारायण शुक्ल एवं अरूण पाठक, एमएलसी को सम्मानित करते हाईकोर्ट के जज, फीता काटते पुरूषोत्तम नारायण शुक्ल, कानपुर की मेयर प्रमिला पांडेय के साथ भाजपा नेता केडी त्रिवेदी, मेयर प्रमिला पांडेय को सम्मानित करते मयंक पांडेय, हाईकोर्ट के जज से वार्ता करते पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर, बच्चों एवं अभिभावकों को सम्मानित करते विधायक पंकज गुप्ता, बच्चों एवं अभिभावकों को सम्मानित करते पुलिस अधीक्षक एवं अन्य। छायाः स्वतंत्र भारत।

**कार्यक्रम में प्रशासनिक राजनीतिक हस्तियों ने की शिरकत, बच्चों एवं अभिभावकों को प्रदान किए गए अवार्ड**

**स्वतंत्र भारत संवाददाता उन्नावः** शनिवार महर्षि दयानंद पब्लिक स्कूल (एमडीपीएस) में क्लासिकल फन फिस्टा 2025 का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। विद्यालय में झूलों एवं एडवेंचर गेम्स का उद्घाटन मैनेजिंग डायरेक्टर मयंक शुक्ला ने किया। इस अवसर पर प्रयागराज हाईकोर्ट के जज अजहर हुसैन इदरीशी विद्यालय के संस्थापक पुरूषोत्तम नारायण शुक्ल एवं एमएलसी अरूण पाठक ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। जब कि महापौर प्रमिला पांडेय ने विभिन्न स्टॉल्स का उद्घाटन कर आयोजन की भव्यता को बढ़ाया। इस अवसर पर अजहर हुसैन इदरीशी (हाईकोर्ट जज प्रयागराज) महापौर कानपुर प्रमिला पांडेय, दीपक भूकर पुलिस अधीक्षक उन्नाव, मनीष निगम जिला जज उन्नाव, शकुन सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष शिवशंकर जी जिला आरएसएस प्रचारक, आनंद अवस्थी इफ्को निदेशक, सदर एमएलसी अरूण पाठक एवं सदर विधायक उन्नाव पंकज गुप्ता, भाजपा के वरिष्ठ नेता केडी त्रिवेदी, उन्नाव व गंगाघाट नपा चेयरमैन के प्रतिनिधि भानू मिश्रा एवं संदीप पांडेय, गोल्डी गुप्ता सहित अनेक विशिष्ट अतिथि मौजूद थे। सभी अतिथियों का माल्यार्पण एवं शॉल ओढ़ाकर भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने विद्यालय की अनुशासन प्रियता, शिक्षा की उत्कृष्टता और संस्कारपरक वातावरण की मुक्त कंठ से सराहना की। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मैजिक शो व मिमिक्री ने सभी को आनंदित कर दिया। जब कि राधा-कृष्ण, शिव-हनुमान की झांकी ने उपस्थित जनसमुदाय को भाव-विभोर कर दिया। फन मेले में विभिन्न प्रकार की खाने-पीने की दुकानें, चाट, स्नैक्स एवं विभिन्न प्रकार के मनमोहक झूलों का अभिभावकों एवं बच्चों ने भरपूर आनंद लिया। विद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 के रैंक होल्डर्स सर्वश्रेष्ठ अभिभावकों एवं 100 अटेंडेंस प्राप्त छात्रों एवं शिक्षकों को मुख्य अतिथियों द्वारा ट्रॉफी और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। शिक्षकों को भी उनकी असाधारण निष्ठा और समर्पण के लिए विशेष रूप से सराहा गया। अंत में मैनेजिंग डायरेक्टर मयंक शुक्ला ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि एमडीपीएश के सभी शिक्षक और विद्यार्थी अनुशासन की मिसाल हैं। कई शिक्षक ऐसे भी हैं, जिन्होंने सौ फीसद उपस्थिति के साथ विद्यालय और विद्यार्थियों के प्रति अपनी पूर्ण निष्ठा दिखाई है। हमारे अभिभावकों ने भी कठिन परिस्थितियां चाहे कड़ाके की ठंड हो या तेज बारिश में अपने बच्चों को विद्यालय भेजकर शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता सिद्ध की है। आपकी समर्पित भावना सराहनीय है। हमारे बच्चों , अभिभावकों एवं शिक्षकों की लगन और अनुशासन से एक दिन एमडीपीएस का परचम पूरे भारत में लहराएगा। एमडीपीएस केवल एक विद्यालय नहीं, बल्कि संस्कारों और शिक्षा की पावन धरा है, और आपका प्रेम एवं विश्वास हमें निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। आप सभी की उपस्थिति ने आयोजन को और भी गौरवशाली बना दिया है। इस अवसर पर पुरुषोत्तम नारायण शुक्ल, मुन्नी शुक्ला एवं प्रभात शुक्ला ने अपने आशीर्वचन से सभी को प्रेरित किया और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। यह आयोजन एमडीपीएस परिवार के लिए एक अविस्मरणीय क्षण बन गया। जहां शिक्षा, संस्कृति और मनोरंजन का अद्भुत समागम देखने को मिला। विद्यालय की समस्त कॉर्डिनेटर्स, शिक्षकगण एवं सभी शिक्षिकाओं ने अपने कार्य एवं सुझावों से कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने का सफल प्रयास किया।

## महिला का घर में मिला शव,सिर और गले में चोट के निशान

स्वतंत्र भारत संवाददाता उन्नावः एक महिला की संदिग्ध स्थिति में मौत होने का मामला सामने आया है। किशुनीखेड़ा गांव में रविवार को दोपहर 45 वर्षीय सुनीता का शव उनके घर में मिला। मृतका के सिर और गले पर गंभीर चोट के निशान पाए गए हैं। पुलिस के मुताबिक सुनीता पिछले 10 साल से अकेली रह रही थी। उनके एक बेटी काजल और बेटा साजन है। स्थानीय लोगों ने शव को देखने के बाद पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसपी दीपक भूकर ने घटनास्थल का निरीक्षण किया उन्होंने बताया कि मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है। पुलिस घेरलू विवाद समेत अन्य पहलुओं की जांच कर रही है।

## बांगरमऊ में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर 25 मई तक डायवर्जन

**गंगा एक्सप्रेसवे के इंटरचेंज निर्माण के लिए डेढ़ किमी लेन बंद, गूगल मैप पर नहीं दिख रहा अपडेट**

स्वतंत्र भारत संवाददाता उन्नावः जिले के बांगरमऊ तहसील में एक महत्वपूर्ण निर्माण कार्य चल रहा है। गंगा और आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे को जोड़ने के लिए इंटरचेंज का निर्माण किया जा रहा है। इस कारण आगरा से लखनऊ जाने वाली लेन पर डेढ़ किलोमीटर का डायवर्जन लगाया गया है। यूपीडा के इंजीनियर नवीन कुमार ने बताया कि डायवर्जन शादीपुर गांव के सामने किलोमीटर संख्या 252 से 253, 600 तक है। इंटरचेंज निर्माण के लिए एक्सप्रेसवे की एक लेन को बंद कर दिया गया है। वाहनों का आवागमन दूसरी लेन से हो रहा है। मेरठ-प्रयागराज गंगा एक्सप्रेसवे बांगरमऊ क्षेत्र के शादीपुर और गौरियाकला गांव के बीच से गुजर रहा है। यहीं पर दोनों एक्सप्रेसवे एक -दूसरे को क्रांस कर रहे हैं। इस स्थान पर इंटरचेंज का निर्माण 25 मई तक चलेगा। वर्तमान में एक बड़ी समस्या यह है कि गूगलमैप पर डायवर्जन का कोई संकेत नहीं दिख रहा है। मैप बंद लेन को खुला दिखा रहा है। इससे चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अचानक बैरियर देखकर ब्रेक लगाने से वाहन लड़खड़ा रहे हैं। यूपीडा ने डायवर्जन प्वाइंट से एक किलोमीटर पहले से संकेतक और रिफ्लेक्ट स्टिकर लगाए हैं। आगरा से लखनऊ की ओर रोजाना की ओर लगभग तीस हजार छोटे-बड़े वाहनों का आवागमन होता है। पहले लेन का काम पूरा होने के बाद लखनऊ से आगरा की तरफजाने वाली लेन पर काम शुरू होगा।

# कानपुर देहात समाचार



## मेला में जबरन वसूली के विरोध पर दुकानदार की पिटाई

**घायल दुकानदार व उसके साथी का पुलिस ने कराया मेडिकल परीक्षण, ग्राम प्रधान व उसके साथियों पर अवैध वसूली करने का लगा आरोप**

**रसूलाबाद कानपुर देहात।** पौराणिक मेला लाला भगत में ग्राम प्रधान व उसके साथियों को फ्री में चाट खिलाने से मना करने से उत्तेजित उसके साथियों द्वारा की गई पिटाई से दुकानदार व उसके एक साथी के गम्भीर चोटें आई ।पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया । थाना रसूलाबाद में दिए गए प्रार्थना पत्र में मेला में चाट का ठेला लगाए दुकानदार जीतू कुशवाहा ने कहा कि वह मेला में चाट का ठेला लगाए था तभी ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार अपने पांच छै लाठी डंडा व धारदार हथियार लिए समर्थको सहित मेरी दुकान पर आए और भद्दी भद्दी गालियां देते हुए जान माल का भय दर्शाकर और गम्भीर चोटें आने के भय में डाल कर अवैध वसूली करने के साथ चाट चाउमीन खाने लगे जब उसने विरोध किया तो उपरोक्त सभी ने जान से मारने की नीयत से बेलचा से प्राण घातक हमला कर मारपीट चालू कर दी जिससे उसके सर में गम्भीर चोटें आई है । आरोप है कि दुकान में लूटपाट भी शुरू कर दुकान का सारा सामान फेंक दिया और दुकान में रखे बारह सौ रुपये की नगदी भी लूट ले गए। शिकायती पत्र में कहा गया कि मेरे रोने चिल्लाने की आवाज पर मुझे बचाने आये अनुभव चौरसिया को भी बुरी तरह मारा पीटा । पुलिस ने बताया कि शिकायती पत्र की जांच कर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जाएगी । मेला में अन्य दुकानदारों ने बताया कि ग्राम प्रधान आये दिन अपने साथियों के साथ मेला में घूम घूम कर ग्राम समाज की भूमि के नाम पर जबरन वसूली कर रहा है ।

## ललाट पर शीतल चंदन का लेप और रोली तिलक लगाकर मनाया गया भारतीय नव वर्ष

**माती कानपुर देहात** रविवार को जिले में भारतीय नववर्ष बेहद ही श्रद्धाभाव से मनाया गया चैत्र नवरात्र का प्रथम दिवस होने के चलते भारतीय नववर्ष की चहुं ओर धूम मची रही अकबरपुर में हाईवे ब्रिज अंडरपास पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा शिविर आयोजित करने वालों के मस्तक पर शीतल चंदन का लेप और रोली तिलक लगाकर भारतीय नव वर्ष की शुभकामनाएं प्रदान कीए इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह गुड्डन ने भी पहुंचकर अन्य को लोगों की ललाट पर चंदन का लेप और रोली तिलक लगाया। पश्चात् शैली से इतर इस वर्ष अकबरपुर में भारतीय नव वर्ष की हार ओर धूम मची दिखाई दीए प्रत्येक वर्षों की भांति जहां बजरंग दल विश्व हिंदू परिषद के युवाओं ने हाईवे ब्रिज अंडरपास के समीप एकत्र होकर आवागमन करने वालों की ललाट पर शीतल चंदन का लेप और रोली तिलक लगाकर भारतीय नव वर्ष की बधाई दी तो वही नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह गुड्डन ने भी पूरा समय मौजूद रहकर फल वितरित करते हुए लोगों को भारतीय नव वर्ष की शुभकामनाएं प्रदान की इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह गुड्डन द्वारा कहा गया कि भारतीय नव वर्ष की शुरुआत प्रतिवर्ष क्षेत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से होती है उन्होंने कहा कि इस स्थिति पर ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी इसी वजह से इस दिन को भारतीय नव वर्ष के रूप में मनाया जाता है उन्होंने कहा कि 30 मार्च से प्रारंभ हो रहा है भारतीय नव वर्ष का सनातन धर्म में विशेष और अधिक महत्व माना जाता है उन्होंने सभी से आवाहन किया कि अब वह समय आ गया है जब हम हिंदू राष्ट्र की ओर अग्रसर हैं ऐसे हमें चाहिए कि हम पूरी तरह पाश्चात्य सभ्यता को छोड़कर सनातन के संदेश को जीवन में उतर कर काम करना प्रारंभ करें जिससे हम एक बार फिर विश्व गुरु कहलन के हकदार बन सके कार्यक्रम के दौरान विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला मंत्री कमलेश राजावत विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष अखिलेश द्विवेदी विभाग मंत्री धर्मेंद्र द्विवेदी जिला उपाध्यक्ष राज रावत बजरंग दल के प्रखंड संयोजक हिमांशु कश्यप पवन अग्निहोत्री गौ रक्षक विवेक राजपूत धर्मेंद्र पासवान अंशु राजपूत सोनू राजपूत सहित अन्य को लोग मौजूद रहे।



## अकबरनगर विकास खण्ड मलासा में सम्पन्न हुआ सामूहिक विवाह कार्यक्रम



**माती कानपुर देहात** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मा0मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत जनपद कानपुर देहात में आज दिनांक 30 मार्च 2025 को कुल 18 ;अनुसूचित जाति के 12ए अन्य पिछड़ा वर्ग के 04ए सामान्य वर्ग के 01ए अल्पसंख्यक वर्ग के 01द्ध जोड़ों का सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन ग्राम अकबरनगर विकास खण्ड मलासा में सम्पन्न कराया गया। स्वतंत्र पासवानए अध्यक्ष क्षेत्र पंचायत मलासाए ग्राम प्रधान गिरदौ हरजीत सिंह यादव द्वारा कन्याओं का कन्यादान किया गया है एवं अपनी तरफ से प्रत्येक जोड़े को भेंट प्रदान की गयी। कार्यक्रम का आयोजन जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देशन में सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी की देखरेख में सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम में विकास खण्ड मलासा के विभिन्न ग्राम प्रधानों द्वारा प्रतिभाग किया गया एवं वर.वधू को आशीर्वाद दिया गया। ग्रामवासियों द्वारा सामूहिक विवाह कार्यक्रम में हर्ष उल्लास के साथ प्रतिभाग किया गया एवं महिलाओं द्वारा मंगल गीत गायन किया गया।

## बिना किसी भेदभाव के प्रत्येक वार्ड का होगा विकासयय वारसी

**माती कानपुर देहात** अकबरपुर नगर पंचायत के सभासदों ने पूर्व सांसद अनिल शुक्ल वारसी से आवास पर पहुंचकर सम्मानित किया और नगर के विकाश के संबंध मे विस्तार से चर्चा की इस मौके पर भाजपा सभासद जनो ने अपने अपने वार्डो में विकाश कार्य भी कराए जाने पर चर्चा की इस पर पूर्व सांसद ने आए हुए सभासदों से स्पष्ट शब्दों में कहा कि किया आपके वार्डो के साथ.साथ अकबरपुर नगर पंचायत में मंत्री प्रतिभा शुक्ला के द्वारा हर संभव प्रयास करके विकास की गंगा दिखेंगी विकास कार्य के नाम पर किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरती जाएगी जैसा की योगी सरकार में किसी के साथ भय का माहौल पैदा नहीं होने दिया जाएगा आप लोग निश्चिंत होकर जाइए आपका वार्ड में समुचित विकास कार्य करवाया जाएगा इस मौके पर सभासद सुनील राजपूत एबबलू भारतीए शिव सिंह नायकए रामपाल नायक ने पूर्व सांसद अनिल शुक्ला वारसी का आभार प्रकट किया।

## पती सहित 7 पर महिला ने लिखाया मुकदमा

**माती कानपुर देहात** मंगलपुर थाना क्षेत्र के चक्के पुरवा निवासी एक महिला ने पति सहित सात लोगों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज करवाया है। रूरा थाना क्षेत्र के सराय गढ़ेवा निवासी कोमल देवी ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी 20 मई 2020 को मंगलपुर थाना क्षेत्र के चक्के पुरवा निवासी बृजेंद्र के साथ दान दहेज से संपन्न हुई थी ।आरोप है कि शादी के बाद से ससुराल के लोग कम दहेज मिलने का ताना मारते हुए उत्पीड़न करने लगे। कई बार समझौता भी हुआ लेकिन उत्पीड़न बंद नहीं हुआ। ससुराल के लोग ने शादी के बाद से ही मायके से एक लाख रुपए नगद व सोने की जंजीर लाने का दबाव बनाया। मांग पूरी न होने पर ससुराल के लोग उत्पीड़न करते रहे। वही 10 मार्च 2025 को ससुराली जनों ने उसके साथ मारपीट की व घर से निकाल दिया ।पीड़िता ने पति बृजेंद्र सास सरमन देवीए जेठ बृजेश एननद संगीता व छोटी नंदोई राकेश व राहुल के विरुद्ध शिकायती पत्र दिया ।पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू की है।

## करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने जलाया सपा सांसद का पुतला

**माती कानपुर देहात।** राजपूत करणी सेना के जिलाध्यक्ष प्रवीण सिंह गौर के नेतृत्व में सपा सांसद सुमन का पुतला फूंक नारेबाज़ी की गई।कार्यकताओ ने जूते की माला पहनाकर नारेबाजी करते हुए शिवली कोतवाली क्षेत्र के केसरी निवादा राम गंगा नहर पुल पर पुतला फूंक आक्रोश जाहिर किया। राजपूत करणी सेना के जिला अध्यक्ष प्रवीण सिंह गौर ने बताया कि सपा कार्यकर्ता हिंदू और सनातन धर्म को निशाना बना रहे हैं।उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप राणा सांगा और पृथ्वी चौहान जैसे पूर्वजों के खिलाफ कोई भी टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जाएगी । सपा सांसद राम जी लाल सुमन द्वारा राजपूत करणी सेना के सैकड़ो लोगों पर कातिलाना हमला कराया है।जिसका आगामी समय में मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। इस मौके पर रामराज सिंह तोमर भोला ठाकुर संदीप भदौरिया अनिल तोमर अक्षय तोमर अजय सिंह के पी तोमर आलोक सिंह हितेंद्र ठाकुर विशाल सिंह शिवमोहन ठाकुर सिकन्दर राजपूत समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे ।



स्वतंत्र भारत

कानपुर, सोमवार , 31 मार्च 2025 | 3

# कानपुर महानगर




# भगवान भास्कर को नमन कर भव्य रूप से हुआ हिंदू नव वर्ष का वेलकम

**■ शिव तांडव व मां स्तुति नृत्य के साथ हुई मां गंगा की आरती**



कानपुर। गंगा बैराज स्थित अटल घाट पर कानपुर स्कूल एसोसिएशन के तत्वावधान में हिंदू नव वर्ष का भव्य रूप से स्वागत हुआ। सूर्य उदय होते ही ध्रुपद गायन व वाद्य यंत्रों की थाप के बीच जोरदार आतिशबाजी की गई। घाट पर मौजूद लोगों ने मंत्रोच्चारण के बीच अर्घ्य देकर सूर्य देवता को नमन किया और नव संवत्सर 2028 के पहले दिन सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। आयोजन में करीब दो हजार लोग शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 5.20 पर हुई, जिसमें भजन गायिका मनीष सिंह राजावत ने भजनामृत की प्रस्तुति दी। इसके बाद 5.40 से 5.55 बजे तक 121 बटुकों ने भगवान भास्कर का मंत्रोच्चारण किया और फिर 5.55 बजे से राष्ट्रपति सम्मान से सम्मानित ध्रुपद गायक पंडित विनोद कुमार द्विवेदी व आयुष द्विवेदी ने अपने 101 शिष्यों के साथ ध्रुपद शैली में सूर्य मंत्र की प्रस्तुति से भगवान भास्कर का आह्वान किया। सुबह 6.02 बजे भगवान भास्कर के प्रकट होते ही शंख ध्वनि व नासिक से मंगाए गए हुए ढोल के साथ जल स्तुति की।

इसके बाद ध्रुपद धारा की प्रस्तुति 101 कलाकारों ने मंगल शुभ पावन नूतन वर्ष आज, ओम नमो भगवते वासुदेवाय...की प्रस्तुति देकर सभी को भाव-विभोर कर दिया। पखावज पर पुणे के मनोज सोलंकेव वीणा पर वाराणसी के निर्मल सैनी संगत में रहे। इसके बाद शिव तांडव व मां स्तुति नृत्य के साथ मां गंगा की आरती हुई । घाट पर 101 ध्रुपद गायकों के एक साथ एक मंच पर प्रस्तुतियां दी।

पूरा घाट जयकारों से गूंज उठा। संस्था के संरक्षक डॉ संजय कपूर ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन अनुराग सक्सेना ने किया। यहां एसोसिएशन के अध्यक्ष अजित अग्रवाल, महामंत्री पं कृष्ण कुमार दुबे मुन्ना, कोषाध्यक्ष प्रतीक श्रीवास्तव, अमरनाथ, आशीष सचान, विनय आनंद, अनूप जैन, गुड्डन दीक्षित, सीमा जैन, मनोज चौरसिया, उपेंद्र यादव, सौरभ श्रीवास्तव मौजूद रहे।

## ढोल-नगाड़े की थाप पर शंखनाद के साथ फहराई गई धर्म ध्वजा

**-हिंदू नव वर्ष के शुभारंभ पर आनंदेश्वर मंदिर में हुआ गुडी पर्व का आयोजन**



कानपुर। हिंदू नव वर्ष के शुभारंभ के मौके पर आनंदेश्वर मंदिर में गुडी पर्व का आयोजन किया गया। इस दौरान बाबा शिव का विशेष श्रृंगार किया गया। साथ ही धर्म ध्वजा फहराई गई। मंदिर के महंत अरुण भारती ने बताया कि सनातन संस्कृति की विरासत को बढ़ावा देने के लिए आयोजन किया है। आज के ही दिन भगवान ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना की थी। हिंदू संवत्सर 2082 के शुभारंभ के मौके पर आनंदेश्वर मंदिर में ढोल-नगाड़े की थाप, शंखनाद के साथ धर्म ध्वजा फहराई गई। धर्म ध्वजा को गुलाब, गेंदा, चमेली के फूलों व लाल कपड़े सजाया गया। जूना अखाड़ा के महंत अरुण भारती, अवधेशानंद महाराज, अत्रीवन महाराज ने विधि-विधान से पूजा कर धर्म ध्वजा को स्थापित किया। महंत अरुण भारती ने बताया कि आज के दौर में युवा अंग्रेजी नव वर्ष मनाता है, सनातनी परंपरा के अनुसार आज ही दिन से हिंदू नव वर्ष का शुभारंभ हुआ। दक्षिण भारत में इस पर्व को गुडी पर्व के रूप में मनाया जाता है। सनातन परंपरा को बढ़ावा देने के लिए यह आयोजन मंदिर में किया गया है। ज्योतिष और वैज्ञानिक गणना के अनुसार हिंदुओं के नए वर्ष की तिथि से ही ग्रहों का चलन होता है। नया विक्रम संवत रविवार से शुरू हुआ है, इसलिए इस साल के राजा सूर्य देव, मंत्री और सेनापति का पद भी सूर्य देवता को ही मिलेगा। हिंदू नव वर्ष पर सभी सनातनी को अपने घर पर धर्म ध्वजा स्थापित कर लोगों को शुभकामनाओं का संदेश देना चाहिए। इस मौके पर जूना अखाड़ा मीडिया प्रभारी आशुतोष कुमार अंश, आचार्य प्रमोद शास्त्री, कीर्ति अग्निहोत्री, अजय पुजारी, संजय पुजारी, सत नारायण गिरी महाराज अभय मिश्रा, जीतू बाजपेई मौजूद रहे।

## आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर हुई श्री अन्न जागरूकता अभियान की शुरुआत



**■ 11 परिवारों को श्री अन्न की टोकर भेंट कर किया गया जागरूक**

**कानपुर।** आरएसएस के शताब्दी वर्ष से जुड़कर पीएम मोदी के आवाहन पर स्वस्थ जीवन-खाये श्री अन्न के नारे के साथ एक नये श्री अन्न जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई। इसी के तहत रविवार को भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्र के नेतृत्व में अभियान शुरू की गई। संघ कार्यालय में प्रांत प्रचारक को श्री अन्न के ज्वार, बाजरा, मक्का व रागी का आटा भेंट किया गया। इसके बाद 11 परिवारों को श्री अन्न की टोकरी भेंट कर उन्हें स्वास्थ्य लाभ और मोटापा कम करने के बारे में जागरूक किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से वर्ष 2023 में संयुक्त राष्ट्र के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष मनाया गया। इसमें दुनिया के 72 देशों को शामिल किया गया। उस वर्ष देश के सभी सरकारी आयोजनों में श्री अन्न का भोजन दिया गया। 2023 से 2024 तक श्री अन्न का आटा मुफ्त बांटकर लोगों को जागरूक किया गया। अब 2025 में आरएसएस के शताब्दी वर्ष में संघ के आयोजनों के माध्यम से इस अभियान को आगे बढ़ाया जाएगा। साथ ही प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर को श्री अन्न दिवस घोषित करने की मांग को लेकर राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा गया है।

## नवरात्रि के पहले दिन मां दुर्गा के जयकारों से गुंजयमान हुए मंदिर

**■ भोर पहर से सोलह श्रृंगार की थाली लिए महिलाओं की उमड़ी भीड़**



**कानपुर।** चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से प्रारंभ होने वाले नवरात्रि पर्व की शुरुआत धूमधाम से हुई। शहर के सभी छोटे-बड़े देवी मंदिरों में सुबह भोर पहर से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लग गई। मां दुर्गा के जयकारों के साथ मंदिर में गुंजायमान होते रहे। हाथों में मां के सोलह श्रृंगार की सामग्री, प्रसाद की थाली लिए महिलाएं घंटों लाइन में लगी रहीं, लेकिन उनके उत्साह में कोई कमी नजर नहीं आई। भक्तों ने धूप, दीप प्रज्जवलित कर मां भगवती की आरती उतार कर परिवार की सुख- समृद्धि और कल्याण की कामना की।

बिरहाना रोड स्थित तपेश्वरी देवी, बुद्धा देवी, जूही स्थित मां बारादेवी, किदवई नगर स्थित जंगली देवी, दामोदर नगर स्थित मां वैष्णो देवी, गोविंद नगर स्थित दुर्गा मंदिर में श्रद्धालुओं की आस्था का सैलाब देखने को मिला। हाथों में लाल चुनरी, चूड़ियां, सिंदूर, बिंदी, काजल, बिछिया, इत्र, मांगटीका समेत 16 श्रृंगार का सामान लिए महिलाएं जयकारे लगाती हुई मंदिर पहुंची। घंटों तक लाइन में लगने के बाद श्रद्धालुओं ने मां शैलपुत्री के स्वरूप की विधि विधान से पूजा के बाद भोग लगाया। मनोकामना मांग श्रद्धालुओं ने मां के दरबार मे चुनरी की गांठ लगाई। हाथी पर विराजमान होकर मानव कल्याण के लिए धरती पर आई मां दुर्गा की नौ दिनों तक उपासना से साधक की सभी समस्याएं समाप्त होती हैं, घरों में सुबह शुभ मुहूर्त में मिट्टी के पात्र में कलश स्थापना के साथ हवन-पूजन किए गए। महिलाओं ने पान सुपारी अर्पित कर मां को विराजमान होने के निमंत्रण दिया। इसके बाद अखंड ज्योति जलाकर दुर्गा सप्तशती का पाठ किया। साथ ही लौंग-कपूर का दीप प्रज्जवलित कर मां भवानी की आरती उतारी।

**सीसीटीवी कैमरे से की जा रही निगरानी**

देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बेरीकेडिंग की व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए सभी मंदिरों से सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है। इसके साथ ही भीड़ को नियंत्रित करने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती के साथ स्काउट गाइड वालंटियर्स भी तैनात किए गए हैं।

**घरों में भी लोगों ने किया कलश स्थापित**

नवरात्र के पहले दिन लोगों ने अपने घरों में भी विधि-विधान से कलश स्थापित किया। इसके बाद श्रद्धालु मंदिरों में दर्शन करने के लिए पहुंचे। वहीं अष्टमी और नवमीं के दिन लोग अपने घरों में हवन-पूजन करने के बाद कन्या भोज किया जाएगा।

## संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, हत्या का आरोप

**-मायके पक्ष ने गला दबाकर हत्या किए जाने का लगाया आरोप**

**-पति समेत तीन लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस कर रही पूछताछ**



कानपुर। रविवार सुबह सेन पश्चिम पारा में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पति का कहना है कि पत्नी ने फांसी लगाई है, जबकि मायके पक्ष ने हत्या का आरोप लगाया है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने पति समेत तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

कृष्ण विहार निवासी मनोज तिवारी की 28 वर्षीय बेटी रिचा द्विवेदी की शादी 13 दिसंबर 2022 को द्विवेदी नगर गल्लामंडी निवासी सेवानिवृत्त दरोगा हरिशंकर के इकलौते बेटे दीपक उर्फ हिमांशु से हुई थी। जिनसे डेढ़ साल बेटी शाम्भवी है। रविवार सुबह रिचा का संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे पर शव लटकता मिला। पति दीपक ने पत्नी रिचा के मायके में फांसी लगाकर आत्महत्या करने की जानकारी दी। यह सुन लोगों के होश उड़ गए। रिचा के शिक्षक भाई नीलेश और मध्यप्रदेश में तैनात एयरफोर्स कर्मी भाई अखिलेश ने बताया कि वह लोग सूचना पर मौके पर पहुंचे, जहां बहन का शव नीचे रखा था। आरोप है कि जिस पंखे में फांसी लगाने की बात कही जा रही है, उसमें धूल जमी थी। उन लोगों ने गला दबाकर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम बुलाकर मौके में जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। भाई नीलेश के अनुसार शादी के बाद से ससुरालीजन बहन के साथ कम दहेज का ताना मारकर आए दिन मारपीट करते थे। सबसे ज्यादा बेटी पैदा होने के बाद ज्यादा प्रताड़ित करने लगे थे। इस बात को उसने कई बार फोन पर पिता और भाई को बताया था। वहीं पति दीपक ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि रविवार सुबह नींद खुलने पर डेढ़ वर्षीय बेटी उनके बगल में लेटी हुई थी। जबकि रिचा पंखे के कुंडे में दुपट्टे के सहारे फंदे पर लटकी थी। घर के अन्य लोगों को बताकर फंदे से नीचे उतारकर निजी अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सेन पश्चिम पारा थाना प्रभारी कुशलपाल सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पति समेत तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।


## 1 से 5 अप्रैल के बीच आकर्षक डील्स का उठाएं लाभ

कानपुर। स्प्री समर एडिशन के साथ अमेज़न.इन अपने होम शॉपिंग वापस आ गया है। यहां ग्राहक एयर कूलर, रिक्लाइनर, वैक्यूम क्लीनर, पानी की बोतलें, पर्दे आदि जैसे होम किचन और आउटडोर उत्पादों पर आकर्षक डील्स का लाभ उठा सकते हैं। ग्राहक 1 से 5 अप्रैल 2025 के बीच ल्यूमिनस, नरवाल, बजाज, द बेटर होम जैसे शीर्ष और सबसे पसंदीदा ब्रांडों के उत्पादों पर शानदार डील्स का आनंद ले सकते हैं। अपने साल की सबसे कम कीमतों के साथ घर को गर्मी के लिए तैयार करने का ये शानदार मौका हरगिज न चूकें।


## प्रेम प्रसंग के चलते आईटीआई छात्र ने दी जान

**कानपुर।** आज से मेरा तुम्हारा कोई संबंध नहीं है। न ही आज के बाद तुमसे कोई लेना देना है। ये मैसेज इलाके की एक युवती के वाट्सएप पर भेजते ही आईटीआई कर रहे छात्र ने फांसी लगाकर जान दे दी। मां ने बेटे का शव फंदे पर लटकते देखा तो चीखपुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फजलगंज थाना क्षेत्र के दर्शनपुरवा निवासी हिमांशु पांडेय का आईटीआई में फिटर से फाइनल ईयर था। इसके अलावा वह ईवेंट आर्गेनाइजर का काम करता था। परिवार में बड़ा भाई अनमोल पांडेय यूट्यूब में कथाओं के वीडियो शूट करता है। मां पुष्पा पांडेय गृहिणी हैं। वहीं पिता मनोज पांडेय का 2024 में देहांत हो चुका है। बड़े भाई ने बताया कि हिमांशु ने शनिवार देर शाम दुपट्टे से फांसी लगाकर जान दे दी। जब मां कमरे में गई तो देखा कि उसका शव फंदे से लटक रहा है। बताया कि हिमांशु को इलाके की रहने वाली एक युवती ने अपने प्रेमजाल में फंसा लिया था। आरोप लगाया कि घटना से पहले युवती ने छोटे भाई के मोबाइल पर वाट्सएप में मैसेज भेजे। इसके बाद उसने तनाव में आकर मौत को गले लगा लिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने जांच शुरू की। पुलिस मृतक का फोन कब्जे में लेकर जांच कर युवती के बारे में पता लगा रही है।

## प्रधानमंत्री ने टेक्सटाइल कचरे से बढ़ती चुनौती पर दिया जोर

**■ 20,845 बूथों पर आयोजित किया गया मन की बात कार्यक्रम**

**■ भाजपाइयों ने तिलक लगाकर दी हिंदू नवसंवत्सर की शुभकामनाएं**



कानपुर। भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के 20,845 बूथों पर मन की बात कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भाषण भाजपाइयों ने बहुत ध्यान से सुना। आवंटित बूथों पर बूथ समिति के सदस्यों ने हिंदू नवसंवत्सर एवं नवरात्र पर रोली-चंदन का तिलक लगाकर एक-दूसरे को शुभकामनाएं भी दी गई। रेडियो शो मन की बात के माध्यम से प्रधानमंत्री ने भारत में टेक्सटाइल कचरे से बढ़ती चुनौती पर जोर दिया। पीएम मोदी ने टेक्सटाइल कचरे के मुद्दे पर बोलते हुए कहा कि भारत इस क्षेत्र में एक बड़ी चुनौती का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस समस्या से निपटने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की जानी चाहिए। आजकल लोग पुराने कपड़े जल्दी फेंक देते हैं और नए खरीदने की आदत बढ़ गई है। पीएम मोदी ने आगे सवाल किया कि क्या आपने कभी सोचा है कि पुराने कपड़ों का क्या होता है जिन्हें हम पहनना बंद कर देते हैं।

उन्होंने बताया कि ये कपड़े कचरे में बदल जाते हैं। इसके बारे में किए गए शोध में यह बात सामने आई है कि दुनिया में बहुत कम कपड़ा कचरे को ही नए कपड़ों में बदला जाता है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा देश है, जहां सबसे अधिक कपड़ा कचरा उत्पन्न होता है। कार्यक्रम में क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, संयोजक अनूप अवस्थी, सांसद रमेश अवस्थी, महापौर प्रमिला पांडे, क्षेत्रीय महामंत्री पूनम द्विवेदी, अनीता गुप्ता, पवन प्रताप सिंह, सुनील तिवारी, आनंद राजपाल, जिला अध्यक्ष शिवराम सिंह, उपेंद्र पासवान, अनिल दीक्षित, विधायक सुरेंद्र मैथानी समेत अन्य मौजूद रहे।

## खबर एक नजर

### चांद का दीदार कर लोगों ने गले मिलकर दी ईद की बधाई

**कानपुर।** चांद के दीदार का इंतजार और रमजान की नेकियां और इबादत के बाद सभी मुसलमान ईद की खुशियों को मनाने का बेताबी से इंतजार कर रहे थे। रविवार शाम जैसे ही चांद का दीदार हुआ लोग गले मिलकर एक दूसरे को ईद की बधाई देने लगे। शहर की अलग-अलग मस्जिदों पर चांद के दीदार के लिए लोग पहुंचे। चांद दिखने की तस्दीक के साथ ही फोन पर एक दूसरे को बधाई देने का सिलसिला शुरू हुआ। मगरिब की नमाज के बाद रोजेदारों ने रोजा खोलकर जैसे ही चांद देखा, उनके चेहरे खिल उठे। लोग एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद गले मिलकर देने लगे। जैसे ही ईद का चांद हुआ आसमानों में रंग बिरंगी आतशबाजियां भी शुरू हो गई। पटाखे की आवाज ईद के चांद दिखने के बाद सुनाई देने लगी। मुस्लिम इलाकों की गलियों से लेकर चांद के दीदार करने वाली छतों पर भी लोग एक दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद देते हुए नजर आए। सोमवार बड़ी ईदगाह बेनाझाबर में ईद की नमाज दो शिफ्टों में अदा की जाएगी। कमेटी ने 250 वालेंटियर लगाए जाने का फैसला लिया है, ताकि कोई भी सड़क पर नमाज के लिए न बैठे। ईदगाह में ईद की नमाज ईदगाह के अंदर की अदा की जाएगी। अगर कोई भी सड़क पर मुसल्ला भी बिछाएगा, तो वो खुद जिम्मेदार होगा। ईदगाह कमेटी की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। उस पर प्रशासन कार्रवाई भी कर सकता है। बड़ी ईदगाह कमेटी के सदस्य शारिक नवाज ने पहले ही ये एक कॉन्फ्रेंस कर ऐलान कर दिया है। सोमवार को बड़ी ईदगाह बेनाझावर में दो शिफ्ट में ईद की नमाज अदा की जाएगी। पहली शिफ्ट की नमाज सुबह 8 बजे होगी। दूसरी शिफ्ट की नमाज सुबह 9.30 बजे होगी। लोगों से खास तौर से अपील की गई हैए कि जिन लोगों को पहली शिफ्ट में नमाज अदा करनी है। वह घरों से जल्दी निकले।


### ट्रू ड्यूरेबल चैंपियन ओप्पो ने पेश की एफ29 सीरीज़

**भारत में टेस्टेडए भारत के लिए निर्मित . ओप्पो एफ29 सीरीज भारत में पेश**

**कानपुर।** ट्रू ड्यूरेबल चैंपियन ओप्पो इंडिया ने एफ29 सीरीज़ पेश की है। यह ड्यूरेबल स्मार्टफोन और विश्वसनीय नेटवर्क प्रदान करती है। भारत में टेस्टेड और भारत के लिए निर्मित एफ29 सीरीज़ में विश्व स्तरीय इंजीनियरिंग, मिलिट्री-ग्रेड की मजबूती, बेहतर कनेक्टिविटी और शक्तिशाली बैटरी परफॉरमेंस का बेहतरीन मिश्रण है। ओप्पो इंडिया के हेड, प्रोडक्ट कम्युनिकेशंस सैवियो डिसूज़ा ने कहा ओप्पो एफ 29 सीरीज़ भारत के लिए निर्मित है। उद्योग में सर्वश्रेष्ठ आईपी रेटिंग और मिलिट्री-ग्रेड की मजबूती के साथ हमारा जबरदस्त हंटर एंटीना और शक्तिशाली बैटरी, ये सभी विशेषताएं भारत में सड़क पर चलने वालों के लिए विकसित की गई हैं। इस सारे विशिष्ट फीचर्स को एक स्लिम, स्टाइलिश डिवाइस में पैक किया गया है, जो इस सेगमेंट में एक नया कीर्तिमान स्थापित करती है।


### वार्ड-65 में 14 समरसिबल कार्य का हुआ भूमि पूजन

कानपुर। नौबस्ता के वार्ड-65 के पार्षद योगेन्द्र शर्मा ने 14 समरसिबल पम्प लगवाने का पूजन कार्य दामोदर नगर क्षेत्र के सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल के पास किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक महेश त्रिवेदी एवं भाजपा पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष रमाकांत शर्मा ने भूमि पूजन कर शुभारंभ किया। विधायक महेश त्रिवेदी ने कहा कि बढ़ती आबादी और पेयजल की समस्या को देखते हुए वार्ड 65 क्षेत्र में 14 अलग-अलग क्षेत्र में समर्सिबल पम्प लगाकर टंकी रखने का कार्य किया जा रहा है। वहीं जिलाध्यक्ष रमाकांत शर्मा ने बताया कि भाजपा सरकार में सभी वर्गों का ध्यान रखा जा रहा है। सड़क पेयजल विद्युत सहित अन्य मुद्दों पर कार्यकर्ता जमीनी धरातल पर कार्य कर समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। मौजूदा समय में तभी प्रदेश के किसान व्यापारी युवा महिला सहित निर्धन लोगों के चेहरों पर मुस्कान है। पार्षद योगेन्द्र शर्मा ने कहा कि वार्ड 65 को मॉडल वार्ड बनाना उनका लक्ष्य है तथा अभी तक उनके द्वारा वार्ड 65 में जितने भी कार्य किए गए वो अपने आप में ऐतिहासिक हैं। इस मौके पर मुख्य रूप से महामंत्री एल बी सिंह पटेल, मंडल अध्यक्ष बिट्टू परिहार, नीलम गुप्ता, अर्चना मिश्रा, अमित तिवारी, विकास मेहरोत्रा, विजय वर्मा, राजीव गुप्ता, अनिल शर्मा, राजीव चक्रवर्ती समेत कई लोग मौजूद रहे।

## मकान के विवाद में पड़ोसी ने घर में घुसकर की मारपीट, पथराव

**■ -कार हुई क्षतिग्रस्त, 29 लोगों पर दर्ज हुआ मुकदमा**

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**कानपुर।** मकान के निर्माण कार्य के विवाद में पड़ोसी ने अपने साथियों के साथ युवक के घर पर हमला बोलते हुए पथराव किया। जिससे उनकी कार का शीशा टूट गया। पीड़ित ने मामले में हनुमंत विहार थाने में तहरीर दी। इसके आधार पर पुलिस ने 29 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

हनुमंत विहार संजय गांधी नगर निवासी ललित बाजपेई ने बताया कि वह अपने घर में निर्माण कार्य करा रहे थे। 29 मार्च की दोपहर 12 बजे पड़ोस में रहने वाले प्रशांत सचान, उसका भाई मयंक व उसके पिता सुशील सचान ने निर्माण कार्य रुकवाने के लिए डायल 112 को बुला लिया। मौके पर पुलिस पहुंची और ललित बाजपेई से एक तरफ का काम रुकवाने और दूसरी तरफ जारी करने की बात कही।

साथ ही उनसे कहा कि वो एक प्रार्थना पत्र चौकी पर देने के लिए कहा। ललित ने बताया कि उसी दिन शाम को लगभग 6 बजे प्रशान्त सचान, उनके पिता सुशील सचान व उनका छोटा भाई मयंक सचान 25 अज्ञात लोगों के साथ उनके घर पर आ पहुंचे। सभी युवक नशे में थे। ललित ने बताया कि वो परिवार के साथ घर के अंदर थे।

आवाज सुनकर ललित का बड़ा बेटा विशाल बाजपेई, छोटा बेटा अभिषेक बाजपेई नीचे उतरे तब तक अचानक गेट पर धक्का मारकर यह सभी लोग जबरदस्ती घर के अन्दर घुस गए और मारपीट करनी शुरू कर दी। घर की महिलाएं को भी पीटा। जिसमें ललित की पत्नी बीना बाजपेई को चोट आ गई। बेटे विशाल को खींचकर बाहर ले गये। उसकी 10 ग्राम वजन की सोने की गले की चेन हाथ की घड़ी छीन कर ले गये। आरोपियों ने पथराव किया जिसमें ललित की गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। एसओ हनुमंत विहार उदय प्रताप प्रताप सिंह के मुताबिक आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामले में जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पूर्व विधायक ने किया गैजेस क्लब में स्विमिंग पूल के नए सत्र का शुभारंभ



कानपुर। रविवार आर्यनगर स्थित दि गैजेस क्लब परिसर में स्विमिंग पूल के नए सत्र का शुभारंभ पूर्व विधायक अजय कपूर ने पूजन व मंत्रोच्चारण के साथ किया। क्लब के सभी सदस्य की उपस्थिति में क्लब के चेयरमैन मलिक विजय कपूर ने उपस्थित जनों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि गैजेस क्लब का पूल कानपुर ही नहीं प्रदेश का सर्वोत्तम पूल है। उन्होंने कहा कि अपने तन और मन को स्वस्थ रखने का स्विमिंग पूल ही एकमात्र विकल्प है। उन्होंने कहा स्विमिंग करने से जोड़ों के दर्द दूर होते हैं तथा दिल के मरीजों के लिए स्विमिंग करना लाभदायक है। स्विमिंग से मानसिक सेहत में सुधार आता है तथा शारीरिक वजन कम होता है और फेफड़ों को मजबूती मिलती है। इस मौके पर सेक्रेटरी नवीन मल्होत्रा, अरुण वाधवा, प्रीतम मल्होत्रा, संदीप सिंह, दिनेश आहूजा, कार्तिक कपूर, रमन कपूर, जनरल मैनेजर मोहित अवस्थी, स्विमिंग कोच रमेश कुमार उपस्थित रहे।

## खबर एक नज़र

### नाबालिक से दुष्कर्म के आरोपी को साढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



**पास्को एक्ट सहित गंभीर धाराओं में अभियोग दर्ज कर तलाश में थी पुलिस**

**स्वतंत्र भारत संवाददाता भीतरगांव।** बीते दिन साढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिक किशोरी को हवस का शिकार बनाने वाले युवक के खिलाफ तहरीर के मुताबिक पास्को एक्ट सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक को मुखबिर खास की सूचना से सब इंस्पेक्टर सत्यपाल सिंह की टीम ने रविवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। आरोप था कि आरोपित युवक ने 16 वर्षीय नाबालिक किशोरी को बहला फुसलाकर हवस का शिकार बनाया और जब किशोरी प्रेग्नेंट हो गई तो युवक उसे लेकर भाग गया बताया जाता है कि किशोरी करीब पांच माह के गर्भ से है। थाना प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि बीते दिन पीड़ित की तहरीर पर करन 19 पुत्र राजू के खिलाफ पास्को एक्ट सहित गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था रविवार सुबह उच्चाधिकारियों के निर्देशन पर चेकिंग संदिग्ध वाहन व्यक्ति वांछित अपराधी अभियान के तहत सब इंस्पेक्टर सत्यपाल सिंह हमराही कांस्टेबल आशीष कुमार के साथ धरमपुर मार्ग से रायपुर गांव जाने वाले बंबी के पास से मुखबिर खास की सूचना से गिरफ्तार कर लिया गया है अभियुक्त को विधिक कार्यवाही हेतु न्यायालय भेजा गया तथा किशोरी के मेडिकल परीक्षण की प्रक्रिया गतिमान है।

### नवरात्रि के पहले दिन कूष्मांडा देवी मन्दिर में उमड़ी भीड़



**कुष्मांडा देवी मन्दिर में सुबह से लेकर रात तक पूजा अर्चना को लगा रहा तांता**

घाटमपुर। चैत्र नवरात्रि के पहले दिन मां कुष्मांडा देवी मन्दिर समेत सभी देवी मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए भक्तो की भीड़ रही।भीड़ को व्यवस्थित करने के लिए पुलिस को कमान संभालनी पड़ी। टोलियों व देवी मां के जयकारों के साथ भक्तो का तड़के से देवी मां के मंदिरों में पहुंचने कर शुरू हुआ पूजा अर्चना का सिलसिला रात तक चलता रहा। परिसर में कैम्प लगा व्यवस्थाओं को अंजाम दे रहे पालिका कर्मचारियों को पालिकाध्यक्ष गजाला तबस्सुम व अधिशाषी अधिकारी डाव महेन्द्र कुमार ने पूजा अर्चना के लिए मन्दिर आने वाले भक्तो को किसी तरह की परेशानी न हो को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए थे।इसी तरह पतारा सजेत्ती बरीपाल नौरंगा रेवना भीतर गांव तथा साढ़ आदि क्षेत्रों के देवी मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए भक्तो की भीड़ रही।

### जल मूल्य जमा न करने वालों से अब व्याज लेने की तैयारी



**व्याज के साथ बकाया जल मूल्य वसूले जाने की तैयारीए48 लाख के आस पास हैं जलमूल्य के बकायेदार**

घाटमपुर।पालिका प्रशासन ने एक बार फिर जलमूल्य के बकायेदारों पर नजरें टेढ़ी की हैं।व्याज के साथ बकाया जल मूल्य वसूले जाने की तैयारी का खाका भी तैयार किया जा रहा है। पालिका के 25 वार्डों में 48 लाख के आस पास जलमूल्य के बकायेदार हैं ।जिसमें पचखुरा वार्ड में हैं सबसे ज्यादा बकाए दार बताए जाते हैं। पचखुरा में 3ण्93 लाख जल मूल्य बकाया है। वहीं बसंत विहार में 3ण्17 लाखए जवाहर नगर पश्चिमी में 2ण्88 लाखए आछी मोहाल पश्चिमी में 2ण्75 लाखए नौबस्ता पश्चिमी में 2ण्55 लाखए अशोक नगर उत्तरी में 2ण्38 लाख के अलावा कोटद्वारए जवाहर नगर पूर्वी द्वितीयए शास्त्री नगरए अशोक नगर दक्षिणीए नौबस्ता पूर्वीए जवाहर नगर उत्तरी में दो लाख से अधिक बकाया है। वहीं आछी मोहाल पूर्वी में सबसे कम 70 हजार जल मूल्य बाकी है। इतना ही नहीं है अब जलकर भी लागू किया जाने वाला है। दोनो में जो अधिक होगा वही कनेक्शन धारकों को देना होगा। वहीं बकाया होने पर साढ़े 12 प्रतिशत का व्याज भी अगले वित्तीय साल से देना पड़ेगा। आय के श्रोतों में पालिका के दो प्रमुख स्रोत गृहकर व जल मूल्य हैं। अभी तक जहां बहुत कम भवन दर्ज होने से पर्याप्त आय नहीं हो रही थी। वहीं जल मूल्य का भी काफी बकाया बना हुआ है। अब नई व्यवस्था के अनुसार नए सर्वे में 14 हजार से अधिक भवन निकले हैंए जिन पर गृहकर लागू होने से आय करीब सात गुणा बढ़ने के आसार हैं। वहीं पालिका अभी तक जल आपूर्ति करके जल मूल्य ले रही थी। अब जल कर भी लागू किया जाएगा। इनमें जल मूल्य व जलकर में जो भी अधिक होगाए वही कनेक्शन धारक को देना होगा। अधिशासी अधिकारी डॉव महेंद्र कुमार ने बताया कि अब पालिका के किसी भी कर का बकाया होने पर भवन स्वामी को साढ़े 12 फीसदी व्याज भी देना होगा। उन्होंने नगर वासियों से समय से बकाया टैक्स जमा करने की अपील की है। ताकि वह अतिरिक्त ब्याज से बच सकें।

## रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ महर्षि दयानंद पब्लिक स्कूल का चतुर्थ वार्षिकोत्सव सम्पन्न





**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**शुक्लागंज उन्नाव** कार्यक्रम में प्रशासनिक व राजनीनैतिक हस्तियों ने की शिरकत बच्चों एवं अभिभावकों को प्रदान किए गए अवार्ड सहजनी स्थित महर्षि दयानंद पब्लिक स्कूल का चतुर्थ सेलेस्टियल फन फियेस्टा 2025 का भव्य आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया विद्यालय में झूलों एवं एडवेंचर गेम्स का उद्घाटन मैनेजिंग डायरेक्टर मयंक शुक्ला ने किया। इस शुभ अवसर पर प्रयागराज हाईकोर्ट के जज मोहम्मद इदरीशी एवं शिक्षक एम एल सी अरुण पाठक ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ कियाए जबकि महापौर प्रमिला पांडेय ने विभिन्न स्टॉल्स का उद्घाटन कर आयोजन की भव्यता को बढ़ाया। इस अवसर पर मोहम्मद इदरीशी ;हाई कोर्ट जज द्ध महापौर कानपुर प्रमिला पांडेयए दीपक भूकर पुलिस अधीक्षक उन्नाव व मनीष निगम जिला जज उन्नावएशकुन सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष विधायक पंकज गुप्ता शिव शंकर आर एस एस जिला प्रचारक उन्नाव आनंद अवस्थी इफको निदेशक भाजपा वरिष्ठ नेता केण् डीण् त्रिवेदी नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि भानु मिश्राए गंगाघाट अध्यक्ष प्रतिनिधि संदीप पांडेय व गोल्डी गुप्ता सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का माल्यार्पण एवं शॉल ओढ़ाकर भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने विद्यालय की अनुशासनप्रियता शिक्षा की उत्कृष्टता और संस्कारपरक वातावरण की मुक्त कंठ से सराहना की। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मैजिक शो व मिमिक्री ने सभी को आनंदित कर दियाए जबकि राधा.कृष्णए शिव.हनुमान की झांकी ने उपस्थित जनसमुदाय को भाव.विभोर कर दिया।फन मेले मे विभिन्न प्रकार की खाने.पीने की दुकानेंए चाटए स्नैक्स आदि पर भी कार्यक्रम के समापन तक भीड़ रही। मंच पर थ्रीडी व्यवस्था के चलते विभिन्न कार्यक्रमों का आकर्षण देखते ही बनता था।हर अभिभावकए बच्चे अथवा अतिथि के सम्मान के समय तोप से पुष्प वर्षा ने कार्यक्रम को और भी आकर्षक बना दिया था। विद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2024. 2025 के रैंक होल्डर्सए सर्वश्रेष्ठ अभिभावकों एवं 100ः अटेंडेंस प्राप्त छात्रों एवं शिक्षकों को मुख्य अतिथियों द्वारा ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। शिक्षकों को उनकी असाधारण निष्ठा और समर्पण के लिए विशेष रूप से सराहा गया। अंत में मैनेजिंग डायरेक्टर मयंक शुक्ला ने सभी अतिथियोंए अभिभावकों एवं विद्यार्थियों का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहाए ष्आप सभी की उपस्थिति इस आयोजन को गौरवशाली बनाती है। विद्यालय के प्रति आपका प्रेम और विश्वास हमें निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर करता है। यह विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहींए बल्कि संस्कारों की पावन धरा है। इस अवसर पर पुरुषोत्तम शुक्ल श्रीमति मुन्नी शुक्ला एवं प्रभात शुक्ला ने अपने आशीर्वचन से सभी को प्रेरित किया। और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। यह आयोजन एम डी पी एस परिवार के लिए एक अविस्मरणीय क्षण बन गयाए जहां शिक्षाए संस्कृति और मनोरंजन का अद्भुत समागम देखने को मिला। विद्यालय की समस्त कॉर्डिनेटर्सए शिक्षकगण एवं सभी शिक्षिकाओं ने अपने कार्य एवं सुझावों से कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने का सफल प्रयास किया।



## पालिका के इकठ्ठे कूड़े के ढेर से फसल के स्वाहा होने के खतरा लोग परेशान

**भाजपा नेता राजीव वाजपेई की सूचना पर पहुंची दमकल**

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**शुक्लागंज उन्नाव** मरहला चौराहे से आजाद मार्ग पर महेश खेड़ा के पास इकठ्ठे पालिका के कूड़े के ढेर से विगत कई दिनों से सुलग रहे कूड़े के ढेर में आज सुबह लगभग 5 बजे एकाएक आग भड़क गई जिससे खेत में पक कर तैयार गेहूं की फसल को बचाने में फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों को बुलाना पड़ा । खेत के पास आग लगने की सूचना मिलने पर किशन यादवए कल्लूएवेद रामए मोहित यादव व अन्य गेहूं कटाई कर रहे किसान भाग कर मौके पर पहुंचे तथा बोरिंग से इंजन चालू कर पानी डाल कर आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग पर काबू न होने पर वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव बाजपेयी ने तत्काल उन्नाव में फायर ब्रिगेड को फोन कर सूचना दी मौके पर डायल 112 व फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने पहुंचकर आग को काबू में किया लेकिन पहले पहुंचे फायर ब्रिगेड कर्मियों ने आग की स्थिति देखकर कर दूसरी बड़ी गाड़ी जिला मुख्यालय से मंगा कर आग को नियंत्रित किया इसके बाद भी लगा तार कूड़ा सुलग रहा है




## हवन के साथ दी नववर्ष की बधाई

**शुक्लागंज उन्नाव** हिंदू नववर्ष के उपलक्ष में दयानंद सरस्वती इंटर कॉलेज में वेद प्रचार फाऊंडेशन ;आर्य युवा दलद्ध के तत्वाधान में महायज्ञ का आयोजन किया गया। फाउंडेशन ने हवन पूजन करके सभी के स्वथ्य प्रश्नन होने कि ईश्वर से कामना की साथ ही सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित की। जिसमे मुख्य रूप से अभिषेक तिवारीए ऋषभ श्रीवास्तवए संदीप दीक्षितए गिरीश मिश्रए जय तिवारीए सर्वेश श्रीवास्तव समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज में पुरस्कार वितरण का हुआ आयोजन



**स्वतंत्र भारत संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव** आज गंगा प्रसाद महते सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज गंगानगर में सत्र 2024.25 का वार्षिक परीक्षाफल व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन हुआ कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के प्रबन्धक राकेश कुमार भूतपूर्व आर्मी कैप्टन राहुल तिवारी राम कृष्ण व वी0 एस0 तिवारी ; भूतपूर्व प्रधानाचार्यद्ध विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश तिवारी के साथ माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन कर किया । विद्यालय की वार्षिक परीक्षा का परिणाम लगभग शत प्रतिशत रहा । कक्षा 6 से 8 तक पूरे जूनियर वर्ग में बहन समृद्धि साहू ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया इसी प्रकार भैया प्रभात त्रिपाठी ; 588ध्600 द्ध तथा बहन वैष्णवी तिवारी ; 914ध् 1000 द्ध ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पाये भारतीय शिक्षा समिति द्वारा आयोजित संस्कृती ज्ञान परीक्षा कुरुक्षेत्र ;हरियाणाद्ध में जूनियर वर्ग से बहन अनन्या शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय के गौरव को बढ़ाया तथा समृद्धि साहू ए सौम्या त्रिवेदीए कोमल यादव ए रिया वर्मा ए सृष्टि जायसवाल ए लक्ष्य कुमार साहूए अविरल गौतम ए शौर्य पाण्डेय द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे । जूनियर कक्षा में संस्कृत में सर्वाधिक अंक ;198ध्200द्ध समृद्धि साहू ने प्राप्त किया जिन्हें विद्यालय के प्रबन्धक राकेश कुमार ने प्रतीक चिन्ह देकर पुरुस्कृत किया । विद्यालय के आदर्श भैया.बहिन का पुरस्कार ब0 अपूर्वा शाह व भै0 शान्तनू को कैप्टन राहुल तिवारी द्वारा प्रदान किया गया । विद्यालय में विगत 7 वर्षों से लगातार उपस्थित रहने वाले भैया.बहनो मे हर्षित चौरसिया ए स्वीकृति ए आशीष सैनी आदि को मुख्य अतिथि जी द्वारा विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया । समारोह के अंतिम चरण में विद्यालय के मुख्य अतिथि के रूप उपस्थित बी0 एस0 त्रिपाठी ने अपने आशीर्वचन में भैया बहनो को कठिन परिश्रम ए एकाग्रचितिता व ईमानदारी ने मेहनत कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने को प्रेरित कर आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश तिवारी ने छात्रों को सफलता प्राप्त महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर लगन व अनुशासन से शिक्षा प्राप्त कर जीवन मे सफलता प्राप्त करने का आशीर्वाद देकर आये हुए अतिथियो व अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया

## रामनवमी पर निकली भव्य शोभायात्रा



**कानपुर।** रामजी की निकली सवारीए रामजी की लीला है न्यारी के गानो के बीच गोबिन्द नगर क्षेत्र में रविवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई।शोभा यात्रा को पूर्व विधायक अजय कपूर व कोपोस्टेट चेयरमैन विजय कपूर ने झण्डी दिखाई। श्री सनातनधर्म सभा मोहन मन्दिर ब्लाक.5 गोबिन्द नगर द्वारा निकाली गई भव्य शोभायात्रा में सबसे आगे विशाल सनातन धर्म का ध्वज था।इसके बाद रामायण की झाकीए जिस पर सुन्दरकाण्ड मण्डली द्वारा भजन किया जा रहा था।इसके बाद बैण्ड एवं रामचरितमानस के प्रंसगो के आधार पर बनाई गई विभिन्न प्रकार की मनोरम झांकियां थी जिसमें से प्रमुख माता दुर्गा जी साई दरबारए शबरी की कुटिया में राम लक्ष्मण ;शबरी के बेरद्ध कैलाश पर्वत पर शंकर जीए राजमहल में दशरथ जी विश्वामित्र वशिष्ठ जीए राम लक्ष्मण झांकीए अशोक वाटिका में सीता जी प्रमुख थी। शोभा यात्रा का जगह.जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।पूरे गोबिन्द नगर क्षेत्र को झालरों व सनातन पताकाओं से सजाया गया था। व्यापार मंडलों द्वारा जगह.जगह जलपान की व्यवस्था की गई। शोभा यात्रा सनातन धर्म मोहन मंदिर से शुरू होकर नटराजए लेबर कालोनीए बाटाएचावलाए नंदलाल होते हुए वापस मंदिर पर समाप्त हुई। शोभा यात्रा में प्रमुख रूप से बलदेव राज मल्होत्राए सुनील दीक्षितए रामकुमार पाठकए प्रकाश वीर आर्य एअंकुर खन्नाए भारत भूषण कपूरए अनिल बजाजए सुशील भोलाए मनोज बग्गा एविमल गोस्वामीए कारण गोस्वामीए प्रवीन चोपड़ाए कुलदीप सेठीए राजीव भल्लाए राहुल बघेलए गगन पाठकएओंकारनाथ मल्होत्रा एविनोद धवन एगुलशन बलूजा डॉ भूपेंद्र दुआ अनिल यादव नीरज चढ़ा राकेश पाटनी अनिल कपूर संजय कत्याल आदि रहे

## विधायक ने नाला निर्माण की दी 6 करोड़ की सौगात

**शासन से एक करोड़ हुए मंजूरएजल भराव की समस्या से मिलेगा छुटकारा**



**घाटमपुर।** विधायक सरोज कुरील ने घाटमपुर टाऊन को एक और 6 करोड़ की सौगात दी है। इतना ही नहीं पहली किश्त के रूप में शासन से एक करोड़ की मंजूरी भी मिल गई है। अगर सब कुछ ठीक ठाक रहा तो जल भराव की समस्या से छुटकारे के लिए नाले का निर्माण भी शुरू हो जाएगा। जिसकी खबर मिलने पर नागवासियों में खुशी की लहर है। जिसकी जानकारी देते हुए विधायक ने बताया कि कई सालों से नाला निर्माण के लिए पड़ी योजना की मंजूरी को उनके द्वारा किए गए प्रयासों को अब सफलता मिली है।इस सम्बंध मे उन्होंने नगर विकास मंत्री से मिलकर 6 करोड़ के ले आउट को मंजूरी देने की मांग की थी। जिन्होंने 6 करोड़ रुपया घाटमपुर टाऊन से जल निकासी के लिए नाला निर्माण की स्वीकृति दे दी है। एक करोड़ रुपया काम शुरू करने को भेज भी दिया गया है। उल्लेखनीय हो कि घाटमपुर कस्बे का सम्पूर्ण जल रेलवे क्रॉसिंग के नीचे बने कलवर्टल से पुरवा गोपाल से नाले मे जाया करता था।परन्तु रेलवे लाइन डबल होने से कलवर्टल की ऊंचाई के चलते जल निकासी बंद हो चुकी थी। मुख्य रूप से तीन स्थान जल निकासी हेतु चिन्हित किये गये जिनमें रेलवे कृासिंग घाटमपुर मे जहानाबाद सडक के पास कलवर्टल का पुनः निर्माण गोपालपुर के समीप बने कलवर्टल का पुनः निर्माण कार्य घाटमपुर रेलवे स्टेशन केविन के समीप उत्तर दिशा मे बने कलवर्टल का पुनः निर्माण कार्य शामिल है।



## भाजपा नेताओं ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

घाटमपुर। रविवार को भाजपा नेताओ व कार्यकर्ताओं ने जिला कार्यसमिति सदस्यए महिला मोर्चाए भारतीय जनता पार्टी कानपुर ग्रामीण कंचन पटेल के साथ उनके निवास कार्यालय में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनी। जिसमें बूथ नंबर 203 के भाजपा समर्थक भी मौजूद रहे। इस मौके पर भाजपा नेत्री ने प्रदेश में भाजपा सरकार के 8 साल पूरे होने पर खुशी जताते हुए कहा कि आज प्रदेश में न सिर्फ नारिया सुरक्षित हैं बल्कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनके हितों में तमाम कल्याण कारी योजनाओं को लागू किया है। आज प्रदेश में महिला सशक्ति करण देखने को मिल रहा है इससे पहले कभी नहीं था। उन्होंने इस मौके पर मौजूद भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं से भाजपा की नीतियों व योजनाओं को जन जन पहुंचाने का भी आह्वाहन किया। इस मौके पर मुख्य वक्ता उमेश द्विवेदीए बूथ अध्यक्ष रीतेश सचान उर्फ गोलू आदि भी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## बाईकों की आमने सामने हुई भिड़ंत में चार लोग घायल

**उधर मढ़ा गांव में हुए हादसे में दो लोग घायलए दोनों रेफर**

**घाटमपुर।** थाना सजेती व घाटमपुर क्षेत्र में हुए दो अलग अलग सड़क हादसों में 6 लोग घायल हो गए। जिन्हे इलाज के लिए सीएचसी लाया गया। जहां से 5 लोगों को उर्सला अस्पताल रेफर किया गया। सजे ती के मढ़ा में हुए हादसे में माया का पुरवा निवासी सुशील कुमार 27 पुत्र राज बहादुर व मुंशी पुत्र नत्थू घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी लाया गया।जहां से दोनों को उर्सला रेफर किया गया। वहीं जहानाबाद रोड़ के बिल्लू ढाबे के पास बाईकों की भिड़ंत से भैरम पुर निवासी सुरेश 42 पुत्र बच्ची लाल व प्रेमवती 70 पत्नी मूल चन्द्र तथा उसका बेटा राम प्रकाश 35 के अलावा दूसरी बाइक सवार साढ थाना क्षेत्र के हसगर निवासी पप्पू कुशवाहा 30 पुत्र तुलसी राम घायल हो गए। घायलों में सुरेशए प्रेम वती तथा पप्पू को प्राथमिक उपचार के बाद उर्सला अस्पताल रेफर किया गया



## नवाबगंज में दुर्गा मंदिर रोड से हाइवे तक चला बुलडोजर

स्वतंत्र भारत संवाददाता नवाबगंज उन्नावः नगर पंचायत प्रषासन ने पिछले दिन बड़ी कार्रवाई की। दुर्गा मंदिर रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया लोगों की षिकायत है कि प्रषासन ने बिना सूचना दिए कार्रवाई की। दुर्गा मंदिर रोड से लेकर हाईवे तक बुलडोजर चलाया। दुकानदारों के टीन शेड और नालों पर किए गए अवैध कब्जे हटाए गए। इस दौरान नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी अनिल कुमार और चौकी प्रभारी मुकुल दुबे पुलिस बल के साथ मौजूद थे। स्थानीय लोगों ने कार्रवाई का विरोध करते हुए कहा कि बिना नोटिस दिए ही उक्त कार्रवाई पूरी तरह से गलत है। दुर्गा मंदिर रो पर दुकानदारों ने कब्जे से वाहनों के आवागमन में दिक्कत होती थी। पूर्व में कई बार वाहन चालकों और दुकानदारों के बीच विवाद भी हो चुका है। प्रशासन ने यह कार्रवाई नवरात्रि और आगामी चैतवर मेले को देखते हुए की। मार्ग पर कई निवासियों ने भी अपने मकानों को आगे बढ़ाकर अतिक्रमण कर रखा था। कार्रवाई में सिर्फ पटरी दुकानदारों को निशाना बनाया गया जिससे उनमें नाराजगी है।



## ईदगाह में आज 8 बजकर 30 मिनट पर होगी नमाज डीसीपी ने लिया जायजा

***पालिकाध्यक्ष पति व ईद गाह कमेटी के साथ डीसीपी बी एन चौधरी ने ईद गाह की व्यवस्थाओं को लिया जायजाए एसीपी रंजीत कुमार भी रहे मौजूद***

घाटमपुर। रविवार को बाद मगरिब की नमाज के चांद दिखते ही रोजदार खुशी से झूम उठे।एक दूसरे को चांद दिखने की मुबारकबाद देने के साथ कई जगहों पर पटाखे छुड़ाकर खुशी भी जताई। सोमवार को ईद मनाए जाने के साथ इस बार ईद गाह में ईद की नमाज 8 बजकर 30 मिनट पर होगी। जिसकी जानकारी देते हुए ईदगाह कमेटी के सदर नौशाद अहमद मंसूरी ने देते हुए बताया कि जामा मस्जिद में 9 बजे का वक्त मुकर्रर किया गया है।वहीं अन्य मस्जिदों में भी नमाज़ का अलग अलग वक्त मुकर्रर किया गया है। जिसमें चौराहे वाली मस्जिद में 8 बजकर 45 मिनट परए मुफ्ती सईद अहमद ने बताया कजियाना वाली मस्जिद में 8 बजे व खनिया वाली मस्जिद में 7 बजकर 45 तथा इस्लामिया स्कूल में 8 बजकर 30 मिनट पर नमाज अदा की जाएगी। रविवार की दोपहर बाद पालिकाध्यक्ष पति हाफिज अब्दुल अहद व ईद गाह कमेटी के अध्यक्ष नौशाद मंसूरी के साथ डीसीपी बी एन चौधरी ने ईद गाह की व्यवस्थाओं को लिया जायजाएएसीपी रंजीत कुमार भी मौजूद रहे। जिनसे ईद गाह व मस्जिदों में पढ़ी जाने वाली नमाज के दौरान की जाने वाली प्रशासनिक व्यवस्थाओं के बारे में भी जानकारी ली। चांद रात पर ईद के त्यौहार की तैयारियों के साथ देर शाम तक जहां लोग व महिलाएं बच्चों के साथ बाजार में खरीदारी करते रहे वहीं पुलिस व प्रशासन हर साल की तरह इस साल भी ईद की नमाज व त्यौहार के दौरान की जाने वाली व्यवस्थाओं को अंजाम देता रहा।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## दानव बनता घुन

यह चिंता की बात है कि देश में स्वच्छ, पारदर्शी व ईमानदार कार्य प्रणाली के दावों के बाद भी नीचे से लेकर ऊपर तक भ्रष्टाचार का साम्राज्य पनपता जा रहा है। ऐसा तब है जब केंद्र से लेकर राज्यों तक की सरकारें न सिर्फ इसके खिलाफ सख्त नियम-कानून बना रखे हैं बल्कि इसे रोकने के लिए तमाम एजेंसियां भी काम कर रही हैं। अभी तक घोटालों और रिश्वतखोरी के बड़े-बड़े मामलों में प्रमुख रूप से राजनेताओं के नाम ही आते थे लेकिन अब अधिकारी भी खुलकर ऐसे खेल खेलने लगे हैं। ऐसे ही एक मामले में देश की सबसे सख्त व ईमानदार सेवा सेना के नाम पर उसी के दो इंजीनियरों ने दाग लगा दिया जिन्हें पिछले दिनों सीबीआई ने लखनऊ में घूस लेते रंगे हाथों पकड़ा। कुछ दिनों पहले इसी एजेंसी ने पटना में एनएचएआई के एक जीएम को भी ऐसे ही एक मामले में गिरफ्तार किया था। आजकल एक उच्च न्यायालय के जज के जज के घर से जले हुए करोड़ों रुपए मिलने का मामला काफी चर्चा में है। यूपी के एक आईएएस अफसर पर करोड़ों की रिश्वत लेने का मामला हाल में उजागर हुआ जिनकी गिरफ्तारी की अटकलें भी लगाई जा रही हैं। ऐसे मामले कई हैं किंतु उनकी फेहरिस्त गिनाने का यहां मतलब नहीं है। तथ्य यह है कि इस तरह के मामले अब लगातार बढ़ते जा रहे हैं उच्चपदस्थ अधिकारी जिन पर आमतौर पर जनता और शासन दोनों को बेहद भरोसा भी होता है, उनके ऊपर केवल संदेह ही नहीं होता बल्कि वे सबूतों के साथ बेपर्दा भी हो रहे हैं। तब यह समझने में कोई दिक्कत नहीं होगी कि उनकी जिम्मेदारी पर किया जाने वाला काम कितना विश्वसनीय होगा और उनकी क्या गुणवत्ता होगी। चूंकि सरकारी कामों में सरकारी धन का उपयोग होता है तो उन कामों की कोई केवल नाममात्र की ही औपचारिक कार्रवाई होती है। भ्रष्टाचार के मामले को अंजाम तक पहुंचाने का काम कम ही दिखाई देता है। तो क्या सरकार द्वारा कराए जाने वालों की नींव ऐसी ही खोखली रहेगी। इस बारे में खुद सरकार को ही मनन करना होगा कि भ्रष्टाचार के लगातार बढ़ते घुन का ऐसा कौन सा इलाज किया जाए जिससे सार्वजनिक विश्वास को धक्का न लगने पाए।

## कोचिंग उद्योग

अच्छी नौकरियां दिलाने में मददगार प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए कोचिंग लेना आज सबसे आसान रास्ता है। नतीजा ये है कि कुछ वर्षों पहले तक गिनी-चुनी संख्या में चलने वाले इसके संस्थान अब एक लाभकारी उद्योग का रूप ले चुके हैं। निजी स्कूलों की तरह शिक्षा के नाम पर चलने विशाल व्यावसायिक क्षेत्र का मुख्य उद्देश्य अधिकाधिक पैसा कमाना ही है। इसीलिए 2023 तक भारत में यह उद्योग 58000 करोड़ रुपए तक पहुंच चुका था जिसमें आठ से दस प्रतिशत तक सालाना बढ़ोतरी भी दर्ज की जाती रही। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली तो कोचिंग का एक जाना माना हब बन चुकी है जहां करियर बनाने का सपना लेकर देशभर से बच्चे पढ़ने आते हैं। लेकिन केवल 'रटन्त विद्या' पर आधारित हमारी शिक्षा पद्धति की तरह ये संस्थान भी मात्र परीक्षा-केंद्रित अध्ययन तक ही पढ़ाई को सीमित रखते हैं। इसमें विषय की गहराई से समझ और रचनात्मकता पूरी तरह उपेक्षित होती है जिससे बच्चों में किसी नई समस्या का समाधान खोजने की क्षमता नहीं विकसित नहीं होने पाती। यानी पढ़ाई एक यांत्रिक क्रिया बनकर रह गई है। ऐसे में सोचने की बात है कि जब देश में उद्यमिता, स्टार्टअप, वैज्ञानिक शोध-नवाचार जैसे पक्षों पर व्यापक रूप से ध्यान केंद्रित किया जा रहा है तब युवाओं में अनुसंधान की मौलिकता उभारने की जगह उसको उपेक्षित किया जाना कितना तर्कसंगत होगा। यह तो देश की प्रगति को अवरुद्ध करने जैसा ही है। ये संस्थान शिक्षा में असमानता को भी बढ़ा रहे हैं क्योंकि इनकी महंगी फीस के कारण संपन्न वर्ग के बच्चे ही इनमें पढ़ सकते हैं जबकि आर्थिक रूप से कमजोर एवं वंचित घरों के बच्चे इन अवसरों के वंचित रह जाते हैं। इन विसंगतियों को दूर करने के लिए कोचिंग संस्थानों को भी एक व्यापक नियमन के दायरे में लाना जरूरी है।

## कॉँव-कॉँव

◆◆◆

**ग्रामीण विकास पर सिर्फ एक तिहाई बजट खर्च**
राजनीति के लिये किसानों की बदहाली जरूरी!

**यूपी में रामनवमी पर होगा सरकारी अखंड पाठ**
रामनवमी के बाद एक बोतल पर दूसरी मुफ्त!

**एटीएस सुरक्षा घेरे में नजर आयेंगी विंध्यवासिनी**
देवीभक्तों को अब सुरक्षाबलों का ही भरोसा है!

**हथियार कभी बदलाव नहीं ला सकते - गृहमंत्री**
लेकिन ये बात सरकारों को कौन समझाये?

**सरकारी कुप्रबंधन से सरकारी बैंक बर्बाद - राहुल**
सभी घोटालों की शुरुआत कांग्रेसी सरकारों में हुई!

**म्यांमार में लगातार लग रहे हैं भूकंप के झटके**
लखनऊ में बहुमंजिली इमारतों की कतार है!

◆◆◆

# ईद पर सौगात तो दीपावली पर उपहार क्यों नहीं?



-तनवीर जाफ़री


भाजपा द्वारा गत दिनों सौगात-ए-मोदी नामक एक अभियान की शुरुआत की गयी। इस अभियान के अंतर्गत देश के 32 लाख मुसलमानों को ईद मनाने के लिए विशेष किट दिये जाने का समाचार है। ख़बरों के मुताबिक़ भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चे के कार्यकर्ताओं के माध्यम से देश की अनेक चयनित मस्जिदों में कम से कम 100 लोगों को सौगात-ए-मोदी रुपी विशेष किट देकर उन्हें सहायता पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मोदी की इस सौगात में महिलाओं के लिए सूट, पुरुषों के लिए कुर्ता-पायजामा, दाल, चावल, सेंवई , सरसों का तेल, चीनी, कपड़े, मेवा, खजूर आदि शामिल हैं। देश भर में मुसलमानों के साथ केंद्र से लेकर अनेक भाजपा शासित राज्यों द्वारा जिसतरह का सौतेला व्यवहार किया जा रहा है इन हालात के मद्देनज़र ईद पर सौगात-ए-मोदी पर चर्चा होना लाज़िमी है। सौगात-ए-मोदी से जुड़े ऐसे कई सवाल हैं जिसका जवाब देश की जनता सुनना चाहती है।

पहला सवाल तो यही कि अपनी स्थापना के समय से ही कांग्रेस पर मुस्लिम तुष्टिकरण का आरोप लगाने वाली भाजपा की नज़रों में क्या यह तुष्टिकरण नहीं है ? क्या कांग्रेस या अन्य दल अल्पसंख्यकों के फ़ायदे के लिये कोई योजनाएं लाएं तो केवल वही तुष्टिकरण है और भाजपा जो करे उसे सन्तुष्टीकरण का नाम दे दे? दूसरी बात यह कि मोदी का मुस्लिम प्रेम न तो गुजरात में लंबे समय तक उनके मुख्यमंत्री रहते उमड़ा न ही पिछले दस वर्षों में उनकी प्रधानमंत्री काल में यह नज़र आया। फिर अब आख़िर इस सौगात की याद क्यों आई और इसकी ज़रुरत क्यों महसूस हुई ? कहीं यह इसी वर्ष अक्टूबर या नवंबर में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनज़र मुस्लिम मतों को लुभाने का एक शगूफ़ा तो नहीं ? एक सवाल यह भी कि दूसरे दलों पर वोटों की ख़ातिर मुफ़्त की रेवड़ियां बांटने का आरोप मढ़ने वाली भाजपा ईद पर बंटने वाली सौगात-ए-मोदी को क्या मुफ़्त की रेवड़ी नहीं कहेगी ? और इन सबसे बड़ा सवाल यह कि यदि प्रधानमंत्री ईद पर मुसलमानों को सौगात दे रहे हैं तो क्या देश की बहुसंख्य हिन्दू आबादी दीपावली पर उपहार की हक़दार नहीं ? प्रधानमंत्री को फ़रवरी 2017 में उत्तर प्रदेश के फ़तेहपुर की एक जनसभा में राज्य की तत्कालीन समाजवादी सरकार के लिये दिये गये उस बहुचर्चित व विवादित प्रवचन को नहीं भूलना चाहिये जिसमें उन्होंने कहा था कि- धर्म के आधार पर किसी के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए। यूपी में भेदभाव सबसे बड़ा संकट है। ये भेदभाव नहीं चल सकता। हर किसी को उसके हक़ का मिलना चाहिए ये सबका साथ सबका विकास होता है। उन्होंने कहा, अगर होली पर बिजली मिलती है तो ईद पर भी बिजली मिलनी चाहिए।अगर रमज़ान में बिजली मिलती है तो दिवाली पर भी बिजली मिलनी चाहिए। गांव में क़ब्रिस्तान बनता है तो श्मशान भी बनना चाहिए। भेदभाव नहीं होना चाहिए। धर्म और जाति के आधार पर भेदभाव नहीं होना चाहिए। तो क्या उपरोक्त प्रवचन केवल विपक्ष के लिये ही है ? आज यह सवाल ज़रूरी क्यों नहीं कि मुसलमानों को ईद पर सौगात तो हिन्दुओं को दीपावली पर क्यों नहीं ? गुरुपर्व पर सिक्खों को तोहफ़ा क्यों नहीं ? ईस्टर या गुड फ्राइडे पर ईसाइयों को क्यों नहीं ? यह भेदभाव क्यों और इसका कारण क्या है ?




दरअसल भाजपा ने कोरोना काल के बाद मुफ़्त राशन बांटकर आम जनता के वोट लेने का जो तरीक़ा अपनाया है और उसे मतदाताओं की नयी श्रेणी अर्थात लाभार्थी श्रेणी के रूप में चिन्हित किया है यह सौगात -ए -मोदी भी उसी तरह का एक खेल है जो बिहार चुनाव से पहले खेला जा रहा है। इस खेल के बहाने भाजपा लालू यादव व नितीश कुमार दोनों ही नेताओं के साथ खड़े मुस्लिम मतदाताओं को अपने पक्ष में लामबंद करने का एक प्रयास कर रही है। उसे लगता है कि जिसतरह मुफ़्त राशन बांटकर उसने भूखे व बेरोज़गार लोगों को अपने पक्ष में कर लिया है शायद सौगात -ए -मोदी किट भी बिहार में भाजपा के लिये उसी तरह फ़ायदेमंद साबित हो। परन्तु शायद ऐसा होने वाला इसलिए नहीं क्योंकि इस समय मुसलमानों की सबसे बड़ी चिंता उनकी सुरक्षा है,उनकी शिक्षा व रोज़गार है। उनकी इबादतगाहों की सुरक्षा है। उनके धार्मिक रीति रिवाजों को अमल में लाने की स्वतंत्रता है। उनके साथ निष्पक्षता से पेश आना तथा न्याय करना है। परन्तु इसी मोदी राज में देश के अनेक भाजपा शासित राज्यों में नमाज़ पढ़ने पर पाबंदी लगाई जा रही है। सड़कों,पार्कों यहाँ तक कि अपने घर की छतों पर भी नमाज़ पढ़ने पर रोक लगने की ख़बर है। हरियाणा में तो ईद का अवकाश ही 31 मार्च को बहाना बनाकर गज़ेटेड हॉलीडे की लिस्ट से हटा कर रिस्ट्रिक्टेड हॉलिडे कर दिया गया है। ऐसे में विपक्ष सवाल कर रहा है कि ईद मुसलमानों का एक ही सबसे बड़ा त्योहार होता है, जो पूरे देश में मनाया जाता है। ऐसे में आख़िर ईद की गज़ेटेड छुट्टी को वैकल्पिक छुट्टी के रूप में क्यों बदल दिया गया? आज जगह जगह मुसलमानों के आर्थिक बहिष्कार की ख़बरें आ रही हैं। यहाँ तक कि महाकुंभ जैसे आयोजन में कुछ लोगों ने मुसलमानों के मेला प्रवेश तक का विरोध किया। खुले आम भाजपाई समर्थक नफ़रत फैला रहे हैं। अनेक स्थानों से पुलिस,प्रशासनिक पक्षपातपूर्ण कार्रवाई की ख़बरें आ रही हैं। मुसलमानों के धर्म स्थलों को निशाना बनाया जा रहा है। जगह जगह बेगुनाह लोगों के घरों पर बुलडोज़र चलाये जा रहे हैं। दिसंबर 2019 में नागरिकता संशोधन विधेयक पर होने वाले विरोध प्रदर्शनों को लेकर यह मोदी ने ही तो कहा था कि जो आग लगा रहे हैं, टीवी पर जो उनके दृश्य आ रहे हैं, ये आग लगाने वाले कौन हैं, उनके कपड़ों से ही पता चल जाता है। और आज उन्हीं को सौगात पेश की जा रही है ? यदि भाजपा या मोदी वास्तव में मुसलमानों को सौगात देना चाहते हैं तो उन्हें व उनकी पार्टी व सरकार को भारतीय मुसलमानों से नफ़रत करने वाले लोगों की बयानबाज़ियों पर लगाम लगनी चाहिये। जब संसद में उनके सांसद खुले आम मुसलमानों को गालियां देने लगें तो समझा जा सकता है कि इस विरोध की जड़ें कितनी गहरी हैं। पक्षपात हर स्तर पर बंद होना चाहिये। इसी लिये यदि ईद पर सौगात दे रहे हैं तो दीपावली-होली,गुरुपर्व पर भी उपहार दिया जाना चाहिये।

## प्रेमचंद की कहानियां



### पूस की रात

फिर भी ठंड कम न हुई। ऐसा जान पड़ता था, सारा रका जम गया है, धमनियों में रक्त की जगह हिम बह रहा है। उसने झुककर आकाश की ओर देखा, अभी कितनी रात बाकी है। सप्तर्षि अभी आकाश में आधे भी नहीं चढ़े। ऊपर आ जायेंगे तब कहीं सवेरा होगा। अभी पहर भर से ऊपर रात है। हल्कू के खेत से कोई एक गोली के टप्पे पर आमों का बाग था। पतझड़ शुरू हो गई थी। बाग में पत्तियों का ढेर लगा हुआ था। हल्कू ने सोचा, चलकर पत्तियां बटोरूं और उन्हें जलाकर खूब तापूं। रात को कोई मुझे पत्तियां बटोरते देखे तो समझे कोई भूत है। कौन जाने कोई जानवर ही छिपा बैठा हो; मगर अब तो बैठे नहीं रहा जाता उसने पास के अरहर के खेत में जाकर कई पौध उखाड़ लिए और उनका एक झाड़ बनाकर हाथ में सुलगता हुआ उपला लिए बगीचे की तरफ चला। जबरा ने उसे आते देखा तो पास आया और दुम हिलाने लगा।

हल्कू ने कहा-अब तो नहीं रहा जाता जबरू! चलो, बगीचे में पत्तियांबटोरकर तापें! टांटे हो जायेंगे, तो फिर आकर सोयेंगे। अभी तो रात बहुत है। जबरा ने कूं-कूं करके सहमति प्रकट की और आगे-आगे बगीचे की ओर चला।

बगीचे में खूब अंधेरा छाया हुआ था और अन्धकार में निर्दय पवन पत्तियों को कुचलता हुआ चला जाता था। वृक्षों से ओस की बूंदें टप-टप नीचे टपक रही थीं। एकाएक एक झोंका मेहंदी के फूलों की खुशबू लिए हुए आया। हल्कू ने कहा-कैसी अच्छी महक आई जबरू ! तुम्हारी नाक में भी सुगन्ध आ रही है ?

जबरा को कहीं जमीन पर एक हड्डी पड़ी मिल गई थी। उसे चिचोड़ रहा था। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

◆◆◆

**अकृष्टफलमूलानि वनवासरति सदा।**
**कुरुतेहरहः श्राद्धमृषिर्विप्रः च उच्यते।।**

बिना जुती धरती से मिलने वाले फल-मूलादि का सेवन करने वाला तथा वन में निवास करने वाला और प्रतिदिन पितरों का श्राद्ध व तर्पण करने वाला ब्राह्मण ऋषि कहलाता है।

◆◆◆

# भूकंप के लिए अनियोजित मानवीय गतिविधियां भी हैं जिम्मेदार!



-सुनील कुमार महला

28 मार्च का दिन म्यांमार और थाइलैंड के लिए एक बहुत ही बुरा दिन था। इस दिन यहां आए जोरदार व शक्तिशाली भूकंप ने दोनों देशों को बुरी तरह से हिलाकर रख दिया है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार रिक्टर स्केल पर 7.7 की तीव्रता वाले इस भूकंप ने म्यांमार के सागाइंग क्षेत्र से लेकर थाइलैंड की राजधानी बैंकॉक तक भारी तबाही मचाई। इसके बाद आए 7.0 तीव्रता के एक और झटके ने स्थिति को और भी अधिक भयावह बना दिया। गौरतलब है कि भूकंप के झटके म्यांमार के अलावा थाईलैंड, बांग्लादेश, भारत, वियतनाम और चीन तक महसूस किए गए। पाठकों को बताता चलूं कि यूएस जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक, रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.1 मापी गई है, जिससे कई इलाकों में दहशत, डर और खौफ का माहौल बन गया और इसका केंद्र राजधानी नेपीडॉ के पास बताया जा रहा है। वहीं शुक्रवार को आए भूकंप से मरने वालों की संख्या शनिवार को 1644 हो गई है। वहीं यूनाइटेड स्टेट जियोलॉजिकल सर्वे (यूएसजीएस) ने आशंका जताई है कि भूकंप में मौत का आंकड़ा 10 हजार से ज्यादा हो सकता है। पाठकों को बताता चलूं कि भारत ने म्यांमार में आए विनाशकारी भूकंप के बाद मानवीय सहायता के लिए 'ऑपरेशन ब्रह्मा' शुरू किया है। भारतीय विदेश मंत्रालय के मुताबिक भारतीय नौसेना के जहाज आईएनएस सतपुड़ा और आईएनएस सावित्री ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत 40 टन रिलीफ सामग्री लेकर म्यांमार के यांगून बंदरगाह भेजे गए हैं। इसके अलावा 118 सदस्यीय फील्ड हॉस्पिटल यूनिट आगरा से मांडले के लिए रवाना हो चुकी है। भारत की 80 सदस्यीय एनडीआरएफ रेस्क्यू टीम के साथ सी130 विमान म्यांमार की राजधानी नेपीदा पहुंच चुका है। भारत ने इस मुश्किल घड़ी में म्यांमार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया है। भूकंप से हजारों लोग घायल बताए जा रहे हैं, वहीं अनेक लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं। अभी संख्या में इजाफा हो सकता है, क्यों कि मलबे के नीचे और अधिक लोग दबे हो सकते हैं। उधर, थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में एक 30 मंजिला इमारत गिर जाने से 10 लोगों की मौत हुई है। बैंकॉक शहर के अधिकारियों के अनुसार उन्हें अब तक 2,000 से ज्यादा इमारतों के नुकसान की रिपोर्ट मिली है। जियोलॉजिस्ट्स (भूगर्भवेत्ताओं) के मुताबिक यह देश में 200 साल में आया सबसे बड़ा भूकंप है। भूकंप के झटके इतने शक्तिशाली थे कि केंद्र से सैंकड़ों किमी दूर बैंकॉक के कई इमारतें नष्ट हो गईं। यहां तक कि भारत के मणिपुर तक भूकंप का असर हुआ है। जानकारी के अनुसार यहां के नोनी जिले में शनिवार को दोपहर 2~31 बजे 3.8 तीव्रता का भूकंप जमीन में 10 किलोमीटर की गहराई में था। हालांकि, भूकंप में किसी तरह के जानमाल का नुकसान नहीं हुआ।हालांकि, म्यांमार में राहत और बचाव कार्य तेजी से जारी हैं, लेकिन हर तरफ मलबे के ढेर, टूटी सड़कें, और ढहती इमारतों का भयानक मंजर फैला हुआ है। अस्पतालों में खून की भारी किल्लत की खबरें सामने आ रही हैं, जिससे जिंदगी बचाने की जंग और मुश्किल हो गई है। भूकंप के कारण मरीजों को सड़कों पर लाकर इलाज करना पड़ा, यह दर्शाता है कि भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदा का मानव के पास कोई तोड़ नहीं है। यहां पाठकों को बताता चलूं कि म्यांमार भूकंप के लिहाज से सबसे अधिक सक्रिय क्षेत्रों में से एक है। वास्तव में,ग्लोबल सीस्मिक रिस्क मैप पर म्यांमार रेड जोन में है।



उपलब्ध जानकारी के अनुसार म्यांमार में धरती की सतह के नीचे की चट्टानों में एक बहुत बड़ी दरार मौजूद है, जो देश के कई हिस्सों से होकर गुजरती है। यह दरार म्यांमार के सैगोंग शहर के पास से गुजरती है इसलिए इसका नाम सैगोंग फॉल्ट पड़ा। यह म्यांमार में उत्तर से दक्षिण की तरफ 1200 किमी तक फैली हुई है। इसे स्ट्राइक-स्लिप फॉल्ट कहते हैं। इसका मतलब है कि इसके दोनों तरफ की चट्टानें एक-दूसरे के बगल से हॉरिजॉन्टल दिशा में खिसकती हैं।सैगोंग फॉल्ट में चट्टानों के खिसकने की अनुमानित रफ्तार 11 मिलीमीटर से 18 मिलीमीटर सालाना है।चट्टानों के लगातार खिसकने से ऊर्जा का दबाव बनता है और यह समय-समय पर भूकंप के रूप में ऊर्जा बाहर निकलती है। बहरहाल, पाठकों को बताता चलूं कि भूकंप एक प्राकृतिक घटना है, जिसमें पृथ्वी के अंदर से ऊर्जा के निकलने के कारण तरंगें उत्पन्न होती हैं जो सभी दिशाओं में फैलकर पृथ्वी को कंपित करती हैं। भारत भी विश्व में भूकंप की दृष्टि से एक संवेदनशील क्षेत्र है। सच तो यह है कि भारत का लगभग 59त्न क्षेत्र विभिन्न तीव्रता के भूकंपों के लिये प्रवण है।गौरतलब है कि भारतीय और यूरेशियन प्लेटों के महाद्वीपीय टकराव हिमालय में भूकंप के प्रमुख कारक हैं। जानकारी मिलती है कि भारतीय और यूरेशियन प्लेटें भी प्रतिवर्ष 40-50 मिलीमीटर की सापेक्ष दर से करीब आती जा रही हैं।यूरेशिया के नीचे भारत के उत्तर की ओर धकेलने/बढ़ने से कई भूकंप उत्पन्न होते हैं, फलस्वरूप यह इस क्षेत्र को पृथ्वी पर भूकंपीय रूप से सबसे अधिक खतरनाक क्षेत्रों में से एक बनाता है। कहना ग़लत नहीं होगा कि तकनीकी रूप से सक्रिय वलित हिमालय पर्वत की उपस्थिति के कारण भारत भूकंप प्रभावित देशों में से एक है। पाठकों को बताता चलूं कि विश्व की सबसे बड़ी भूकंप पेटी, परि-प्रशांत भूकंपीय पेटी, प्रशांत महासागर के किनारे पाई जाती है, जहाँ हमारे ग्रह के सबसे बड़े भूकंपों के लगभग 81त्न आते हैं। इसे रिंग ऑफ फायर उपनाम से भी जाना जाता है। बहरहाल, कहना चाहूंगा कि यह ठीक है भूकंप एक प्राकृतिक आपदा है, लेकिन बावजूद इसके यह कहना ग़लत नहीं होगा कि आज भूकंप आने के पीछे कहीं न कहीं मानवीय गतिविधियां भी जिम्मेदार हैं। आज मानव अप्राकृतिक निर्माण कार्य कर रहा है, प्रकृति से निरंतर छेड़छाड़ की घटनाओं को अंजाम दे रहा है। खनन, सुरंग निर्माण, बांध निर्माण, पेड़ों की कटाई की जा रही है। बढ़ती आबादी के बीच अनियोजित शहरीकरण, औधोगिकीकरण हो रहा है। प्रकृति का हम ख्याल नहीं रख पा रहे हैं। मनुष्य हर कहीं अपने लालच और स्वार्थ के चलते प्राकृतिक संसाधनों का लगातार दोहन कर रहा है। हाल ही में म्यांमार और थाइलैंड में आया भूकंप एक बार फिर यह बखूबी साबित करता है कि प्रकृति के सामने मनुष्य अत्यंत असहाय है। कहना चाहूंगा कि प्रकृति का विकराल रूप मानव समाज के सामने कई चुनौतियां खड़ी करता है। हम जानते हैं कि भूकंप का पूवार्नुमान कर पाना संभव नहीं है, भले ही आज हम एआइ के युग में ही प्रवेश क्यों न कर गये हों। म्यांमार के लिए यह बहुत बड़ी दुःख व संकट की घड़ी है। मानव ही मानव के काम आता है।इन भयावह और संकट भरे हालातों में पीड़ित लोगों के साथ सहानुभूति और मदद ही सबसे जरूरी है। वास्तव में, इंसानियत की भावना ही पीड़ितों के दुख को कम कर सकती है। भारत सरकार ने दुःख की इस असीम घड़ी में पड़ौसी म्यांमार की सहायता के लिए हाथ बढ़ाया है, यह काबिले-तारीफ है।

## प्रेरक प्रसंग

### महानता के लक्षण

एक बालक नित्य विद्यालय पढ़ने जाता था। घर में उसकी माता थी। माँ अपने बेटे पर प्राण न्योछावर किए रहती थी, उसकी हर मांग पूरी करने में आनंद का अनुभव करती। पुत्र भी पढ़ने-लिखने में बड़ा तेज़ और परिश्रमी था। खेल के समय खेलता, लेकिन पढ़ने के समय का ध्यान रखता।

एक दिन दरवाज़े पर किसी ने - माई! ओ माई! पुकारते हुए आवाज़ लगाई तो बालक हाथ में पुस्तक पकड़े हुए द्वार पर गया, देखा कि एक फटेहाल बुढ़िया कांपते हाथ फैलाए खड़ी थी।

उसने कहा, बेटा! कुछ भीख दे दे।

बुढ़िया के मुंह से बेटा सुनकर वह भावुक हो गया और माँ से आकर कहने लगा, माँ! एक बेचारी गरीब माँ मुझे बेटा कहकर कुछ माँग रही है।

उस समय घर में कुछ खाने की चीज़ थी नहीं, इसलिए माँ ने कहा, बेटा! रोटी-भात तो कुछ बचा नहीं है, चाहे तो चावल दे दो।

पर बालक ने हठ करते हुए कहा - माँ! चावल से क्या होगा? तुम जो अपने हाथ में सोने का कंगन पहने हो, वही दे दो न उस बेचारी को। मैं जब बड़ा होकर कमाऊंगा तो तुम्हें दो कंगन बनवा दूंगा।

माँ ने बालक का मन रखने के लिए सच में ही सोने का अपना वह कंगन कलाई से उतारा और कहा, लो, दे दो।

बालक खुशी-खुशी वह कंगन उस भिखारिन को दे आया। भिखारिन को तो मानो एक ख़ज़ाना ही मिल गया। कंगन बेचकर उसने परिवार के बच्चों के लिए अनाज, कपड़े आदि जुटा लिए। उसका पति अंधा था। उधर वह बालक पढ़-लिखकर बड़ा विद्वान हुआ, काफ़ी नाम कमाया।

एक दिन वह माँ से बोला, माँ! तुम अपने हाथ का नाप दे दो, मैं कंगन बनवा दूं। उसे बचपन का अपना वचन याद था।

पर माता ने कहा, उसकी चिंता छोड़। मैं इतनी बूढ़ी हो गई हूँ कि अब मुझे कंगन शोभा नहीं देंगे। हां, कलकत्ते के तमाम ग़रीब बालक विद्यालय और चिकित्सा के लिए मारे-मारे फिरते हैं, उनके लिए तू एक विद्यालय और एक चिकित्सालय खुलवा दे जहां निशुल्क पढ़ाई और चिकित्सा की व्यवस्था हो। माँ के उस पुत्र का नाम था ईश्वरचंद्र विद्यासागर।

## आपका पत्र मिला

### आतंकवाद से निपटने के लिए कठोर कदम जरूरी

आतंकवाद का मुद्दा एक जटिल और गंभीर समस्या है, जो न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व के लिए एक बड़ा खतरा है। हाल ही में कश्मीर के कठुआ में सुरक्षा बलों द्वारा आतंकवादियों को मार गिराने की घटना इस बात का प्रमाण है कि पाकिस्तान आतंकवाद को बढ़ावा देने की अपनी नीति पर कायम है। पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति खराब होने के बावजूद, वह आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए बड़े पैमाने पर संसाधनों का उपयोग कर रहा है। यह एक खतरनाक रणनीति है, जो न केवल भारत बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए एक बड़ा खतरा है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि पाकिस्तान द्वारा सीमा पार प्रायोजित ढंग से आतंकवाद को बढ़ावा देना जम्मू-कश्मीर में शांति और सुरक्षा के लिए सबसे बड़ी बाधा है। भारत सरकार को इस समस्या से निपटने के लिए कड़े कदम उठाने की आवश्यकता है। इसके लिए आधुनिक हथियारों और तकनीक का उपयोग करके सीमा की सुरक्षा को मजबूत करना होगा। इसके अलावा, आतंकवाद के खिलाफ एक मजबूत खुफिया तंत्र की आवश्यकता है, जो आतंकवादी गतिविधियों की पहचान करने और उन्हें रोकने में सक्षम हो। भारत सरकार को आतंकवाद के खिलाफ एक मजबूत कानूनी ढांचे की आवश्यकता है। इसके लिए आतंकवाद विरोधी कानूनों को मजबूत करना होगा और आतंकवाद के खिलाफ एक मजबूत न्यायिक प्रणाली की स्थापना करनी होगी। हमें आतंकवाद के खिलाफ एक मजबूत और एकजुट मोर्चा प्रस्तुत करना होगा। पाकिस्तान को एक मजबूत और स्पष्ट संदेश देना होगा कि आतंकवाद को बढ़ावा देने की उनकी नीति को हम कभी भी स्वीकार नहीं करेंगे।

**सुभाष बुड़ावन वाला**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrab-harat77@gmail.com*

# डायबिटीज या हार्ट के हैं मरीज तो व्रत के दौरान रखें ये सावधानियां

चैत्र नवरात्रि रविवार (30 मार्च) से शुरू हो गई है। यह हिंदी कैलेंडर के अनुसार नव वर्ष का शुभारंभ भी है। मां शक्ति को नौ रूपों की आराधना और भक्ति के लिए लोग देशभर में नवरात्रि का व्रत करते हैं। नवरात्रि के उपवास का आध्यात्मिक महत्व तो होता ही है साथ ही व्रत करने को सेहत के लिए भी बहुत लाभप्रद माना जाता है। नवरात्रि आध्यात्मिक चिंतन और भक्ति का समय है। अगर आप भी नवरात्रि का व्रत कर रहे हैं तो व्रत के साथ अपनी सेहत का भी जरूर ध्यान रखें। मेडिकल साइंस मानता है कि व्रत करना शरीर को डिटॉक्स करने और मन को शांत-एकाग्र करने का सबसे अच्छा तरीका हो सकता है। हालांकि व्रत के दौरान सेहत को लेकर बरती गईं असावधानियां आपके लिए दिक्कतें बढ़ाने वाली हो सकती हैं।




**नवरात्रि व्रत के दौरान रखें सेहत का ध्यान**

नवरात्रि व्रत के दौरान डायबिटीज और हृदय रोगियों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। अगर आप इस तरह की समस्याओं से परेशान हैं तो बिना डॉक्टरी सलाह के ज्यादा देर खाली पेट रहना स्वास्थ्य समस्याओं को बढ़ाने वाला हो सकता है। डायबिटीज के मरीजों को उपवास के दौरान शुगर लेवल को नियंत्रित रखना सबसे महत्वपूर्ण होता है। ज्यादा देर तक कुछ न खाने से हाइपोग्लाइसीमिया (ब्लड शुगर कम होना) या हाइपरग्लाइसीमिया (ब्लड शुगर अधिक होना) का खतरा हो सकता है। इसलिए अगर आपको हाई डायबिटीज रहती है तो बिना डॉक्टरी सलाह के व्रत नहीं करना चाहिए।

**डायबिटीज रोगी व्रत के दौरान क्या सावधानी बरतें**

अगर आपको डायबिटीज है, फिर भी व्रत कर रहे हैं तो ब्लड शुगर की नियमित जांच करें, जिससे पता चल सके कि शुगर बढ़ या कम तो नहीं रहा है? उपवास के दौरान संतुलित आहार लें। साबूदाना, आलू जैसे हाई कार्बोहाइड्रेट युक्त भोजन से बचें क्योंकि ये रक्त शर्करा को तेजी से बढ़ा सकते हैं। साबुत अनाज (राजगिरा, सिंघाड़े का आटा) और फाइबर युक्त फल-सब्जियां जैसे



सेब, नाशपाती, पपीता खा सकते हैं। व्रत के दौरान हाइड्रेशन का ध्यान रखना जरूरी है। शरीर में पानी की कमी होने से डायबिटीज की जटिलताएं काफी बढ़ सकती हैं।

**हृदय रोगी भी बरतें सावधानियां**

डायबिटीज की तरह हृदय रोगों के शिकार लोगों को भी उपवास के दौरान विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। गलत खानपान या ज्यादा देर तक कुछ न खाने से ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल बढ़ सकता है। फलाहार के दौरान लो-फैट और लो-सोडियम वाली चीजें खाइए। तले-भुने खाद्य पदार्थ से बचें क्योंकि ये कोलेस्ट्रॉल बढ़ा सकते हैं। घी और मक्खन वाली चीजें खाने से बचिए इससे भी कोलेस्ट्रॉल बढ़ने का खतरा हो सकता है।

**इन बातों का रखें ध्यान**

अमेरिकन डायबिटीज एसोसिएशन के अनुसार, मधुमेह रोगियों को ज्यादा देर खाली पेट नहीं रहना चाहिए। अगर आप व्रत कर रहे हैं तो पहले डॉक्टर से परामर्श ले लें।

यूरोपियन जर्नल ऑफ क्लिनिकल न्यूट्रिशन के अनुसार, हार्ट के मरीजों को उपवास के दौरान लो-सोडियम और हाई-फाइबर डाइट अपनानी चाहिए ताकि कोलेस्ट्रॉल और ब्लड प्रेशर नियंत्रित रहे।

इंडियन जर्नल ऑफ एंडोक्राइनोलॉजी एंड मेटाबॉलिज्म के अनुसार, डायबिटीज के मरीजों को इंटरमिटेंट फास्टिंग से पहले इंसुलिन और दवा के डोज को एडजस्ट करना चाहिए ताकि शुगर लेवल स्थिर रहे। इसके लिए डॉक्टर की सलाह जरूर ले लें।

उपवास के दौरान हाई-फाइबर, लो-कार्ब, लो-फैट और हाई-प्रोटीन युक्त आहार का सेवन करें।

नियमित रूप से ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर की निगरानी करें।

# रिश्ते को मजबूत बनाने के लिए याद रखें ये 10 अहम बातें



रिश्ता बागीचे की तरह होता है, जिसे खिलने के लिए देखभाल, ध्यान और पोषण की जरूरत होती है। चाहे आप रोमांस के शुरुआती दौर में हों या दशकों से साथ रह रहे हों, कुछ बुनियादी नियम आपक रिश्ते को मजबूत बनाने में मदद कर सकते हैं। बिना ये समझे कि वह रिश्ते में क्या चाहते हैं या उनका साथी क्या उम्मीद कर रहा है, वह रिश्ते में जल्दबाजी करते हैं। अपने संबंध को घनिष्ठ बनाने के लिए नियमों को पालन जरूरी है। किसी भी रिश्ते में कुछ नियम ऐसे नुस्खे की तरह हैं जिनका पालन आपके बीच के संघर्ष को कम कर सकता है।

आमतौर पर कई रिश्ते शुरुआती उत्साह के बाद बदलाव का अनुभव करते हैं लेकिन अगर उनके रिश्ते में स्पष्टता और मजबूत प्रतिबद्धता हो तो वह गहरे और अधिक संतोषजनक संबंध को विकसित कर सकते हैं। यहां 10 नियम दिए गए हैं जिन्हें हर कपल को स्वस्थ, स्थायी रिश्ता बनाए रखने के लिए ध्यान में रखना चाहिए।

**मजबूत रिश्ते के लिए 10 नियम**

**1. ईमानदारी रखें**

अपने साथी से कुछ भी न छुपाएं, सच बोलें और पारदर्शी रहें। रिश्ते में इमानदारी और सच्चाई का होना बेहद अहम होता है। यह रिश्ते को लंबे समय तक मजबूत बनाने के लिए जरूरी है।

**2. सम्मान दें**- एक-दूसरे की भावनाओं, विचारों और फैसलों का आदर करें। अपने रिश्ते में आप दोनों समान स्थिति में हैं। पार्टनर से खुद को ऊपर न रखें कि आपको ज्यादा ज्ञान है, आप ज्यादा समझदार हैं या आप ज्यादा कमाते हैं।

**3. संवाद करें**- एक दूसरे से खुलकर बात करें, गलतफहमियों को बढ़ने न दें। जब हेल्दी संवाद की कमी होती है तो रिश्ते में गलतफहमियां और अविश्वास की भावना बढ़ती है। इसलिए खुलकर अपने दिल की बात शेयर करें।

**4. समय दें**- अपने रिश्ते को समय देना जरूरी है, साथ में क्वालिटी टाइम बिताएं।

**5. भरोसा जताएं**- रिश्ते की बुनियाद विश्वास पर टिकी होती है, इसे कभी न तोड़ें।

**6. माफी की भावना**- गलती होने पर अहंकार छोड़कर माफी मांगें और साथी को माफ करना सीखें।

**7. फैसलों में साथ दें**- अगर साथी कोई फैसला ले रहा है तो उसे फैसला लेने दें, उसका मनोबल गिराने के बजाय उनके फैसलों में उनका साथ दें।

**8. सपोर्ट करें**-मुश्किल समय में एक-दूसरे के साथ खड़े रहें और भावनात्मक सहारा दें।

**9. अंतर को समझें**-हर इंसान अलग होता है, मतभेद को सम्मानपूर्वक स्वीकार करें।

**10. तुलना से बचें**- अपने साथी की तुलना परिवार के किसी सदस्य या अपने दोस्तों व परिचितों से न करें। उनकी क्षमताओं का सम्मान करें।

# गर्मियों में बेहद फायदेमंद होता है बेल का शरबत



गर्मी का मौसम आते ही शरीर को ठंडक पहुंचाने वाले पेय पदार्थों की तलाश शुरू हो जाती है। इस मौसम में बेल का शरबत एक लोकप्रिय और पारंपरिक विकल्प है, जो न केवल स्वादिष्ट होता है बल्कि सेहत के लिए भी कई तरह से फायदेमंद होता है। बेल अपने शीतल गुणों के कारण गर्मियों में विशेष रूप से पसंद किया जाता है। आज हम आपको गर्मी में बेल का शरबत पीने के फायदों के बारे में विस्तार से बताएंगे, साथ ही कुछ संभावित दुष्प्रभावों की भी जानकारी देंगे। बेल की तासीर ठंडी होती है, इसलिए गर्मी के मौसम में इसका शरबत पीने से शरीर को तुरंत ठंडक मिलती है। तपती धूप में बाहर निकलने से पहले बेल का शरबत पीने से शरीर का तापमान संतुलित रहता है और ताजगी महसूस होती है। बेल के शरबत पीने के कई फायदे होते हैं, मगर कुछ लोगों ये शरबत नुकसानदायक हो सकता है। आइए इस लेख में जानते हैं।

**पाचन क्रिया को सुधारे**

बेल में फाइबर की भरपूर मात्रा होती है, जो पाचन क्रिया को दुरुस्त रखने में सहायक है। यह कब्ज की समस्या से राहत दिलाता है और आंतों को स्वस्थ रखता है। गर्मी में अक्सर पाचन संबंधी समस्याएं हो जाती हैं, ऐसे में बेल का शरबत एक प्राकृतिक और प्रभावी उपाय हो सकता है।

**रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाए**

बेल में विटामिन सी और अन्य एंटीऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मदद करते हैं। गर्मी के मौसम में संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है, ऐसे में बेल का शरबत पीने से आप कई बीमारियों से अपना बचाव कर सकते हैं।



**शरीर को हाइड्रेटेड रखे**

गर्मी में पसीने के कारण शरीर में पानी की कमी हो जाती है, जिससे डिहाइड्रेशन का खतरा बढ़ जाता है। बेल के शरबत में पानी की अच्छी मात्रा होती है, जो शरीर को हाइड्रेटेड रखने में मदद करता है और डिहाइड्रेशन से बचाता है।

**इन लोगों को नहीं पीना चाहिए बेल का शरबत**- हालांकि बेल का शरबत आमतौर पर सुरक्षित माना जाता है, लेकिन कुछ लोगों में इसके अधिक सेवन से कुछ दुष्प्रभाव देखने को मिल सकते हैं।

बेल का शरबत अधिक मात्रा में पीने से पेट में भारीपन या हल्का दर्द महसूस हो सकता है, ऐसे लोगों को डॉक्टर से परामर्श लेनी चाहिए। जिन लोगों को बेल से एलर्जी है, उन्हें ये शरबत पीने से बचना चाहिए नहीं तो खुजली जैसी समस्याएं हो सकती हैं। गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं को बेल का शरबत पीने से पहले डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए। पथरी, डायबिटीज, थायराइड से संबंधित मरीजों को बेल का शरबत पीने से बचना चाहिए।

# कंधे के दर्द के लिए बेहद कारगर होते हैं ये योगासन

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में कंधे का दर्द एक आम समस्या बन गई है। लंबे समय तक कंप्यूटर पर काम करना, गलत पोस्चर में बैठना या भारी सामान उठाना कंधे की मांसपेशियों में खिंचाव और दर्द का कारण बन सकता है। इस दर्द से राहत पाने के लिए लोग अक्सर पेनकिलर या अन्य तरह के उपचार का सहारा लेते हैं, लेकिन योग एक प्राकृतिक और प्रभावी तरीका है जिससे कंधे के दर्द से छुटकारा पाया जा सकता है। योग न केवल शारीरिक रूप से आपको स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक शांति भी प्रदान करता है। कंधे के दर्द के लिए कुछ विशेष योगासन का रोज अभ्यास करने आपका ये दर्द ठीक हो सकता है। इनका नियमित अभ्यास करने से कंधे की मांसपेशियों में लचीलापन आता है, रक्त संचार बेहतर होता है और दर्द से राहत मिलती है। आज हम आपको कंधे के दर्द से छुटकारा पाने वाले ऐसे ही 4 योगासनों के बारे में बताने जा रहे हैं-



**गोमुखासन** - इस आसन को करने के लिए जमीन पर आराम से बैठ जाएं और पैरों को सामने की ओर फैला लें। फिर बाएं पैर को मोड़कर एड़ी को दाएं कूल्हे के पास रखें। इसके बाद दाएं पैर को मोड़कर बाएं पैर के ऊपर इस तरह रखें कि दोनों घुटने एक-दूसरे के ऊपर आ जाएं। अपनी पीठ को सीधा रखते हुए, दाहिने हाथ को ऊपर उठाएं और कोहनी से मोड़कर पीठ के पीछे ले जाएं। अब बाएं हाथ को नीचे से पीठ के पीछे ले जाएं और दोनों हाथों को आपस में पकड़ने की कोशिश करें।

**गरुड़ासन** - इस आसन को करने के लिए सीधे खड़े हो जाएं और अपने शरीर को संतुलित रखें। अपने दाहिने पैर को थोड़ा सा मोड़ें और बाएं पैर को दाहिने पैर के चारों ओर लपेटें, ध्यान रहे कि बाएं पैर का पंजा दाहिने पिंडली के पीछे टिका होना चाहिए। अब अपने हाथों को सामने की ओर फैलाएं और अपनी दाहिनी भुजा को बाईं भुजा के ऊपर से लपेटें। अपनी कोहनियों को मोड़ें और हथेलियों को आपस में मिलाएं। अपनी दृष्टि को एक बिंदु पर केंद्रित करें और इस स्थिति में 30 से 60 सेकंड तक रहें। फिर धीरे-धीरे हाथों और पैरों को खोलकर सामान्य स्थिति में आ जाएं। इसी प्रक्रिया को दूसरी तरफ से भी दोहराएं।

**उत्तानासन**- इस आसन को करने के लिए सीधे खड़े हो जाएं और अपने पैरों को कूल्हे-चौड़ाई जितना खोल लें। सांस लेते हुए अपने हाथों को ऊपर की ओर उठाएं, और फिर सांस छोड़ते हुए धीरे-धीरे आगे की ओर झुकें, अपनी पीठ को सीधा रखने की कोशिश करें। अपने हाथों को जमीन पर या अपने पैरों के पास रखें, यदि आप जमीन तक नहीं पहुंच पाते हैं, तो आप अपनी पिंडलियों को पकड़ सकते हैं। अपने सिर को नीचे की ओर लटकाएं और अपने कंधों को आराम दें। इस स्थिति में 30 से 60 सेकंड तक रहें, फिर सांस लेते हुए धीरे-धीरे ऊपर उठें और सामान्य स्थिति में आ जाएं।

# किताबें पढ़ने से आपके मस्तिष्क में क्या परिवर्तन होता है


हमारे मस्तिष्क की संरचना, रसायन विज्ञान या भौतिकी के बारे में कोई भी जानकारी पढ़ने से अछूती नहीं रहती। स्पेन के न्यूरोलॉजिस्ट फ्रांसिस्को मोरा के अनुसार, यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप जो किताब या जो कुछ भी पढ़ रहे हैं, उसने आपकी रुचि जगाई है या नहीं, और इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि इसने आपकी भावनाओं को कितना प्रभावित किया है। आठ साल पहले प्रकाशित अपनी पुस्तक न्यूरोएजुकेशन में मोरा कहते हैं, आप केवल वही सीख सकते हैं जो आपको पसंद है। यह पुस्तक इस बात पर आधारित है कि मस्तिष्क विज्ञान किस प्रकार लोगों के सीखने और सिखाने के तरीके को बेहतर बना सकता है। पिछले वर्ष, विश्वविद्यालय के प्रोफेसर (मोरा) ने अपनी पिछली सफल पुस्तक के मुख्य विषय पर विस्तार करते हुए, न्यूरोएजुकेशन एंड रीडिंग नामक एक अन्य पुस्तक भी प्रकाशित की। इस नई पुस्तक में, उन्होंने पढ़ने की क्षमता को मानवता के लिए एक सच्ची क्रांति के रूप में परिभाषित किया है। पढ़ना एक कृत्रिम और हालिया प्रक्रिया है। मोरा कहते हैं, हमने लगभग 2 से 3 मिलियन वर्ष पहले आनुवंशिक उत्परिवर्तन के माध्यम से बोलने की क्षमता हासिल की थी। तब से, मनुष्य बोलने के लिए आवश्यक तंत्रिका सर्किट के साथ पैदा हुआ है, हालांकि बोलना केवल दूसरों के साथ बातचीत के माध्यम से ही सीखा जा सकता है। फ्रांसिस्को मोरा ने चिकित्सक के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त किया है और वे तंत्रिका विज्ञान के डॉक्टर हैं। न्यूरोएजुकेशन एंड रीडिंग में वे लिखते हैं, हम एक मस्तिष्क डिस्क के साथ पैदा होते हैं जिस पर हम रिकॉर्ड कर सकते हैं। लेकिन अगर हम कुछ भी रिकॉर्ड नहीं करेंगे तो यह खाली ही रहेगा। दूसरी ओर, पढ़ना लगभग 6,000 वर्ष पहले अस्तित्व में आया, जब हमें अपनी जनजाति के बाहर संवाद करने की आवश्यकता महसूस हुई, क्योंकि बोले गए शब्दों की पहुंच सीमित थी। इसके अलावा, इसका आधार आनुवंशिक नहीं बल्कि सीखा हुआ या सांस्कृतिक है। मोरा अपनी पुस्तक में बताते हैं, पढ़ना एक ऐसी प्रक्रिया है जो वंशानुगत (जीन में) नहीं होती है और इसलिए यह स्वचालित रूप से अगली पीढ़ी तक नहीं पहुंच सकती है।यह ऐसी चीज़ है जिसे हर इंसान को स्वयं सीखना होगा, जिसके लिए हर बार सीखने और याद रखने की ज़रूरत होती है। अच्छी तरह से या अच्छे तरीके से पढ़ने के लिए प्रयास, ध्यान, स्मृति और स्पष्ट प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है, और यदि आप बहुत अधिक पढ़ना चाहते हैं, तो आपको अपने जीवन का एक बड़ा हिस्सा इसके लिए समर्पित करना होगा। हालांकि, वे कहते हैं कि महंगा और कड़ी मेहनत का मतलब यह नहीं है कि आपको इसके लिए बहुत कष्ट उठाना पड़ेगा। हालाँकि, जब मोरा चार साल का था, तो उसे पढ़ाई में लापरवाही बरतने के कारण स्कूल से सज़ा मिलनी शुरू हो गई। इसका कारण यह था कि मोरा के शिक्षकों ने इस बात पर ध्यान नहीं दिया कि बच्चे का मस्तिष्क कैसे काम करता है। तेजी से पढ़ना सीखने से आप अधिक बुद्धिमान नहीं बन जाते। मोरा के अनुसार, बच्चे मां के गर्भ से ही सीखने की मशीन होते हैं। बल्कि, मनुष्य को लगभग सब कुछ सीखना पड़ता है। पढ़ना सीखना बच्चे के विकास में एक महत्वपूर्ण चरण है, जिसे लेकर कभी-कभी माता-पिता को गर्व होता है तो कभी-कभी चिंता भी होती है। वे कहते हैं, जब एक माँ को पता चलता है कि उसका 5 साल का बच्चा पढ़ना सीखने में संघर्ष कर रहा है, जबकि उसके पड़ोस में रहने वाला 4 साल का बच्चा अच्छे अंकों से पढ़ रहा है, तो वह माँ स्वयं से पूछ सकती है - क्या मेरा बच्चा इतना मूर्ख है? तंत्रिका विज्ञान ने दर्शाया है कि मस्तिष्क के कुछ हिस्सों को पढ़ना सीखने के लिए पहले से परिपक्व होना पड़ता है। यह 3 वर्ष की आयु में भी हो सकता है, लेकिन आमतौर पर 6 या 7 वर्ष की आयु इसके लिए सर्वोत्तम मानी जाती है। इस कारण से, वे लिखते हैं, यह अनुशंसा की जाती है कि औपचारिक पठन निर्देश 7 वर्ष की आयु से शुरू हो, ÷एक ऐसी आयु जिस पर, लगभग निश्चित रूप से, सभी बच्चों ने पढ़ने के लिए आवश्यक घटकों का विकास कर लिया होगा और वे पढ़ना सीखने के पूर्ण अर्थ और निहितार्थ को समझने में सक्षम हो जाते हैं। शिक्षा के मामले में फिनलैंड को बहुत उन्नत माना जाता है और वहां बच्चे इसी उम्र में पढ़ना सीखना शुरू कर देते हैं। न्यूरोएजुकेशन के महत्व को समझाते हुए मोरा कहते हैं कि शिक्षा इस बात पर निर्भर करती है कि आपका मस्तिष्क कैसे काम करता है। दूसरा पहलू यह है कि बच्चों को छोटी उम्र में सीखने और अध्ययन करने के लिए मजबूर करने से उन पर अनावश्यक बोझ पड़ता है और वे चिंतित हो जाते हैं। इस मामले में प्रयुक्त 3-4 वर्ष की जल्दबाजी का भविष्य के संदर्भ में कोई विशेष महत्व नहीं है। सीधे शब्दों में कहें तो, इससे आपकी पढ़ाई में कोई मदद नहीं मिलती और न ही यह आपको अधिक बुद्धिमान बनाता है। मोरा के अनुसार, मस्तिष्क की परिपक्वता में एक मौलिक आनुवंशिक घटक होता है, लेकिन एक सांस्कृतिक घटक भी होता है जो घर से जुड़ा होता है। ऐसे माता-पिता के साथ बड़ा होना जो स्वयं पढ़ते हैं या आपके लिए पढ़कर सुनाते हैं, एक भावनात्मक पहलू होता है जो पढ़ना सीखने में बहुत मदद करता है।



-विजय गर्ग

# मां दुर्गा के नौ स्वरूप से सीखें ये 9 बातें, जीवन बन जाएगा आसान

देवी की कई रूपों में पूजा की जाती है। वह जगत जननी हैं जो वहीं मां अन्नपूर्णा भी हैं, मां महालक्ष्मी स्वरूपा हैं तो सरस्वती भी हैं। माता कभी काली -कभी चंडी का स्वरूप धारण कर लेती हैं। कभी वह ब्रह्मचारिणी तो कभी महागौरी के रूप में पूजनीय हैं। उनका हर स्वरूप नारी शक्ति के हर पहलू को दर्शाता है और महिला सशक्तिकरण की एक अद्भुत मिसाल भी पेश करता है। देवी के नौ स्वरूपों का व्यक्तित्व अलग अलग है। उनके नव स्वरूपों से नौ अलग सीख प्राप्त की जा सकती है, जो हर किसी के जीवन में, खासकर महिलाओं के लिए काफी लाभकारी हो सकती हैं।



**मां दुर्गा के नौ स्वरूप और उनके गुण जिससे लें सीख**

**माता शैलपुत्री**

मां दुर्गा का ये रूप धैर्य और सहनशीलता का प्रतीक हैं। देवी पार्वती को मां शैलपुत्री माना जाता है, जो हिमालय की पुत्री हैं। उनसे यह भी सीख मिलती है कि जिस तरह से पहाड़ मजबूत होते हैं, उसी तरह रिश्तों की नींव मजबूत होनी चाहिए।

**मां ब्रह्मचारिणी**

माता ब्रह्मचारिणी संयम और तप का प्रतीक हैं जो हमें सिखाता है कि कैसे मुश्किल समय में संयम रख सकते हैं। माता के इस स्वरूप से हमें सीख मिलती है कि रिश्तों में धैर्य और समर्पण होना चाहिए।

**मां चंद्रघंटा**

नवदुर्गा का चंद्रघंटा स्वरूप भक्ति और सेवा का रूप है, जो हमें समाज के लिए सेवा का भाव सिखाता है। माता चंद्रघंटा रिश्ते में संतुलन का प्रतीक भी हैं जो हमें गुस्से और शांति दोनों का महत्व दर्शाती हैं।

**माता कूष्मांडा**

देवी का यह रूप साहस का प्रतीक है। मां दुर्गा ने राक्षस महिषासुर को हराने के लिए अपना साहस और बल दिखाया। इसके साथ ही देवी का चौथा रूप सृष्टि के सृजन और संचालन का प्रतीक है।

**देवी स्कंदमाता**

मां दुर्गा का यह रूप प्रेम, दया, करुणा और देखभाल का प्रतीक है जो पूर्ण रूप से मातृत्व के गुण को दर्शाता है। इसके अलावा देवी स्कंदमाता ने देवासुर संग्राम में सेनापति की भूमिका अदा की थी। ये लीडरशिप क्वालिटी को अपनाने की सीख देता है।

**माता कात्यायनी**

देवी दुर्गा का यह रूप धर्म और न्याय का प्रतीक है। उनसे सीख मिलती है कि रिश्तों में एक दूसरे के लिए खड़े होना चाहिए। साथ ही, एक दूसरे का सम्मान करना भी जरूरी है।

**माता कालरात्रि**

यह स्वरूप हमें नकारात्मक चीजों का त्याग करने और कठिनाइयों का सामना करने की शक्ति देता है। उनसे सीख मिलती है कि रिश्तों में मुश्किल समय आने पर भी साथ रहना चाहिए और मुश्किलों का सामना करना सीखना चाहिए। देवी के इस सप्तम स्वरूप को बुराईयों का नाश करने वाला माना जाता है।

**माता महागौरी**

महागौरी स्वरूपा माता का पवित्रता का प्रतीक है जो हमें जीवन में शुद्धता और पवित्रता बनाए रखने की प्रेरणा देता है। माता महागौरी में क्षमा और शांति का गुण है जो हमें सिखाता है कि रिश्तों में एक दूसरे को माफकरना और साफ दिल रखना जरूरी है।

**माता सिद्धिदात्री**

यह रूप आत्मसमर्पण का प्रतीक है। इस रूप से ये सीख मिलती है कि रिश्तों में एक दूसरे को महत्व देना चाहिए और उनका समर्थन करना चाहिए। तभी रिश्ते सफल होते हैं।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

## दैनिक पंचांग लखनऊ सोमवार, 31 मार्च 2025

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके 1946 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते बसंत ऋतौ चैत्र मासोत्तमे शुक्ल पक्षे। द्वितीया तिथौ सोम वासरे 09/12/ अश्विनी नक्षत्रे 13/45/ वैधृति योग 13/46/ कौलव करणे 09/12/ मेष राशिगत चन्द्रमा घं.मि.पर।

**व्रत एवं त्यौहार**- गणगौर। मत्स्य जयंती। श्रीझूलेलाल जयंती। ईद। तृतीया तिथिक्षय।हिजरी सब्वल 10 माह शुरू।

**मेष** : पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति बखूबी करेंगे। शेयर्स स्हा में अर्थ लाभ होगा। वाहन मकान का सुख मिलेगा मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा।

**वृष** : वाद विवाद पर विजय प्राप्त होगी। कार्य व्यापार में सामान्य प्रगति होगी। नियमित दिनचर्या रहेगी। राजनेता का सहयोग प्राप्त होगा।

**मिथुन** : प्रगति के नए अवसर मिलेंगे। सामाजिक कार्यों में विशेष रुचि रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। किसी मूल्यवान वस्तु के पानी से हर्ष होगा।

**कर्क** : आर्थिक मामलों में चल रहा प्रयास सफल होगा। वाणी पर संयम रखने के कारण बिगड़ते कार्य बनते दिखाई देंगे। रचनात्मक कार्य सफल होंगे।

**सिंह** : किसी मूल्यवान वस्तु के पानी के अभिलाषा पूरी होगी। आर्थिक मामलों में चल रहा प्रयास सफल होगा मित्रों से संबंध प्रगाढ़ होंगें।

**कन्या** : संबंधित अधिकारी का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। परिवार में किसी धार्मिक उत्सव के कारण प्रसन्नता रहेगी। नेत्र पीड़ा से पीड़ित होंगे।

**तुला** : समारोह तथा गोष्ठियों में जाने का अवसर प्राप्त होगा। सत्तापक्ष से अनुकूल सहयोग प्राप्त होगा। ऋण लेने की स्थिति बनेगी।

**वृश्चिक** : राजकीय सम्मान लेने के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। वाद-विवाद से दूर रहें। राज्य अधिकारी वर्ग से हानि होगी। यात्रा का योग है।

**धनु** : किसी सूचना से प्रसन्नता व भाग्य को नई दिशा मिलेगी। आर्थिक व्यय की पूर्ति के लिए स्हा लॉटरी जैसे प्रयास उपयोगी होंगे।

**मकर** : किसी मित्र के आगमन की सूचना से मन प्रसन्न होगा। व्यवसाय की स्थिति सामान्य रहेगी। भाग्य से धन बढ़ेगा।

**कुंभ** : आर्थिक लेनदेन निपट सकेगा। विरोधी की ओर से परेशानी होगी। भाग्य से धन बढ़ेगा। मन में आशंका रहेंगी।

**मीन** : आर्थिक मामलों में जीवनसाथी से विवाद होगा। व्यापार व्यवसाय में हानि हो सकती है। बढ़ते व्यय से समस्याएं होंगी।

# अवैध खनन पर डीएम ने डाली रेड

- काफिले के साथ अचानक साड़ी खदान में की छापेमारी
- टेम्पर्ड रजिस्ट्रेशन नंबर सहित दर्जनों वाहन मिले ओवरलोड



बांदा : खदान का निरीक्षण करतीं जिलाधिकारी ।

**बांदा।** अवैध खनन पर डीएम ने जबर्दस्त सख्ती दिखाई है। डीएम ने अचानक टीम के साथ साड़ी खदान में औचक छापेमारी की। डीएम के पहुंचते ही अचानक खनन कारोबारियों में हड़कंप मच गया। मौके पर दर्जनों ओवरलोड पकड़े गए। जिनके विरुद्ध सीज की कार्यवाही की गई। डीएम ने संचालकों को किसी भी दशा में अवैध खनन न किए जाने की नसीहत दी है।
जिलाधिकारी जे0 रीभा के नेतृत्व में सांडी मोरम खनन खण्ड संचालक हिमांशू मीणा व खप्टिहाकला मोरम खण्ड संचालक मनोज कुमार की खदानों का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें सांडी खनन खण्ड में 12 ऐसे वाहन पाए गये जो ओवरलोड अथवा एक्सटेन्डेड बॉडी अथवा टेम्पर्ड नम्बर प्लेट के थे। इसी प्रकार खपटिहाकला खनन खण्ड में 04 वाहन एक्सटेन्डेड बॉडी एवं 02 वाहन टेम्पर्ड रजिस्ट्रेशन नम्बर के थे। उक्त सभी वाहनों को नियमानुसार चालान किए जाने हेतु स्थानीय चौकी इंचार्ज खपटिहाकला के माध्यम से सम्भागीय परिवाहन अधिकारी को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया, तथा दोनों खनन खण्डों में खनन की विस्तृत जांच हेतु दो टीमों का गठन किया गया। जिसमें तहसीलदार पैलानी व खान अधिकारी को सांडी खनन खण्ड क्षेत्र एव नायब तहसीलदार जसपुरा व खान निरीक्षक को खनन खण्ड खपटिहाकला के परीक्षण का उत्तरदायित्व दिया गया है। जिसकी विस्तृत रिपोर्ट जांच के बाद प्रस्तुत करेंगे। गौरतलब हो कि जनपद की बागडोर संभालने के बाद से ही डीएम जे0 रीभा एक्टिव मोड में नजर आ रही है। विभागों में धावा बोलने के साथ-साथ अवैध खनन तथा ओवरलोड पर अंकुश लगाए जाने के उनके द्वारा कड़े प्रयास किए जा रहे है। प्रत्येक विभागों में आए दिन उनके द्वारा छापेमारी की जा रही है। ताकि व्यवस्थाएं पटरी पर आ सके। छापेमारी के अलावा विभागवार बैठक कर समीक्षाएं कर रही है।

डीएम जे0 रीभा द्वारा अतिक्रमणकारियों पर भी शिकंजा कसा जा रहा है। शहर के कचेहरी चौराहे से लेकर क्योटरा तक की सड़के उनके द्वारा अतिक्रमण मुक्त करा दी गई है। डीएम के निर्देशन पर सड़को के अतिक्रमण मुक्त कराए जाने सहित चौड़ीकरण का कार्य कराया जा रहा है। डीएम जे0 रीभा ने कहा है कि जनपद में ओवरलोड तथा अवैध खनन बिल्कुल नहीं होने दिया जाएगा। जहां भी सूचना मिलेगी उनके द्वारा खुद कार्यवाही की स्ट्राइक की जा जाएगी।

## ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की मौत

**बांदा।** शहर कोतवाली क्षेत्र के कनवारा गांव निवासी 34 वर्षीय विवेक पाठक पुत्र भगवानदास पाठक शनिवार को अपनी बहन संध्या को छोड़ने उसकी ससुराल तिंदवारी गांव गया था। रात को वह बाइक से वापस घर लौट रहा था। तभी कुरसेजा धाम के पास सामने से आ रहे ईट भरे ट्रैक्टर ने उसे टक्कर मार दिया। विवेक बाइक से गिर कर ट्रैक्टर के पहिया के नीचे आ कर कुचल गया उसकी मौके पर मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन समेत चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जीवित होने की संभावना पर उसे उठाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरो ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। मृतक के चाचा रघुनाथ पाठक ने बताया कि विवेक अपने पिता की इकलौती संतान था। वह अपने पिता के साथ किसानी में हाथ बटाता था। चार साल पहले भी वह डिवाइटर से टकराकर घायल हो गया था। वह कोमा में चला गया था। छह माह तक इलाज चला। यह दोबारा हादसा हो गया।

## आरएसएस के द्वारा मनाया गया वर्ष प्रतिपदा उत्सव

- तिलक लगाकर दी गई नववर्ष की शुभकामनाएं



बांदा : लोगों को तिलक लगाते पदाधिकारी ।

**बांदा।** भारतीय नव वर्ष विक्रम संवत 2082 के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा नगर के विभिन्न स्थानों पर शाखाओं में वर्ष प्रतिपदा उत्सव का आयोजन किया गया। जहां पदाधिकारियों के द्वारा लोगों को तिलक लगाकर नववर्ष की शुभकामनाएं दी गई।

कार्यक्रम में स्वयंसेवकों द्वारा संघ के प्रथम सर संघचालक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार की जयंती के अवसर पर भगवा ध्वज लगा कर अमृत वचन एवं एकल गीत के साथ उत्सव मनाया। नगर की विभिन्न शाखाओं पर संघ के बौद्धिक वक्ताओं ने स्वयंसेवकों को पाथेय प्रदान किया। राम शाखा (रामलीला मैदान) में जिला प्रचारक अनुराग ने डॉ. हेडगेवार के जीवन पर प्रकाश डाला और भारतीय नव वर्ष के महत्व को समझाया। भारतीय शाखा (गणेश भवन) में जिला संघचालक द्वारा स्वयंसेवकों से भारतीय संस्कृति को आत्मसार कर जन जागरण हेतु आवाह्न किया। इसी प्रकार मंदिर शाखा, आजाद शाखा, श्रीनाथ शाखा, शिवाजी शाखा आदि शाखाओं पर वर्ष प्रतिपदा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के उपरांत स्वयंसेवकों द्वारा नगर के प्रमुख चौराहों पर नगरवासियों को तिलक लगा नव वर्ष की शुभकामनाएं दी गई।

## खबर एक नज़र

### नंदिता पाठक को मिला उत्कृष्ट महिला सम्मान



**चित्रकूट ब्यूरोः** भाजपा केंद्रीय कार्यालय नई दिल्ली में भाजपा महिला मोर्चा राष्ट्रीय इकाई द्वारा आयोजित उत्कृष्ट महिला सम्मान 2025 के समारोह में मध्यप्रदेश महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ नंदिता पाठक को एक करोड़ सेल्फी विथ लाभार्थी अभियान में 31,500 सेल्फी नमो ऐप में अपलोड कर मध्यप्रदेश में पहला स्थान प्राप्त करने पर उत्कृष्ट महिला सम्मान से सम्मानित किया गया। धर्मनगरी में समाजसेवा के जरिए विशेष पहचान बना चुकी नंदिता पाठक ने सम्मान प्राप्त करने के बाद मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव सहित उपस्थित सभी मंत्रियों व पार्टी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा यह सम्मान पाना एक साधारण कार्यकर्ता के लिए अविस्मरणीय प्रेरणादायी अनुभव है, ऐसे सम्मानों से कार्यकर्ता सदैव प्रेरित होकर काम करते रहेंगे। बताया कि कार्यक्रम में उनके अलावा मध्यप्रदेश महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य माया नारोलिया व सागर की रितु दुबे भी सेल्फी विथ लाभार्थी अभियान में सम्मानित हुई। साथ ही राष्ट्रीय महिला मोर्चा द्वारा चलाए गए अभियान जेम पोर्टल, कमल मित्र अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाली देश भर की महिला मोर्चा की पदाधिकारियों को भी सम्मानित किया गया।

### बांदा-मन की बात कार्यक्रम सुनते भाजपाई



बांदा : मन की बात कार्यक्रम सुनते भाजपाई ।

**बांदा।** बटवारे के विवाद में चचेरे भाई ने फायर कर दिया। जिस पर युवक बाल-बाल बच गया। तमंचा छीनने के बाद घर वालों ने अधेड़ की पिटाई कर दी। जिससे वह घायल हो गया। पैलानी थाना क्षेत्र के कानाखेड़ा गांव निवासी 55 वर्षीय जगदीश पुत्र त्रिमोहन का बटवारे को लेकर चचेरे भाई ढिल्लू से विवाद चल रहा था। शुक्रवार की शाम जगदीश गाली गलौज करने लगा। दशहत फैलाने के लिए उसने तमंचा निकाल लिया। चचेरे भाई दीपक ने मना किया। इसी बात को लेकर दोनो में विवाद हो गया। जगदीश ने दीपक के ऊपर तमंचे से फायर कर दिया। वह बाल बाल बच गया। शोर सुनकर परिवार के चार लोगो ने जगदीश के हाथ से तमंचा छीन लिया। चार लोगो ने जगदीश को लाठी से पीट कर घायल कर दिया। उसके दाहिने पैर में गंभीर चोटे आई। सभी लोगो ने उसे पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने तमंचा बरामद करते हुए जगदीश को हिरासत में ले लिया। इंस्पेक्टर सुखराम सिंह का कहना है कि गाली-गालौज को लेकर विवाद हुआ है। दीपक की तहरीर पर आरोपी के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# पुलिस के हत्थे चढ़े पांच वारंटी



बांदा : पुलिस हिरासत में पकड़े गए वारंटी अभियुक्त ।

- गिरफ्तार कर वारंटियों को भेजा गया जेल
- फरार अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर एसपी ने फिर अपनाया कड़ा रुख

**बांदा।** जनपद में फरार चल रहे वारंटी तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर एसपी ने एक बार फिर कड़ा रुख अपनाया है। एसपी के एक्शन में आते ही थाना पुलिस भी अपराधियों को लेकर एक्टिव नजर आने लगी है। कोतवाली देहात पुलिस ने पांच वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।
पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा विभिन्न अभियोगो में वांछित 05 वारन्टी अभियुक्तों उमाशंकर पाण्डेय पुत्र साधूराम पाण्डेय निवासी ग्राम लुकतरा थाना कोतवाली देहात, अच्छेलाल यादव पुत्र चुनवद्दी निवासी ग्राम करहिया थाना कोतवाली देहात, विकाश पुत्र बृजेश त्रिवेदी, अभिलाष पुत्र बृजेश त्रिवेदी निवासीगण कुलकुम्हारी थाना कोतवाली देहात तथा मनोज कुमार यादव पुत्र जिकडी यादव निवासी जारी थाना कोतवाली देहात को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष आनन्द कुमार सिंह ने बताया कि अभियुक्तों के विरुद्ध स्थानीय थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था। विवेचना के उपरांत दोषी पाए जाने पर सभी के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया था। आरोप पत्र दाखिल होने के बाद अदालत द्वारा सभी को तलब किया जा रहा था। बार-बार सम्मन जारी होने के बावजूद अभियुक्त न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं हो रहे थे। जिस पर न्यायालय ने अभियुक्तों के विरुद्ध गैरजमानती वारंट जारी किया था। कहा कि सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इधर एसपी अंकुर अग्रवाल ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया है कि जितने भी वांछित तथा वारंटी अभियुक्त हो, उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजे। एसपी के निर्देशन के बाद अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर थाना पुलिस बेहद सक्रिय नजर आ रही है।

## बटवारे के विवाद में चचेरे भाई ने किया फायर

**बांदा।** बटवारे के विवाद में चचेरे भाई ने फायर कर दिया। जिस पर युवक बाल-बाल बच गया। तमंचा छीनने के बाद घर वालों ने अधेड़ की पिटाई कर दी। जिससे वह घायल हो गया।

पैलानी थाना क्षेत्र के कानाखेड़ा गांव निवासी 55 वर्षीय जगदीश पुत्र त्रिमोहन का बटवारे को लेकर चचेरे भाई ढिल्लू से विवाद चल रहा था। शुक्रवार की शाम जगदीश गाली गलौज करने लगा। दशहत फैलाने के लिए उसने तमंचा निकाल लिया। चचेरे भाई दीपक ने मना किया। इसी बात को लेकर दोनो में विवाद हो गया। जगदीश ने दीपक के ऊपर तमंचे से फायर कर दिया। वह बाल बाल बच गया। शोर सुनकर परिवार के चार लोगो ने जगदीश के हाथ से तमंचा छीन लिया। चार लोगो ने जगदीश को लाठी से पीट कर घायल कर दिया। उसके दाहिने पैर में गंभीर चोटे आई। सभी लोगो ने उसे पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने तमंचा बरामद करते हुए जगदीश को हिरासत में ले लिया। इंस्पेक्टर सुखराम सिंह का कहना है कि गाली-गालौज को लेकर विवाद हुआ है। दीपक की तहरीर पर आरोपी के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## सवारियां बैठाने को लेकर हुए विवाद में कैंची मारकर किया लहुलुहान, पुलिस ने दो युवकों को दबोचा

**भरुआ सुमेरपुर।** कस्बे के पैलानी बस स्टैंड में ऑटो में सवारियां बैठाने को लेकर चालकों के मध्य हुए विवाद में एक ने दूसरे पर धारदार हथियार से हमला करके लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने दो युवकों को मौके से दबोचकर घायल को अस्पताल पहुंचाया।
कस्बे के वार्ड संख्या 16 निवासी सुशील सोनकर 27 वर्ष ऑटो चलाकर भरणपोषण करता है। रविवार को करीब 12 बजे वह पैलानी बस स्टैंड पर ऑटो में सवारियां बैठा रहा था। वहीं कस्बे के लखनापुरवा निवासी लखन वर्मा एवं जीतू वर्मा मौजूद थे। सवारियां बैठाने को लेकर सुशील एवं लखन के मध्य तू तू मै मै होने लगी। इसी बीच सुशील ने लाखन को एक थप्पड़ जड़ दिया। इससे नाराज लखन ने नाई की दुकान से कैंची उठाकर सुशील को घोंप दी। इससे सुशील लहुलुहान हो गया। झगड़े की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और लखन एवं जीतू को मौके से दबोचकर घायल सुशील को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

## पीस कमेटी की मीटिंग आयोजित

**हमीरपुर।** आज आगामी त्यौहार ईद-उल-फित्र व रामनवमी के दृष्टिगत उपजिलाधिकारी राठ जनपद हमीरपुर की अध्यक्षता में थाना राठ में थानाक्षेत्र अंतर्गत संभ्रांत व्यक्तियों, ग्राम प्रधान व धर्म गुरुओं के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की गई, इस दौरान त्योहार की तैयारियों एवं सुरक्षा व्यवस्था व अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई। सम्भ्रांत व्यक्तियों से सुझाव भी लिए गए एवं अमल में लाने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। त्योहारों के संबंध में शासन के दिशा-निर्देशों से सभी को अवगत कराया गया व आपसी भाईचारा शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखते हुए त्यौहार मनाने की अपील की गई। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक राठ व अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# संगठित भारत के संकल्प के साथ स्वयंसेवकों ने किया पथ संचलन



चित्रकूट ब्यूरोः हिंदू नव संवत्सर, विक्रम संवत् 2082 (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा) के शुभारंभ के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के स्वयंसेवकों ने संघ की स्थापना के 100वें वर्ष पर सामंजस्यपूर्ण और संगठित भारत का आदर्श प्रस्तुत करने का संकल्प लिया। इस दौरान जिला मुख्यालय स्वयंसेवकां ने पूर्ण गणवेश में पथ संचलन भी किया।

जिला मुख्यालय स्थित चित्रकूट इंटर कॉलिज में रविवार को हिंदू नव संवत्सर, विक्रम संवत् 2082 (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा) के शुभारंभ के अवसर पर संघ के पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय मार्ग प्रमुख राजेन्द्र सक्सेना ने कहा कि संघ अपने कार्य के 100 वर्ष पूर्ण कर रहा है। ऐसे में लोगों को उत्सुकता है कि संघ इस अवसर को किस रूप में देखता है। हालांकि स्थापना के समय से ही संघ के लिए यह स्पष्ट रही है कि ऐसे अवसर उत्सव के लिए नहीं होते बल्कि ये हमें आत्मचिंतन करने तथा अपने उद्देश्य के प्रति पुनः समर्पित होने का अवसर प्रदान करते है। साथ ही यह अवसर इस पूरे आंदोलन को दिशा देने वाले मनीषियों और इस यात्रा में निःस्वार्थ भाव से जुड़ने वाले स्वयंसेवकों व उनके परिवारों का स्मरण भी है। 100 वर्ष की इस यात्रा के इस अवलोकन और विश्व शांति व समृद्धि के साथ सामंजस्यपूर्ण और एकजुट भारत के भविष्य का संकल्प लेने के लिए संघ के संस्थापक डॉ केशव बलिराम हेडगेवार की जयंती से बेहतर कोई अवसर नहीं हो सकता। आज वर्ष प्रतिपदा यानि हिंदू कैलेण्डर का पहला दिन है। संघ ने शाखा की अवधारण से आगे बढ़कर समाज की सज्जन शक्ति का आवाहन करते हुए सेवा कार्य की दिशा में कदम बढ़ाया और गत 99 वर्षों के दौरान महत्वपूर्ण प्रगति की है। ऐसे में जब संघ अपनी यात्रा के 100वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है, संघ ने राष्ट्र निर्माण के लिए व्यक्ति निर्माण के कार्य को ग्राम एवं खंड स्तर पर ले जाने का निर्णय लिया है। जिसमें आगामी वर्षों में पंच परिवर्तन यानि पांच स्तरीय कार्यक्रम का आवाहन संघ कार्य का केन्द्र बना रहेगा। जिसमें शाखाओं का विस्तार करते हुए संघ ने नागरिक कर्तव्यों, पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली, सामाजिक समरसता, पारिवारिक मूल्यों और स्वबोध पर ध्यान केंद्रित करना है। जिससे प्रत्येक व्यक्ति मातृभूमि को परम वैभव के शिखर पर ले जाने में योगदान दे सकें। इस मौके पर जिला प्रचारक लोकेन्द्र, विभाग प्रचार-प्रसार प्रमुख श्याम सुंदर मिश्रा, नगर प्रचारक दीपेन्द्र, नगर संघ चालक आदर्श श्रीवास्तव, नगर कार्यवाहक विजय किशोर, अतुल प्रताप, आशीष सिंह, सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य गिरिजाकांत बुधौलिया आदि मौजूद रहे।

## मेधा शक्ति विकासक क्रिया बढ़ाती है विवेक और मानसिक क्षमता- योगाचार्य



**चित्रकूट ब्यूरोः** जिला मुख्यालय के कुबेर गंज निवासी योगाचार्य रमेश सिंह राजपूत ने बताया कि स्मृति में समझदारी, विवेक, प्रज्ञा, कुशाग्र बुद्धि, धारण शक्ति की योग्यता बढ़ाने वाला सूक्ष्म योग व्यायाम का महत्वपूर्ण पांचवा भाग मेधा शक्ति विकासक क्रिया है।

बताया कि मोधा शक्ति विकासक क्रिया में मेधा का अर्थ है बुद्धि, विवेक या मानसिक क्षमता, शक्ति का अर्थ है ऊर्जा व विकासक का अर्थ है विस्तार या वृद्धि। अर्थात यह यौगिक क्रिया विवेक और बुद्धि को ऊर्जावान बनाकर उसे विस्तारित करता है। इस योग क्रिया को करने से मस्तिष्क के वात, पित्त और कफआदि दोष दूर होते हैं जिससे भूलने, बुद्धिमंदता, आलस्य, अनिद्रा जैसे रोग ठीक होने लगते हैं। बताया कि मेधा शक्ति के मजबूत होने से ही इंसान एकाग्र, बुद्धिमान होकर प्रतिभावान या मेधावी बनता है तथा जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अप्रत्याशित सफलताएं मिलने लगती हैं। इस क्रिया को करने के लिए एड़ी पंजा मिलाकर साम्यावस्था में खड़े होते हैं। हाथ की मुट्ठियां खुली दोनों हाथ बाजू में करताल पृष्ठ अंदर की ओर रीढ़ सीधी रहती है। इसके बाद गर्दन को आगे की ओर झुकाते हुए ठुड्डी कंठ से लगाते हैं जिसे जालंधर बंध रहते हैं। इसके बाद ध्यान गर्दन के पीछे (मेधाचक्र में) लगाकर, आंखें खुली, 20 से 25 बार गहरी और तीव्र श्वास प्रश्वास फेफड़ों में लेना और छोड़ना होता है। इससे गर्दन के पीछे हिस्से में खिंचाव और कंठ की तरफदबाव मिलता है। जिससे गर्दन व कंधों की जकड़न दूर होती है। चिंता और अवसाद से मुक्ति मिलती है। छात्रों को ध्यान केंद्रित करने के लिए यह एक अच्छा, हल्का और रोचक व्यायाम है। सावधानी के लिए इसे खाली पेट ढ़ीले वस्त्र पहनकर करना चाहिए।

## मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन पर निकली गाजे बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा





**महोबा ।** बालाजी महाराज कि जब प्रेरणा होती है तो प्रभु की प्रेरणा किसी भक्त को होती है तभी मानव रूपी भक्त भगवान की सेवा करने के लिए उनके श्री चरणों में पहुंचकर अपने जीवन को कृतार्थ करने के लिए धार्मिक कार्यो को करने के लिए भागीदारी करता है बताते चलें कि शहर के जिला महिला चिकित्सालय के पास स्थित श्री बालाजी महाराज के मंदिर प्रांगण से बालाजी महाराज की असीम कृपा पर श्री राम दरबार राधा कृष्ण दुर्गा जी तथा शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा एवं हवन पूजन का आयोजन मोहल्ला के ही मुख्य यजमान नूतन सिंह चौहान एवं उनके पुत्र शिवम सिंह चौहान द्वारा आयोजन किया जा रहा है

भगवान की प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व रविवार के रोज बालाजी महाराज के मंदिर प्रांगण से बैंड बाजा डीजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकली इस कलश यात्रा में महिलाओं व बेटियों ने अपने सिर पर मांगलिक कलश रखकर धार्मिक भजनों को गाते हुए नगर में भ्रमण किया और महिलाएं एवं पुरुष पीले वस्त्रो का धारण कर जय जय श्री राम हर हर महादेव के के गगन भेदी नारे लगाकर वातावरण को भक्ति में बनाया युवा पीढ़ी व बेटियों ने डीजे व बैंड बाजा में नृत्य प्रस्तुत किया कलश यात्रा में सुंदर आकर्षक झांकियां लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रही इस कलश यात्रा में युवाओं तथा बुजुर्गो द्वारा हाथों में भगवा रंग के ध्वज लेकर शोभा यात्रा में शामिल हुए कलश यात्रा पुराना स्टैंड तहसील चौराहा आल्हा चौक बाजार रोडवेज होते हुए बालाजी महाराज के दिव्य दरबार में यात्रा का समापन हुआ और आगामी 6 अप्रैल को भगवान की प्राण प्रतिष्ठा एवं हवन पूजन का आयोजन रखा गया है तथा 7 अप्रैल 2025 दिन सोमवार भगवान की प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत भंडारा प्रसाद वितरण का आयोजन मुख्य यजमान नूतन सिंह चौहान के तत्वाधान में किया जाना है मुख्य यजमान ने भक्तगणों से अपील की है कि भंडारा का प्रसाद ग्रहण करने के लिए जरूर पधारे तथा बालाजी महाराज के दरबार में माथा टेक कर परिवार मैं सुख समृद्धि शांति बनी रहने के लिए उनसे प्रार्थना कर आशीर्वाद प्राप्त करें कलश यात्रा के दौरान समाजसेवी सहित काफी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे

## भीम आर्मी ने उठाया युवकी की पिटाई का मुद्दा, सौंपा ज्ञापन



मानिकपुर, चित्रकूटः मानिकपुर आरपीएफद्वारा भीम आर्मी के कार्यकर्ता के साथ मारपीट करने के विरोध में शनिवार को पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग की है। भीम आर्मी के जिला संयोजक संजय गौतम ने बताया कि बीते दिन मानिकपुर रेलवे परिसर में आरपीएफ पुलिस ने पार्टी कार्यकर्ता अजय सोनकर के साथ मारपीट की है। उन्होंने मानिकपुर उपजिलाधिकारी मोहम्मद जसीम को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग की है। उपजिलाधिकारी ने ज्ञापन लेते हुए जांच करने का आश्वासन दिया है। इस सम्बन्ध में आरपीएफप्रभारी सचिन राठी ने कहा कि सम्बन्धित व्यक्ति रेलवे स्टेशन परिसर में ठेले में खीरा बेच रहा था, जिसे पुलिस ने मना करते हुए अग्रिम कार्यवाही की थी। इस मौके पर पुलिस उपाधीक्षक यामीन अहमद, मानिकपुर थाना प्रभारी दुर्गविजय सिंह, जीआरपी प्रभारी वीनेश सिंह व आरपीएफ प्रभारी सचिन राठी, उप निरीक्षक आशुतोष त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

### मालगाड़ी की चपेट में आने से युवक की मौत

इटावा। थानां पछायागांव के ग्राम करियाडांडा निवासी 25 वर्षीय युवक की उदी.आगरा रेलवे ट्रेक पर मालगाड़ी ट्रेन से कटकर मौत हो गयी। सूचना पर थानां पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज गया। उक्त ग्राम करियाडांडा निवासी रमेश यादव का 25 वर्षीय पुत्र प्रेमवीर यादव बुधवार प्रातः कांवड़ लेकर आया था। मंदिर पर कांवड़ चढ़ाने के बाद घर पर आराम कर रहा था।दोपहर बाद शाम करीब पांच बजे के आसपास खेतों की रखवाली करने की कहकर घर से निकला था।बताया गया कि प्रेमवीर उदी .आगरा रेलवे ट्रेक के समीप स्थित खेतों में फसल को नष्ट कर रहे गौवंशों को भगाने का प्रयास कर रहा था कि तभी उदी मोड़ की तरफसे आगरा की तरफजा रही मालगाड़ी की चपेट में आ गया। जिससे कटकर उसकी मौत हो गयी।

# भगवान झूलेलाल जयंती पर शोभा यात्रा में डांडिया और गरबा ने मचाई धूम



स्वतंत्र भारत संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** वरुण देव के अवतार एवं सिंधी समाज के धर्म पुरुष भगवान झूलेलाल जयंती के मौके पर सुबह बरियाणा साहब की शोभा यात्रा निकाली जिसमें आयो लाल झूलेलाल के उद्घोषों के बीच सिंधी समाज के महिला व पुरुषों ने डांडिया नृत्य किया। यात्रा पक्का पुल स्थित सिंधी धर्मशाला में स्थापित भगवान झूलेलाल मंदिर में हवन पूजन व पूजा अर्चना के बाद प्रारंभ हुई बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने यात्रा में हिस्सेदारी करके उसे सफल बनाया।

सिंधी धर्मशाला से चलकर यात्रा पक्कापुल किराना बाजार चौक रेलवे रोड होती हुई रेलवे स्टेशन के निकट स्थित सिंधी कॉलोनी सिंधु मैदान पहुंची

यहां यात्रा का स्वागत किया गया सिंधी समाज के लोगों को स्वावलंबी बनने का आह्वान किया गया।

झूलेलाल के मंदिर पर पूजा अर्चना की गई पिछले 11 दिनों से हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया गया

सिंधी पंचायत के अध्यक्ष आत्माराम डवानी की अध्यक्षता में ईश्वर दास शिवानी के संरक्षण में कार्यक्रम हुआ सभी ने एक दूसरे से गले मिलकर झूलेलाल जयंती की बधाई दी और एक दूसरे को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

इसके बाद सिंधु मैदान पर भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें सभी समाज के लोगों ने बड़ी तादाद में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सिंधि समाज की सबसे बुजुर्ग धर्मी मासी ने दीप प्रज्वलित किया।

इस अवसर पर कहा गया कि सिंधी समाज सबसे कम समाज है किसी भी काम को अपना धर्म समझकर यह लोग करते हैं और किसी भी काम को छोटा नहीं समझते बल्कि पूरी तत्परता के साथ उसमें लगकर सफलता को प्राप्त करते हैं कभी भी सिंधी समाज का कोई भी व्यक्ति भीख मांगता नहीं दिखाई दिया यह समाज के स्वावलंबी होने और स्वाभिमानी होने का प्रतीक है।

संरक्षक ईश्वर दास शिवानी ने कहा कि शिक्षा का प्रचार हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए इसके साथ.साथ रोजगार पर काम भी किए जाने चाहिए।

भगवान झूलेलाल की शिक्षाओं से सबक लेकर आगे बढ़ाने की बात कही। अध्यक्ष आत्माराम डवानी ने आए हुए अतिथियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि धर्म के काम में सभी को आगे जाकर हिस्सेदारी करनी चाहिए। उन्होंने कहा की जात.पात धर्म बाद की चीज है सबसे पहले इंसानियत को अपनाया जाना चाहिए इस अवसर पर बड़ी तादाद में लोग मौजूद रहे शाम के समय सिंधु मैदान से भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी ।

जिसमें भगवान झूलेलाल के स्वरूप की लोगों ने जगह.जगह पर आरती की यात्रा सिंधु मैदान से शुरू होकर रेलवे रोड चौक नेहरू रोड लाल दरवाजा होती हुई कादरी गेट से पांचाल घाट पहुंची वहां से पांचाल घाट पहुंचने के बाद पूजा.अर्चना के बाद जोत का विसर्जन किया गया।

कार्यक्रम में रजनी लौंगानी लक्ष्मी डबानी कोमल शर्मा के नेतृत्व से कार्यकर्ताओं जिसमें बीना गबरानी मनीषा गबरानी टीना हर्षा गरिमा ज्योति कोमल लीना कोमल भावना पायल कृति नव्या रिंकी सभी ने कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालित करते हुए संपन्न कराया ।बच्चों ने रंगबिरंगे परिधान पहनकर कविताए नृत्यए नाटक व भजन गाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और महिलाओं ने सिंधी एकता को प्रेरित करते हुए प्रतिष्ठित सिंधी धुनों ष् जिए सिंध जिए सिंध वारा जीएन ष् पर नृत्य करते हुए माहौल को आनंद मय कर दिया।प्रभु दयाल जेठवानीए विनोद कृपलानीए रमेश ओचानीए दीपक गबरानीए सुंदर दासए यश जेठवानी हिमांशु कुंदानी जीतू शिवानी गुरमुख बुधवानी नरेश परवानी संजू बजाज देव बुधवानी रमेश गबरानी भगवान दास कुंदनानी बबलू जेठवानी बंटी शिवानी चंदन शिवानी दिनेश बुधवानी कपिल बजाज कमल हिरानी अमन गंगवानी ललित फूलवानी अनुज सैनी सहित समाज के लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने धूमधाम से मनाया नव वर्ष



फर्रुखाबाद। कार्यक्रम में मौजूद राष्ट्रीय स्वयं सेवक

स्वतंत्र भारत संवाददाता

फर्रुखाबाद।अमृतपुर ।सरस्वती शिशु मंदिर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से नव वर्ष समारोह का आयोजन किया।कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ सदाशिव गोलवलकर एवं परम पूज्य केशव बलिराम हेडगेवार के चित्रों पर पुष्पार्पण से हुई।

वक्ताओं ने भारतीय संस्कृति एवं नव वर्ष के महत्व पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित किया।

संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भारतीय संस्कृति के अनुसार नव वर्ष मनाने पर जोर देते हुए कहा कि यह केवल तिथि परिवर्तन नहीं बल्कि आत्मविश्लेषण और नए संकल्प लेने का अवसर है। इस दौरान स्वयंसेवकों ने समाज में सेवा और सद्भावना का संदेश देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों शिक्षकों और संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे

## संस्कार भारती के पदाधिकारियों ने सूर्य को अर्घ्य दें नवसंवत्सर पर की मंगल कामना



फर्रुखाबाद। गंगा तट पर मौजूद संस्कार भारती के पदाधिकारीगण

स्वतंत्र भारत संवाददाता

**फर्रुखाबाद।**नव संवत्सर पर संस्कार भारती के पदाधिकारियों ने सूर्य की पहली किरण को अर्घ्य देकर मंगल कामना की। साहित्य की अखिल भारती संस्था संस्कार भारती ने नवसंवत्सर भारतीय नववर्ष के प्रथम दिन सूर्य अर्घ्य उपासना के साथ उगते हुए सूर्य की पहली किरण को अर्घ देकर राष्ट्र के लिए मंगलकामना की। रविवार को प्रातः काल संस्कार भारती के पदाधिकारियो ने पंचाल घाट गंगा तट पर स्थित दुर्वासा ऋषि आश्रम के पास एकत्र होकर गंगा स्नान के बाद संयोजक गौरव मिश्रा ने सभी का केसरचंदन से तिलक लगाकर अभिनंदन किया।इसके बाद सृष्टि के देवता सूर्य भगवान की उपासना कर राष्ट्र मंगल की कामना की गई। दुर्वासा आश्रम के महंत ईश्वरदास ब्रम्हचारी ने कहा कि सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया। सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चित् दुःखभाग् भवेत्।। के साथ परिवार समाजए राष्ट्र के लिए मंगल कामना कोप्रांतीय महामंत्री सुरेन्द्र पाण्डेय ने कहा सूर्य भगवान की पहली किरण सभी मानव जीवन को प्रकाशित करें तथा देश उन्नति के पथ पर अग्रसरित है।अध्यक्ष नवनीत गुप्ता आदेश अवस्थी रविंद्र भदौरिया अमन दीक्षित नरेन्द्र नाथ मिश्र नयन पाण्डेय कुलभूषण श्रीवास्तव प्रवेश वर्माए आदि लोग उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में देखे गए 164 मरीज

स्वतंत्र भारत संवाददाता

**फर्रुखाबाद।अमृतपुर।** मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमृतपुर में किया गया। डॉ गौरव वर्मा आयुर्वैदिक चिकित्साधिकारी डॉक्टर रूपाली भदौरिया सोनाली व कर्मचारी मौजूद रहे। निशुल्क दवाइयो के वितरण में 125 अंग्रेजी दवाइयां एवं 40 आयुर्वेदिक दवाओं के माध्यम से मरीजों को जांच के उपरांत मर्ज के अनुसार दवाइयां उपलब्ध कराई गई। कभी सर्दी कभी गर्मी के चलते लगातार बदल रहे मौसम से लोग बीमार हो रहे हैं। अधिकतर लोगों को खांसी जुकाम बुखार चक्कर आना सर में दर्द जी मिचलाना व दस्त आदि की शिकायतें पाई गई। मलेरिया के 12 टाइफाइड के 11 शुगर के 21 बलगम जांच के 5 हीमोग्लोबिन के 4 मरीजों की जाँच की गई। मरीज काफी दूर के गांवों से आ रहे थे। जिसमें परतापुर दौलतियापुर उधरपुर लीलापुर हरसिंहपुर नगला हूसा मुजाह करनपुर दत्त एवं कटरी क्षेत्र के मरीजो का उपचार कर दवाई दी गई

## न्यायमूर्ति ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया

मैनपुरी। माननीय प्रशासनिक न्यायमूर्ति डोनाडी रमेश द्वारा जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान माननीय जनपद न्यायाधीश पंकज कुमार अग्रवालए अपर जनपद न्यायाधीश ध् सचिवए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कमल सिंहए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती नम्रता सिंहए अधीक्षक श्रीमती कोमल मंगलानीए जेलर पवन कुमार त्रिवेदीए चीफ एल0ए0डी0सी0 हृदय कुमार चतुर्वेदीए सहायक एल0ए0डी0सी0 अनुज कुमार दीक्षितए विनोद कुमारए जेल विजिटर सुनील कुमारए कार्यालय लिपिकए देवेन्द्र सिंह व जेल पी0एल0वी0 आदि उपस्थित रहे। निरीक्षण में माननीय न्यायमूर्ति द्वारा जिला कारागार में बने बैरिक संख्या.07ए.बी. 08ए.बी. 10ए.बीए महिला बैरिक व पाकशाला का निरीक्षण किया गया। पाकशाला के निरीक्षण के दौरान पाकशाला में बन्दियों के सायंकालीन भोजन हेतु आलूए टमाटरए मटर की सब्जीए चना की दाल व रोटी बनायी जा रही थी। निरीक्षण के दौरान साफसफाई उचित पायी गयी। निरीक्षण के समय बन्दीए शाहरूख पुत्र इकबाल द्वारा बताया गया कि उसकी माननीय न्यायालयए अपर जनपद न्यायाधीशए कोर्ट नं0.1ए मैनपुरी से तलबी नहीं आ रही है। इस सम्बन्ध में अधीक्षकए कारागार को निर्देश दिए गए कि वह उक्त बन्दी का प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को अग्रसारित करना सुनिश्चित करें। तद्नुसार सचिवए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अग्रिम कार्यवाही करेंगे। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कारागार में कौशल विकास के अंतर्गत बन्दियों द्वारा तारकशी एवं सिलाई का कार्य भी किया जा रहा है। इस दौरान माननीय न्यायमूर्ति व उनकी धर्मपत्नी एवं माननीय जनपद न्यायाधीश व उनकी धर्मपत्नी द्वारा पौधा रोपण भी किया गया।

## लोधी राजपूत कल्याण महासभा के सम्मेलन में राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने नशाखोरी से दूर रहने का किया आह्वान




**फर्रुखाबाद। सम्मेलन में मंचासीन सांसद साक्षी महाराज पूर्व सांसद राजवीर सिंह? राजू बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह सांसद मुकेश राजपूत विधायक कैलाश राजपूत**

स्वतंत्र भारत संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा के जिला सम्मेलन में राजनीति में भागीदारी बढ़ाने समाज की तरक्की शिक्षा पर जोर देने का आवाहन किया गया

मुख्य अतिथि उन्नाव के सांसद साक्षी महाराज ने आवाहन किया है कि समाज के लोग राजनीति में भागीदारी कर बच्चों की शिक्षा पर विशेष जोर दें जिससे समाज तरक्की कर सके

उन्होंने समाज के लोगों का आवाहन किया कि वह नशाखोरी से दूर रहे कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद राजवीर सिंह राजू ने कहा कि हम किसी से कमजोर नहीं है इसलिए हमें अपनी राजनीति में भागीदारी बढ़ानी है और समाज में फैली कुरीतियों को दूर करना है बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि हमें सर्व समाज को एकत्रित करना है अंदर की बुराइयों को समाप्त करते हुए सभी लोग आगे बढ़े भारतीय संस्कृति एवं एकता अखंडता पर जो उंगली उठाने बालों को मुंहतोड़ जवाब देना है जब राजनीति और शिक्षा में हम आगे बढ़ेंगे तभी हम तरक्की कर सकते हैं सांसद मुकेश राजपूत ने कहा इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के सभी लोगों को एक मंच पर लाना है यह जिले में पहला सम्मेलन है समाज में बढ़ रही नशाखोरी पर उन्होंने चिंता जाहिर की है कार्यक्रम में पूर्व सांसद गंगा चरण राजपूत शंकर लाल लोधी विधायक कैलाश राजपूत चंद्रपाल सिंह लोधी वीरेंद्र सिंह लोधी साहब सिंह राजपूत देवेंद्र सिंह लोधी भाजपा जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा महासभा के जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम वर्मा ने भी विचार व्यक्त किये

## युवाओं की गंगा संरक्षण पर भाषण प्रतियोगिता हुई

स्वतंत्र भारत संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** जिला गंगा समिति वन विभाग की ओर से आयोजित गंगा स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन विवेकानंद क्लासेस फर्रुखाबाद में किया गया।कार्यक्रम में ब्लाक कायमगंज शमशाबाद राजेपुर कमालगंज बढ़पुर के गंगा ग्रामों से आए युवाओं ने भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया।भाषण के माध्यम से युवाओं ने गंगा की वर्तमान स्थिति पर प्रकाश डाला।

कुछ युवाओं ने गंगा संरक्षण पर भी अपने विचार प्रस्तुत किये।जिला परियोजना अधिकारी निहारिका पटेल ने सभी युवाओं को गंगा के विभिन्न स्वरूप धार्मिकआर्थिक भौगोलिक सामाजिक आदि स्वरूपों का वर्णन किया।

सभी युवा गंगा योद्धा के रूप में अपने.अपने क्षेत्र में गंगा संरक्षण को बचाने के लिए कार्य करें।

सप्ताह में एक दिन स्वच्छता के लिए कार्य करें स्वच्छता से न सिर्फहमारा वातावरण साफहोता है बल्कि हम कई बीमारियों से भी दूर रहते हैं। इस दौरान अपील की गई कि किसी भी व्यक्ति को अपशिष्ट वस्तुएं खंडित मूर्तियां पूजा की सामग्री पॉलिथीन कपड़े इत्यादि गंगा के तट पर नहीं छोड़ने चाहिए।

इसके साथ.साथ हमें गंगा में रहने वाले वन्यजीव जैसे विभिन्न प्रकार की मछलियां कछुए घड़ियाल मेंढक पक्षी इत्यादि की भी रक्षा करनी चाहिए। यह सभी वन्य जीव हमारे वातावरण को स्वच्छ करने में अपनी अहम भूमिका निभाते हैं। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट स्थान पाने वाले युवाओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर विवेकानंद क्लासेस के संचालक आलोक यादव नमामि गंगे के प्रशिक्षक रोहित दीक्षित आदि मौजूद रहे

## सम्राट अशोक के कार्य आज भी देश के लिये यादगार : रामनरेश अग्निहोत्री

**मैनपुरीध्भोगांव।** विधायक रामनरेश अग्निहोत्री ने कहा है कि सम्राट अशोक ने समाज मे अच्छे कार्य किये थे जिसकी बजह से पूरे देश मे उनका सम्मान है तथा लाखो की संख्या मे आज उनके अनुयायी है प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महापुरूषो की याद मे पूरे प्रदेश मे उनकी लगवाकर महापुरूषो को उनका सम्मान दे रही है।

विधायक रामनरेश अग्निहोत्री शनिवार को जीट रोड चौराहा पर नगर पंचायत द्वारा स्थापित सम्राट अशोक स्तम्भ का लोकार्पण करने के उपस्थित लोगो को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार ने महापुरूषो को जो सम्मान दिया है बह अभी तक किसी सरकार ने नही दिया है। उन्होने कहा कि सभी धार्मिक स्थानो एंव मन्दिरोएधर्म स्थलो का जीर्णाद्धार भी प्रदेश की सरकार के द्वारा किया जा रहा है। उन्होने प्रदेश मे विकास कार्यो के साथ साथ कानून व्यवस्था मजबूत होने से आज आम जनता खुद को सुरक्षित महसूस कर रही है। किसानोए गरीबोए व्यापारियो के लिये जनकल्याणकारी योजनायें एंव युवाओ को रोजगार देने का काम सरकार कर रही है। चेयरमैन प्रतिनिधि आाशीष तिवारी ने कहा कि सम्राट अशोक ने हमेशा ही अहिंसा का उपदेश दिया था ग्राम जसराजपुर के निकट सकिंसा घाट बौद्ध पर्यटन की आस्था का बडा केन्द्र है बौद्ध धर्म के अनुयायियो की आस्था को देखते हुये उन्होने चुनाव मे नगर के सम्राट अशोक स्तम्भ लगवाने का वायदा किया था जिसे अब पूरा किया है इस अशोक स्तम्भ के माध्यम से नगर को एक नई पहचान मिलेगी। पूर्व मे विधायक रामनरेश अग्निहोत्री ने भगवान बुद्ध की मूर्ति के समक्ष कैन्डिल जलाकर एंव सम्राट स्तम्भ का लोकार्पण किया। इस मौके पर पैक्सपैड चेयरमैन प्रेमसिंह शाक्यए भन्ते चेतसिंख बौद्धए भाजपा जिला उपाध्यक्ष वीरेन्द्र शाक्य ने भी लोगो को सम्बोधित किया। इस मौके पर सच्चिदानन्द तिवारीए छोटेलाल शाक्यए गौरव शााक्यए देवेन्द्र शाक्यए राधाकृष्ण बौद्धए सुरेन्द्र शुक्लाए अरविन्द्र तोमरए करोडीलाल वर्माए पवन तिवारीए वरिष्ठ लिपिक अमित मिश्राए सभासद अजय यादवए नीतेश राजपूतए अस्तेन्द्र गुप्ता आदि मौजूद थे।

## खबर एक नज़र

### ईद की नमाज आज

**मैनपुरीध्भोगांव।** जामा मस्जिद के सदर मुहम्मद शकील उर्फफूलमियां ने नगर के मुस्लिम समाज के लोगो से आवाहन करते हुये कहा है कि भोगांव मैनपुरी मार्ग पर स्थित ईदगांह पर आज सोमवार को प्रातः आठ बजकर पन्द्रह मिनट पर ईद की नवाज अदा करवाई जायेगी।

### कुरावली पुलिस ने एक अभियुक्त मय अवैध देसी तमंचा किया गिरफ्तार

**मैनपुरीध्कुरावली।** पुलिस ने अभियुक्त मय अवैध असलाह किया गिरफ्तारए भेज न्यायालय। अभियुक्त असलाह लिये कही जा रहा था मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबन्दी करते हुए पकड़ा।

थाना कुरावली क्षेत्र से अवैध असलाह ले जा रहे व्यक्ति की सूचना 29 मार्च 2025 को मुखबिर ने थाना प्रभारी धर्मेन्द्र सिंह चौहान को दी। मामले का संज्ञान लेते हुए थाना प्रभारी ने उपनिरीक्षक रामेश्वर दयाल मय हमराह क्षेत्र में रवाना किया। कुरावली क्षेत्र ग्राम देवकली के बाहर सरकारी निर्माणाधीन पानी की टंकी के पास से व्यक्ति की पहचान करते हुए पकड़ लिया गया। पूछताछ में अभियुक्त ने अपना नाम अनुज उर्फअनूप पुत्र जबर सिंह निवासी ग्राम सिरसा थाना कुरावली बताया। सर्च करने पर अभियुक्त के पास से एक अवैध देसी तमंचा 32 बोर और एक ज़िंदा कारतूस बरामद हुआ। उपनिरीक्षक ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर सम्बन्धित धाराओ में मुकदमा दर्ज करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया।

### ईद से पहले बाजार गुलजारए लोगो ने जमकर की खरीदगारी

**मैनपुरीध्भोगांव।** ईद के चांद की चादनी से पहले नगर के बाजार में इत्रों की खुशबूए चुड़ियां और कंगनों की खनकी गूंज रही है। ईद की तैयारियों को लेकर नगर का बाजार रोशन हो चुके हैं। बाजारों में खास रौनक बढ़ गई है। कपड़ेए चूड़ियांए खान.पीन के कई आइटम बाजारों में लोगों को खाने के लिए मजबूर कर रहे थे। इफ्तार और नमाज के बाद घरों से भीड़ बाजारों में दिखाई दी। इफ्तार करने के बाद लोग खरीदारी के लिए बाजारों में आ जा रहे हैं। नगर के मुस्लिम बाहुल्य इलाकों की रौनक देखने लायक है। ईद से एक दिन पहले रविवार को शाम से देर रात तक औरतों और बच्चों की भीड़ लस्सीए गरम दूधए गुलाब जामुनए हलवाए टिक्की और गोलगप्पे पर थी। कपड़े की दुकानों पर लोग खरीदारी करते रहे। सोमवार को ईद होने के कारण पूरे दिन मुस्लिम समाज के लोगो की भीड दुकानो पर जमी रही।

### परीक्षा में कुल पंजीकृत 1661 छात्रों के सापेक्ष 1498 छात्र परीक्षा में सम्मिलित हुए जबकि 163 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे

**मैनपुरी।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित नवनिर्मित जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय बालिका बेवर के शैक्षणिक सत्र 2024द्25 हेतु रिक्त सीटों के सापेक्ष कक्षा 06ए 07ए 08ए 09 एवं 11 के लिए प्रवेश परीक्षा जनपद के तीन परीक्षा केंद्रों पर सकुशल संपन्न हुई। परीक्षा में कुल पंजीकृत 1661 छात्रों के सापेक्ष 1498 छात्र परीक्षा में सम्मिलित हुए जबकि 163 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर जायजा लियाए परीक्षा को सकुशलए नकलरहित संपन्न करने के लिए प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एकदृएक स्टैटिक एवं एक.एक सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई थीए जिनकी देखरेख में परीक्षा संपन्न हुईए कु आरसी कन्या इंटर कॉलेज में पंजीकृत 556 के सापेक्ष 510 अभ्यर्थी उपस्थित हुए जबकि 46 छात्र अनुपस्थित रहेए क्रिश्चियन इंटर कॉलेज में पंजीकृत 555 के सापेक्ष 505 ने परीक्षा दी जबकि 50 अनुपस्थित रहेए इसी प्रकार चित्रगुप्त इंटर कॉलेज में पंजीकृत 550 के सापेक्ष 483 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुएए 67 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

### 12 बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक

**अज्ञात शख्स पर आग लगाने का आरोप**

**मैनपुरीध्कुसमरा।** चौकी क्षेत्र कुसमरा के ग्राम बुढौली में शनिवार की शाम एक किसान की 12 बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। पीड़ित किसान का आरोप है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी फसल में आग लगा दीए जिससे उसकी महीनों की मेहनत चंद मिनटों में राख बन गई।

गांव जवापुर निवासी जादूनाथ पुत्र मिश्रीलाल रामकुमार पुत्र मिश्री लालएऔर गया प्रसाद शाक्य पुत्र पुत्तू लाल शाक्य धनीराम शाक्य पुत्र पुत्तू लाल शाक्य ने बताया कि मेरा खेत मौजा बुढौली में है जिसमे आज शाम करीब पांच बजे 12 बीघा पकी खड़ी गेंहू की फसल में अज्ञात किसी सख्स ने वीडी सिगरेट पीकर खेत में ही फेंक दिया जिसके चलते गेंहू की खड़ी फसल में आग लग गई। घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को फोन कियाए लेकिन कॉल नहीं लगने के कारण समय पर मदद नहीं मिल सकी। देखते ही देखते तेज लपटों ने पूरी फसल को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना पाकर चौकी इंचार्ज भूपेंद्र सिरोही मौके पर पहुंचेए लेकिन पीड़ितों का आरोप है कि उन्होंने बिना किसी जांच.पड़ताल के घटनास्थल छोड़ चले गए। पीड़ित किसानों ने इस लापरवाही पर नाराजगी जाहिर की और प्रशासन से उचित कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि दोषियों की जल्द पहचान कर उनके खिलाफकड़ी कार्रवाई की जाएए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। वहींए किसानों की इस घटना को लेकर इलाके में भारी रोष है।

### क्षेत्राधिकारी ने किया थाने का औचक निरीक्षण

**हिस्ट्रीशीटर अपराधियों की पुलिस करेगी निगरानी**

**मैनपुरीध्बिछवा।** शनिवार को देर शाम क्षेत्राधिकारी भोगांव सत्य प्रकाश शर्मा ने थाने का औचक निरीक्षण किया। थाने में मौजूद विभिन्न रजिस्टरों का अवलोकन किया साथ ही लंबित विवेचनाओ को गुणदोष के आधार पर शीघ्र निपटाने के निर्देश दिए। महिला संबंधी अपराध में किसी भी प्रकार की शीतलताना न बरती जाए। किसी भी पुलिस कर्मचारियों की शिकायत नहीं आनी चाहिए। वाहन चेकिंग के दौरान भी सावधानी बरते। जो लोग बिना हेलमेट के बाइक चलाते हो साथ ही बिना नंबरों के बड़े वाहनों पर भी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने माल खाने के साथ महिला संबंधी अपराध के रजिस्टर का भी अवलोकन किया। क्षेत्र में जो अपराधी किस्म के लोग हैं और हिस्ट्री सीटर है उनकी निगरानी भी की जाएगी। साथ ही उनके विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई की जाएगी। मुख्य बाजारों में सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान थाना अध्यक्ष आशीष दुबेएउपनिरीक्षक राकेश शर्माए मनवीर सिंहए सुरेश सिंहए रामकिशोरए दुर्योधन एराहुल कुमारए विजेंद्र सिंह आदि पुलिस कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कुरावली पुलिस ने शान्तिभंग में चार अभियुक्त किये गिरफ्तार

**मैनपुरीध्कुरावली।** पुलिस ने झगड़ा कर रहे चार अभियुक्तो पर शान्तिभंग की कार्यवाही कर रिपोर्ट की दर्ज। मैनपुरी के थाना कुरावली क्षेत्र ग्राम कूकामई में व्यक्ति से कहा सुनी करते हुए गांव के ही कुछ लोगो ने गाली गलौज करते हुए की मारपीट और दी जान से मारने की धमकी। दिनांक 30 मार्च 2025 को वादी रमेश चन्द्र पुत्र कोमिल सिंह निवासी ग्राम सन्तोषपुर मौजा कूकामई कस्बा कुरावली ने थाना में शिकायत करते हुए बताया कि गांव के ही प्रमोद कुमारए ओमकारए अजय कुमार पुत्रगण सूरजपाल और सुकदेव उर्फकरु पुत्र अमरपाल ने पुरानी रंजिश रखते हुए गाली गलौज की। विरोध करने पर उक्त लोग उग्र हो गए और मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गए। मामले का संज्ञान लेते हुए थाना प्रभारी धर्मेंद्र सिंह चौहान ने सम्बन्धित धाराओ में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी।

### मूर्ति स्थापना से निकाली शोभायात्रा

**मैनपुरीध्भोगांव।** नगर के मुहल्ला चौधरी मे बाल्मीकि समाज के लोगो ने मां दुर्गाए मां कालीए भगवान शिवए गणेश पार्वती की मूर्तियो की स्थापना से पहले नगर मे बडे ही धूमधाम एंव बैण्ड बाजो के साथ शोभायात्रा निकाली जिसमे महिलाओ एंव पुरूषो ने देवी गीतो पर जमकर नृत्य किया।

रविवार को नगर के मुहल्ला चौधरी स्थित मन्दिर पर मूर्ति स्थापना से पहले समाज के लोगो ने नगर मे शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा नगर के मुख्य बाजार से होते हुये मन्दिर परिसर मे जाकर समाप्त हुई जहां बेदो मंत्रो के साथ मूर्ति स्थापना कराई गई। इस मौके पर सुरेन्द्र सिंह बाल्मीकिएधर्मेन्द्रए जितेन्द्रए रविए रितिक आदि मौजूद थे।

# सड़क दुर्घटनाओं में दो घायल

हलिया (मिर्जापुर)। जिले के हलिया थाना क्षेत्र के अलग अलग सड़क घटनाओं में दो लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिये भर्ती कराया गया है। ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के इंदवार गांव निवासी 24 वर्षीय बबुलेश बाइक से अपनी माता के साथ दर्शन पूजन करने के लिए आया था की माता को गड़बड़ा धाम में छोड़कर किसी कार्य से गड़बड़ा पुल की तरफ आया था की वापस लौटते समय जैसे ही हलिया ड्रमण्डगंज मार्ग गड़बड़ा मोड़ पर पहुंचा था की गड़बड़ा धाम से दर्शनर्थियों को लेकर जा रहे मैजिक वाहन से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुँचे लोगो ने घायल बाइक सवार युवक को उपचार के लिए पीआरवी 112 के वाहन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भिजवाया जहां पर चिकित्सक विवेक खरे व फार्मासिस्ट सुभाष पटेल ने घायल




बाइक सवार युवक की प्राथमिक उपचार करने के बाद सिर में गंभीर चोट को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया।वहीं दूसरी घटना इसी थाना क्षेत्र के हलिया लालगंज मार्ग मवई कला गांव स्थित एफसीआई गोदाम के पास रविवार को लालगंज की तरफसे आ रहे टीवीएस बाइक सवार नाम पता अज्ञात को हलिया की तरफसे जा रहे बोलोरो ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया दुर्घटना होती ही लालगंज की तरफसे आ रहे हलिया निवासी बाइक सवार अतुल दुबे वह अमरेश वर्मा ने घायल बाइक सवार युवक को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर गए जहां पर उपस्थित चिकित्सक विवेक खरे द्वारा घायल का प्राथमिक उपचार करने के उपरांत घायल के सिर की गंभीर चोट को देखते हुए बेहतर उपचार हेतु मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया। वहीं सूचना पर हलिया पुलिस के उपनिरीक्षक परमात्मा यादव व महेंद्र कुमार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर युवक की पहचान तथा जांच पड़ताल करने में जुट गए। युवक का नाम पता नहीं चल सका है। इस संबंध में चिकित्सक विवेक खरे ने बताया की पिकअप वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक अज्ञात युवक उपचार के लिए आया था। प्राथमिक उपचार के बाद सिर में गंभीर चोट को देखते हुए मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर किया गया है।

## मिर्जापुर : ईदगाह में सात और मकरीखोह मस्जिद में 8.30 बजे ईद की नमाज़

**मिर्जापुर।** जिले में सोमवार को ईद की नमाज के लिए मुफ्ती ए शहर मौलाना नजम अली ने बताया कि इमामबाड़ा स्थित ईदगाह में सुबह सात बजेसेईद की नमाज पढ़ी जाएगी। वहीं अन्य मस्जिदों मेंअलग-अलग समय पर नमाज अदा की जाएगी। नगर केवासलीगंज मस्जिद व संकटमोचन स्थित मस्जिद मेंसुबह 7.30 बजेनमाज पढ़ी जाएगी। इसके अलावा मकरीखोह मस्जिद मेंसुबह 8.30 बजे ईद की नमाज अदा की जाएगी।

## एक लाख से अधिक भक्तों ने मां शीतला के चरणों में मत्था टेका, लगी लम्बी लाइन



**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड के गड़बड़ा धाम में रविवार को चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन माँ शैलपुत्री का दर्शन पूजन कर भक्त निहाल हुए। मंदिर का कपाट खुलते ही भक्तों का ताता लग गया देखते ही देखते लम्बी कतार लग गयी। लगभग एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने मां शीतला के चरणों में शीश नवाया है। माँ के जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा। सेवटी नदी के घाटों पर स्नान के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। श्रद्धालु ने मां शीतला के दरबार में माला,फूल, नारियल, चुनरीप्रसाद लेकर मंदिर की तरफ जाने वाली कतार में खड़े हो गए। मंदिर का कपाट खुलते ही कतारों में खड़े भक्त मां की एक झलक पाने के लिए लालाइत रहे। पुरुष महिलाओं की अलग अलग लंबी लाइन लगी रही।भक्त हाथ में नारियल, चुनरी, लाचीदाना, जल, गुडहल के पुष्प माला आदि लिये देवी धाम पहुंचने के बाद श्रद्धालुओं ने मां के भव्य स्वरूप के दर्शन कर परिवार में सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की।देवी धाम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन की तरफ से चाक चौबंद इंतजाम किए गये था। जिसमें प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने मंदिर पर भक्तों की भीड देखते हुए पुरुष महिलाओं की लाइन लगावा दिया। मेले में भीड को देखते हुए सेवटी नदी के पूर्व हनुमान मंदिर के पास, सेमरा रोड पर, मडवा रोड पर तीन बैरियर लगा कर बड़ेवाहनो को रोक दिया था।पुजारी मंगलधारी मिश्रा ने बताया कि भोर मंगला आरती के पश्चात से ही मंदिर का पट खोल दिया गया था। लगभग एक लाख से अधिक भक्तों ने माता के दरबार में शीश नवाया है। मंदिर प्रबंधक ज्ञान चंद शुक्ल ने बताया कि सीसी टीवी कैमरे व बीस वालेंटियर्स भक्तों के दर्शन के सहयोग में लगाए गए है।

## साइबर ठगी का पैसा कराया वापस

**स्वतंत्र भारत मऊ।** पुलिस अधीक्षक इलमारन जी केनिर्देशन में रानी पुर साइबर पुलिस ने साइबर फ्राड हुए अठ्ठासी हजार आठ सौ नवासी रु. शुभम दुबे पुत्र विनोद दुबे निवासी काझा थाना रानीपुर मऊ के अकाउन्ट में वापस कराया गया ।उक्त प्रकरण में शुभम दुबे ने बताया की अनजान लिंक पर क्लिक करने पर मोबाइल हैक कर हैकर ने आवेदक के खाते से समस्त धनराशि निकाल लिया जिसकी मोबाइल पर एसएमएस आने पर इसकी जानकारी हुई जिसके सापेक्ष पीड़ित ने तत्काल रानीपुर पुलिस से सम्पर्क किया पीड़ित के आवेदन को साइबर पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए प्रकरण की जांच पड़ताल कर साइबर ठगी का पैसा पीड़ित के खाते में 88,889 रुपये वापस कराया गया।

## कुख्यातों की दुनिया से अनुज का अंत गांव के सन्नाटे में पुलिस का पहरा

**स्वतंत्र भारत मऊ।** मऊ जिले के ग्राम बहलोलपुर निवासी अनुज कन्नौजिया पुत्र हनुमान कन्नौजिया जरायम की दुनिया का ढाई लाख रुपए का इनामिया कुख्यात अपराधी था। जिसके ऊपर तीन जिलों मऊ, आजमगढ़ तथा गाजीपुर में हत्या ,लूट, रंगदारी और गैंगस्टर के कुल 22 मुकदमे दर्ज थे। जो शनिवार की रात को लगभग पौने बारह बजे झारखण्ड के जमशेदपुर में पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया। मुठभेड़ में अनुज कन्नौजिया के मारे जाने की सूचना कुछ देर बाद रात को ही जनपद पुलिस को भी मिल गई।उसके बाद स्थानीय पुलिस ने ग्राम बहलोलपुर में उसके घर के आसपास पैनी नजर रखने लगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार अनुज कन्नौजिया दोनों हाथ से एक साथ गोलियां चलाने में माहिर माना जाता था।जिसकी लोकशन पुलिस को उसकी पत्नी रीना राय पर नजर बनाए रखने पर मिली। थाना चिरैयाकोट के प्रभारी निरीक्षक योगेश यादव ने बताया कि अनुज कन्नौजिया के विरुद्ध मऊ जिले के रानीपुर थाना में 5, कोतवाली मऊ में 6 चिरैयाकोट थाना में 5, दक्षिण टोला थाना में 2 तथा गाजीपुर जिले के थाना दुल्लहपुर में 3 एवं आजमगढ़ जिले के तरवां थाना में 1 मुकदमा दर्ज है।

## पास्को एक्ट से संबंधित युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत नानपारा बहराइच।** तहसील नानपारा क्षेत्र अंतर्गत थाना खैरीघाट क्षेत्र से संबंधित पास्को अभियुक्त को पुलिस ने जेल का रास्ता दिखाया बताते चले अभियुक्त को राजी चौराहा चौराहा से पुलिस ने गिरफ्तार किया है गिरफ्तार युवक सुनील गौतम पुत्र लल्लू गौतम निवासी चमरहिया दाखिला माझा दरिया खुर्द थाना खैरीघाट को गिरफ्तारी टीम खाना खैरी घाट से उप निरीक्षक राम प्रवेश यादव हेड कांस्टेबल दयानंद सिंह ने दबोच लिया विधिक कार्रवाई करते हुए पुलिस ने न्यायालय रवाना कर दिया। अभियुक्त के गिरफ्तारी की सूचना परिजनों को उचित माध्यम से पुलिस द्वारा दे दी गई। पुलिस अधीक्षक बहराइच द्वारा अपराधियों की धर पकड़ कार्यक्रम के अंतर्गत दिए गए दिशा निर्देशों के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी के दिशा निर्देशन में पास्को एक्ट के अभियुक्त की गिरफ्तारी पुलिस द्वारा की गई है।

## मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में 143 का हुआ उपचार



**हलिया (मिर्जापुर)।** उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में कुल 143 मरीजों का चिकित्सक द्वारा उपचार कर निः शुल्क दवा वितरित किया गया है। नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर कामेश्वर तिवारी के देखरेख में 43मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमण्डगंज में आयोजित जन आरोग्य मेला का आयोजन डॉक्टर बालकृष्ण मिश्रा के देखरेख में 51मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौधा में आयोजित जन आरोग्य मेला का डॉक्टर सुरेश कंनौजिया के देखरेख में 49मरीजों का उपचार किया गया। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया की नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार, ड्रमण्डगंज, बरौधा में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में 143मरीजों का उपचार किया गया।इस दौरान फार्मासिस्ट मनोज कुमार,संजय श्रीवास्तव,राकेश पटेल, अरविन्द कुमार, स्टॉफनर्स माया आदि मौजूद रहें।

## सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र को दिया फ्रिज

**हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के देवहट ड्रमण्डगंज स्थित सेंट फ्रांसिस स्कूल में रविवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित कर पुरुस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। पुरुस्कार वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी विमला शंकर त्रिपाठी रहे। छात्र छात्राओ को मुख्य अतिथि द्वारा अपने हाथों से पुरुस्कार वितरण किया है। स्कूल में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर टाप करने वाले छात्र अंकित कुमार कुशवाहा को फ्रिज दिया गया। इसी प्रकार कक्षा में पहला स्थान प्राप्त करने वाले उर्जित कुमार, आकृति कुमारी, प्रखर सिंह, अस्तित्व पटेल, अंकित, अंकित कुमार को रिपोर्ट कार्ड व मेडल पुरुस्कार दिया गया




है। स्कूल के संचालक दिवाकर सिंह राजपूत ने कहा की स्कूल के छात्र एवं छात्राएं इसी तरह से स्थान प्राप्त करते रहे और विद्यालय का नाम रोशन करें। यह विद्यालय के लिए बहुत ही प्रसन्नता का विषय है। स्कूल के प्रधानाचार्य उमर खान ने कहा की बच्चो को यह शिक्षा प्रदान किया गया है कि हमारे छात्र एवं छात्राएं हमेशा लगन एवं निष्ठा के साथ अध्ययन करते रहे जिससे विद्यालय अनवरत क्षेत्र में आगे बढ़ता रहे। मुख्य अतिथि पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी विमला शंकर त्रिपाठी ने कहा कि बच्चो को हमेशा मेहनत करने की प्रेरणा प्रदान किया जिससे ये बच्चे आगे चलकर देश का गौरव बने। पुरुस्कार समापन के बाद विद्यालय के संचालक ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया है। इस दौरान राजकुमार सिंह, डॉ0 कमलेश सिंह, सोनू सिंह, इंदु पटेल, शिव मुनि कुशवाहा सहित शिक्षक अनिरुद्ध सिंह, सभाजीत चतुर्वेदी, रमजान कुरैशी, पंकज द्विवेदी, सुमित केशरी, दिव्या सिंह, सुषमा केशरी आदि मौजूद रहे।

## गंगा स्वच्छता पखवाड़ा के अवसर पर जनपद में कार्यक्रमों की रही धूम

**स्वतंत्र भारत मऊ।** गंगा स्वच्छता पखवाड़ा के अवसर पर जिला गंगा समिति, मऊ के तत्वावधान में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) के प्रांगण में निर्मल गंगा, समृद्ध भारत विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता और एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं और आमजन को गंगा सहित तमसा, घाघरा, शारदा, यमुना आदि नदियों की स्वच्छता और संरक्षण के प्रति जागरूक करना था। डायट में आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों के 60 छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने अपनी कलात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से गंगा को स्वच्छ बनाए रखने का संदेश दिया। वहीं, संगोष्ठी में नगर पालिका मऊ के अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार ने नगर में चल रहे स्वच्छता अभियानों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मऊ नगर पालिका द्वारा सभी वार्डों के घरों में सूखे और गीले कचरे के पृथक्करण के लिए दो अलग-अलग गार्बेज बॉक्स वितरित किए जा रहे हैं। उन्होंने छात्रों से अपील किया कि वे अपने घरों में कचरा अलग-अलग रखें और नगर पालिका की कचरा गाड़ियों में सही तरीके से डालें, जिससे मऊ को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सके। इसके अलावा उन्होंने छात्रों को नगर पालिका के कार्यों और जिम्मेदारियों को समझने के लिए भ्रमण का भी आमंत्रण दिया।

## बिजेथुआ महावीरन के विकास कार्यों को लेकर परिवहन मंत्री से मिले राज्य सूचना आयुक्त

**खेतासराय जौनपुर।** प्रदेश के राज्य सूचना आयुक्त व मशहूर कवि एवं लेखक वीरेंद्र सिंह %वत्स% ने शनिवार की देर शाम लखनऊ में परिवहन मंत्री जयवीर सिंह से उनके आवास पर मुलाकात की।राज्य सूचना आयुक्त ने पर्यटन मंत्री को अपना नया काव्य संग्रह 'तू जीत के लिए बना' भेंट किया। उन्होंने प्रसिद्ध, ऐतिहासिक एवं पौराणिक तीर्थ स्थल हनुमान जी की पावन नगरी विजेथुआ महावीरन को पर्यटन विभाग की कार्ययोजना में शामिल करने व पर्यटन स्थल घोषित करने तथा बिजेथुआ धाम को अयोध्या की विकास परियोजनाओं से जोड़ने के लिए उन्हें पत्र सौंपा। परिवहन मंत्री ने कहा कि अप्रैल माह में बिजेथुआ महावीरन को पर्यटन



विभाग की कार्ययोजना में शामिल कर लिया जाएगा। राज्य सूचना आयुक्त ने बताया कि सूरापुर स्थित बिजेथुआ धाम का अपना एक अलग पौराणिक महत्व है। उन्होंने कहा कि श्री रामचरितमानस में इसका उल्लेख मिलता है जब हनुमान जी संजीवनी के लिए हिमालय पर्वत जा रहे थे तो रावण के भेजने पर मायावी राक्षस कालनेमि के वेश में हनुमान जी को रोकना चाहा ताकि लक्ष्मण के प्राण पखेरू उड़ जाएं। उन्होंने कहा कि मुनि न होइ यह निश्चर घोरा, मानहु सत्य वचन कपि मोरा÷ का श्री रामचरितमानस में जिक्र है। यह वही स्थल है जहां हनुमान जी ने कालनेमि का वध किया था। इस अवसर पर लम्भुआ सुलतानपुर से विधायक सीताराम वर्मा भी उपस्थित थे।

## गिरधारी पहलवान के याद में रामघाट पर विराट कुश्ती दंगल की हुई प्रतियोगिता

**स्वतंत्र भारत मऊ।** स्वर्गीय श्री गिरधारी पहलवान कुश्ती अकादमी सेवा ट्रस्ट के तत्वाधान में रविवार को शिव मंदिर रामघाट पर विराट कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस कुश्ती दंगल में आजमगढ़ मऊ बलिया गोरखपुर बस्ती गाज़ीपुर वाराणसी महाराजगंज जनपद के पहलवान ने भाग लिया इस कुश्ती में लगभग 24 जोड़ी पहलवानों ने अपने दावआजमाएं जबकि अनुराग पहलवान मऊ तथा समीर पहलवान आजमगढ़ के बीच हुए 4 मिनट की कुश्ती में 3 मिनट में ही अनुराग पहलवान ने आजमगढ़ पहलवान समीर को पटकनी दी इस प्रकार लाल पहलवान गाज़ीपुर एवं बृजेश पहलवान मऊ के बीच भी कुश्ती हुई हो रहे इस कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का उद्घाटन मुबारकपुर आजमगढ़ के क्षेत्रीय विधायक अखिलेश यादव ने पहलवानों को हाथ मिलाकर इस कुश्ती का शुभारंभ किया इस मौके पर हवलदार पहलवान अजय पहलवान प्रिंस गुप्ता नितेश कुमार समेत क्षेत्र के तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

# नवरात्र का प्रथम दिन : विंध्यधाम में गूंजे मां के जयकारे

## मंगला आरती के बाद दर्शन-पूजन का सिलसिला शुरू हुआ





**मिर्जापुर।** नवरात्र के प्रथम दिन मां विंध्यवासिनी धाम में आस्थावानों की भीड़ भोर से ही कतारबद्ध हो गई थी। मंदिर के कपाट खुलते ही मां के जयकारों के साथ भक्तों ने पूजन-अर्चन किया। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस भी परिसर के आसपास तैनात रही।चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन आस्था धाम विंध्याचल श्रद्धालुओं से पट गया। माता के जयकारे से विंध्य धाम की समस्त गलियां गूंज उठीं। चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन मां विंध्यवासिनी धाम में श्रद्धा का सैलाब उमड़ा। मंगला आरती के बाद से ही दर्शन पूजन के लिए भक्तों का रेला लगा है। मंदिर परिसर में घंट-घड़ियाल के बीच मां के जयकारे गूंज रहे हैं। शनिवार की रात से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ लग गई थी। रविवार की भोर में मंगला आरती के बाद दर्शन-पूजन का सिलसिला शुरू हुआ जो अनवरत जारी है। मंदिर परिसर के बाहर तक लंबी कतारें लगीं रहीं। गंगा स्नान, ध्यान के पश्चात हाथों में नारियल, चुनरी व माता का प्रसाद लिए मंदिर की ओर जाने वाली गलियों में पहाड़ा वाली के जयकारे लगाते श्रद्धालु मंगला आरती के बाद मां विंध्यवासिनी के भव्य स्वरूप के दर्शन के लिए बेताब दिखे। मंदिर परिसर एवं परिक्रमा पथ प्रांगण एक अलग ही छटा बिखेर रही है अलौकिक सजावट विंध्याचल दरबार के साथ ही मां अष्टभुजी देवी व महाकाली मंदिर सहित कई अन्य मंदिरों की फूल, पत्तियों और रंग-बिरंगे झालरों से की गई सजावट अलौकिक छटा बिखेर रही है। सुरक्षा के खास इंतजाम मुख्य सड़कों, गलियों, गंगा घाटों और अष्टभुजा के पहाड़ पर दूरदराज से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो, इसको लेकर जिला प्रशासन सतर्क है। ड्रोन एवं सीसीटीवी कैमरे से नजर रखी जा रही है। एटीएस बल के साथ-साथ पुलिस के जवान सुरक्षा में तैनात हैं। विन्ध्याचल धाम में माँ विन्ध्यवासिनी के दर्शन पूजन हेतु भारी संख्या में आये श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था व सुगम दर्शन हेतु जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा, अपर जिलाधिकारी वित्त व राजस्व शिवप्रताप शुक्ला मेला क्षेत्र में भ्रमण कर ड्यिटी में लगे अधिकारियों व कर्मचारियों को चेक कर उत्साहवर्धन करते हुये मुस्तैदी से ड्यिटी करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

## आजमगढ़ निवासी विंध्याचल दर्शन करने निकले दर्शनार्थी की कार में लगी आग, बाल बाल बचे

**चुनार(मिर्जापुर)।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला रामघाट पर स्विफ्ट कार यूपी 50 सीआर1713 दिन में 11:15 बजे आग लग गई। कार पूरी तरह से जलकर खाक हो गया। कार के मालिक पंकज कुमार पुत्र रामेश्वर राम निवासी ग्राम नरैथा थाना जहानगंज आजमगढ़ ने बताया कि हम पांच दोस्तों सुजीत कुमार प्रवीण कुमार श्याम नारायण



परमानंद सभी गांव निवासी के साथ से सुबह विंध्याचल मां का दर्शन के लिए के लिए वाराणसी होते हुए चुनार पहुंचे चुनार के रामघाट मंदिर के पास गाड़ी खड़ी कर सभी लोग गंगा जी किनारा पहुंच कर हाथ पैर धोकर राम मंदिर पर जाने वाले थे की गाड़ी में आग लग गई। देखते-देखते गाड़ी पूरी तरह से जलने लगी। स्थानीय लोगों ने किसी तरह बुझाने की कोशिश की। स्थानीय लोगों ने फायर ब्रिगेड को फोन किया। 45 मिनट बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी आई। उसके पहले ही स्थानीय लोगों ने नल का पानी लगाकर पाइप द्वारा बुझाने के काफी प्रयास किया। उसके बाद नगर पालिका का टैंकर मंगा कर आग को बुझाया गया। घटनास्थल पर कस्बा चौकी इंचार्ज उदय नारायण मौजूद रहे।

## बंजारी जंगल की चौथे दिन बुझी आग वन विभाग ने ली राहत की सांस

**ड्रमंडगंज, मीरजापुर।** ड्रमंडगंज वनरेंज के बंजारी कलां जंगल में चार दिनों से लगी आग पर रविवार शाम को वनविभाग की टीम ने काबू पा लिया। जंगल की आग बुझने के बाद वनविभाग की टीम ने राहत की सांस ली। मध्यप्रदेश के जंगलों में लगी आग बढ़ते हुए बंजारी कलां वनक्षेत्र के लावादह और गरियरवा जंगल में बीते गुरुवार की शाम को पहुंच गई थी। शुक्रवार को लावादह और गरियरवा जंगल में लगी आग पर काबू पाया गया तो शनिवार सुबह सुइया जंगल में आग लग गई।सुइया जंगल में लगी आग पर शनिवार देर रात वनविभाग की टीम ने बुझा लिया तो रविवार सुबह तेज हवाओं के चलने से फिर से लावादह जंगल आग की चपेट में आ गया। रेंजर ड्रमंडगंज वीरेंद्र कुमार तिवारी वनदरोगा अभिषेक सिंह, वनरक्षक अनादि नाथ तिवारी सर्वेश्वर पटेल वनविभाग की टीम के साथ आग बुझाने में लगे रहे। रविवार शाम चार बजे जंगल की आग बुझने पर टीम ने राहत की सांस ली। बंजारी जंगल में आग की चपेट में आने से पेड़ पौधे जलकर नष्ट हो गए और वन्यजीवों पर खतरा मंडराने लगा था।आग बुझने पर पहाड़ के नजदीक स्थित बस्ती के ग्रामीणों ने भी राहत की सांस ली। वनदरोगा अभिषेक सिंह ने बताया कि बंजारी कलां जंगल में लगी आग पर काबू पा लिया गया है। जंगल में आग दोबारा न लगने पाए इसके लिए लगातार निगरानी की जा रही है।

## महिला झुलसी

**हलिया, मीरजापुर।** हलिया थाना क्षेत्र के मतवार गांव में शनिवार को मिट्टी के चूल्हे पर कुकर में दाल बनाते समय कुकर का ढक्कन फटने से भोजन बना रही महिला झुलसकर गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने एंबुलेंस से महिला को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर पहुंचे जहां पर मौजूद चिकित्सक द्वारा महिला का प्राथमिक उपचार के बाद मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया है। हलिया थाना क्षेत्र के मतवार गांव निवासी रविन्द्र पाल की पत्नी आंचल पाल (20) करीब 11बजे घर में बने मिट्टी के चूल्हे पर कुकर मे दाल बना रही थी। उसी दौरान कुकर में तेज धमाका होने से कुकर का ढक्कन ऊपर की ओर उड़ गया जिससे पास में बैठी भोजन बना रही गृहणी गंभीर रूप से झुलसकर घायल हो गई।महिला की चीख पुकार सुनकर घर में मौजूद पति रविंद्र मौके पर पहुंच कर महिला को उठाते हुए एंबुलेंस सेवा पर फोन किया।

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं 78, कैनाल रोड, कैन्ट, कानपुर से प्रकाशित।
सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**
फोन : 0512-2332212
0512-2330533
E-mail : swatantrabharat77@gmail.com
**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर होगा।**

# मोदी ने किया आरएसएस मुख्यालय का दौरा

## संघ के संस्थापकों को दी श्रद्धांजलि



नागपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नागपुर स्थित डॉ. हेडगेवार स्मृति मंदिर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार और इसके दूसरे सरसंघचालक एम एस गोलवलकर को समर्पित स्मारकों पर रविवार को पुष्पांजलि अर्पित की। आरएसएस के प्रशासनिक मुख्यालय रेशिमबाग स्थित स्मृति मंदिर में मोदी के साथ आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत, संघ के पूर्व महासचिव सुरेश भैयाजी जोशी, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी मौजूद थे। उन्होंने स्मारक स्थित स्मृति भवन में आरएसएस के पदाधिकारियों से भी मुलाकात की और उनके साथ तस्वीरें खिंचवाईं। मोदी ने स्मृति मंदिर में एक संदेश पुस्तिका पर लिखा कि ये स्मारक भारतीय संस्कृति, राष्ट्रवाद और संगठन के मूल्यों को समर्पित हैं। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में लिखा, 'आरएसएस के दो मजबूत स्तंभों का स्मारक उन लाखों स्वयंसेवकों के लिए प्रेरणा है जिन्होंने राष्ट्र की सेवा के लिए स्वयं को समर्पित कर दिया है।' उन्होंने कहा, 'मैं स्मृति मंदिर में आकर अभिभूत हूं। यह स्थल परम पूज्य डॉ. हेडगेवार और पूज्य गुरुजी की यादों को संजोए हुए है।' मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद पहली बार इस स्मारक का दौरा किया है। इससे पहले, भाजपा के वरिष्ठ नेता दिवंगत अटल बिहारी वाजपेयी ने 27 अगस्त 2000 को डॉ. हेडगेवार स्मृति मंदिर का दौरा किया था। उस समय वह प्रधानमंत्री थे। मोदी ऐसे समय स्मृति मंदिर पहुंचे जब रविवार को संघ का प्रतिपदा कार्यक्रम है जो हिंदू नववर्ष की शुरुआत के उपलक्ष्य में गुड़ी पड़वा के अवसर पर मनाया जाता है। प्रधानमंत्री ने रविवार को नागपुर में दीक्षाभूमि का भी दौरा किया और डॉ. भीमराव आंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की। दीक्षाभूमि पर डॉ. भीमराव आंबेडकर ने 1956 में अपने अनुयायियों के साथ बौद्ध धर्म अपनाया था। इससे पहले, मोदी के यहां हवाई अड्डा पहुंचने पर मुख्यमंत्री फडणवीस, केंद्रीय मंत्री गडकरी और भाजपा की प्रदेश इकाई के प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले ने उनका स्वागत किया।

# अब एलन मस्क के इस्तीफे की अटकलें ऑस्ट्रेलिया से यूरोप तक प्रदर्शन

वाशिंगटन। अमेरिकी सरकार में एलन मस्क के दखल के खिलाफ दुनियाभर में गुस्सा बढ़ता ही जा रहा है। सैकड़ों टेस्ला शोरूम के बाहर लोगों ने बड़ी संख्या में विरोध प्रदर्शन किया। लोगों का आरोप है कि अमेरिकी सरकार के संवेदनशील डाटा तक एलन मस्क की पहुंच बेहद खतरनाक है। प्रदर्शनकारी ट्रंप प्रशासन में मस्क की भूमिका का विरोध कर रहे हैं। इस बीच खबर आ रही है कि एलन मस्क मई के अंत तक दक्षता विभाग के प्रमुख के पद से इस्तीफा दे सकते हैं।

अमेरिका समेत यूरोप के कई देशों में लोगों ने टेस्ला शोरूम के बाहर रैली निकाली। लोगों का आरोप है कि एलन मस्क अमेरिकी सरकार को खत्म करने में जुटे हैं। प्रदर्शनकारियों ने लोगों से तीन बड़ी अपील की हैं कि टेस्ला की कारें न खरीदें, टेस्ला का स्टॉक बेच दें और टेस्ला टेकडाउन आंदोलन में हिस्सा लें।

अमेरिका में 277 टेस्ला शोरूम के बाहर रैली निकाली गई।वहीं दुनियाभर में 200 से अधिक स्थानों पर प्रदर्शन देखने को मिले। यह प्रदर्शन ऑस्ट्रेलिया से यूके तक फैले हैं। शनिवार को जर्मनी, फ्रांस, नीदरलैंड, फिनलैंड, नॉर्वे, डेनमार्क, न्यूजीलैंड, यूके और ऑस्ट्रेलिया में लोगों ने एलन मस्क और टेस्ला के खिलाफ प्रदर्शन किया और जमकर भड़ास निकाली।

# सीरिया में कार्यवाहक सरकार का गठन

दमिश्क। सीरिया में पूर्व राष्ट्रपति बशर अल असद के तख्तापलट के 4 महीने बाद कार्यवाहक सरकार का गठन किया गया है। अंतरिम राष्ट्रपति अल जुलानी ने 23 मंत्रियों को

### कोई प्रधानमंत्री नहीं

सरकार में नियुक्त किया है। अंतरिम राष्ट्रपति अल जुलानी ने जुलानी इसकी घोषणा की। मंत्रिमंडल में एक ईसाई महिला को भी शामिल किया गया है। खुफिया विभाग के चीफ अनस खत्ताब को देश को नया गृहमंत्री बनाया गया है। इसके अलावा भी कई नए चेहरे सरकार में शामिल किए गए हैं। सरकार में प्रधानमंत्री का पद नहीं रखा गया है। इसकी जगह राष्ट्रपति जुलानी एक महासचिव नियुक्त करेंगे।



यह कार्यवाहक सरकार अगले पांच वर्षों तक सत्ता में रहेगी। इस दौरान एक स्थायी संविधान को अपनाया जाएगा और चुनाव कराए जाएंगे। अंतरिम राष्ट्रपति अल जुलानी ने दिसंबर में पूर्व राष्ट्रपति बशर अल असद का तख्तापलट किया था। जुलानी के नेतृत्व वाले [illegible] संगठन ने सरकार के खिलाफ सशस्त्र विद्रोह शुरू किया था। कुछ दिनों में विद्रोहियों ने राजधानी दमिश्क पर कब्जा कर लिया था। इसके साथ ही असद खानदान की 54 पुरानी हुकूमत खत्म हो गई थी। तत्कालीन राष्ट्रपति बशर अल असद ने भागकर मॉस्को में शरण ली थी।

जुलानी को अहमद अल-शरा नाम से भी जाना जाता है। उसने साल 2000 में उन्होंने मेडिकल कॉलेज में दाखिला लिया। एक लिबरल इस्लाम वाले माहौल में पला-बढ़ा जुलानी जब कॉलेज पहुंचा तो उसका सामना कट्टर इस्लाम वाली विचारधारा रखने वाले लोगों से हुआ।

# नेपाल हिंसा के पूर्व राजा की सुरक्षा घटाई

काठमांडू। हिंसक प्रदर्शन के बाद नेपाल सरकार ने देश के पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह की सुरक्षा घटा दी है। नेपाल में राजशाही का समर्थन वाले लोगों का प्रदर्शन शुक्रवार को हिंसक

### हिंसक प्रदर्शनों में हुए नुकसान की वसूली भी होगी

### ज्ञानेंद्र शाह की गतिविधियों पर सरकार की निगाहें टिकीं

हो गया था। प्रदर्शन के दौरान पथराव, एक पार्टी के कार्यालय पर हमला, दुकानों में लूटपाट और वाहनों में आग लगाने की घटनाओं को अंजाम दिया गया। पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह अपने निजी घर निर्मल निवास में रहते हैं। यहां पहले 25 सुरक्षा कर्मियों की तैनाती होती थी। मगर शुक्रवार की हिंसा के बाद यह संख्या घटाकर 16 कर दी गई है। राजशाही के समर्थक नेपाल को दोबारा हिंदू राष्ट्र बनाने की मांग उठा रहे हैं। हिंसा में हुए नुकसान की भरपाई भी पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह से होगी। इस संबंध में काठमांडू नगर पालिका ने एक नोटिस जारी किया है। काठमांडू नगर निगम ने पूर्व राजा को सात लाख नेपाली रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया है। पूर्व राजा को यह रकम जल्द भरने को कहा गया है। शुक्रवार को प्रदर्शनकारियों ने व्यापारिक परिसरों, रेस्तरां, अस्पतालों, निजी व



सरकारी भवनों समेत एक दर्जन से अधिक संपत्तियों में तोड़फोड़ की। सुरक्षाकर्मियों और राजशाही समर्थक प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प में एक टीवी कैमरामैन समेत दो लोगों की जान गई है। वहीं 110 अन्य लोग घायल हुए हैं। नेपाल के गृह मंत्रालय के सूत्रों ने जानकारी दी है कि पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र शाह की सुरक्षा में तैनात टीम में भी बदलाव किया गया है। ज्ञानेंद्र शाह की गतिविधियों पर भी सरकार ने निगरानी कड़ी कर दी है। नेपाली कांग्रेस ने कहा कि शुक्रवार की हिंसक घटनाओं का जिम्मेदार ज्ञानेंद्र शाह को ठहराया जाना चाहिए।

## एक नज़र

### पाकिस्तानी सेना के हमलों में 12 आतंकवादी मारे गए

पेशावर। पाकिस्तानी सुरक्षा बलों द्वारा देश के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में आतंकवादियों के एक ठिकाने पर किए गए ड्रोन हमलों में 12 आतंकवादियों और 'कुछ आम नागरिकों' की मौत हो गई। प्रांतीय सरकार ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि 'आतंकवाद के खिलाफ अभियान' के तहत मरदान जिले में कटलांग के सुदूर पहाड़ी क्षेत्र में आतंकवादियों के ठिकानों को निशाना बनाया गया। सरकार ने इन हमलों में आम नागरिकों के हताहत होने की पुष्टि की और संकेत दिया कि इनमें महिलाएं एवं बच्चे भी शामिल हो सकते हैं। आधिकारिक रिपोर्ट में बताया गया कि अभियान के दौरान 12 आतंकवादी मारे गए। शनिवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि यह अभियान आतंकवादियों के ठिकाने संबंधी 'विश्वसनीय खुफिया जानकारी' मिलने के बाद चलाया गया। इसमें कहा गया कि क्षेत्र में जारी आतंकवादी गतिविधियों से जुड़े कई आतंकवादी इस अभियान के दौरान मारे गए।

### आंध्र : घर में मिले परिवार के चार सदस्यों के शव

मदाकासिरा। आंध्र प्रदेश के श्री साईं जिले में एक ही परिवार के चार सदस्यों के शव अपने ही घर में मिले। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शुरुआती जांच में इस बात के संदेह हैं कि परिवार के इस संदिग्ध आत्महत्या का कारण आर्थिक तंगी और अंदरूनी पारिवारिक विवाद हो सकता है। मृतकों की पहचान मदकासिरा के गांधी बाजार इलाके में सोने की दुकान के मालिक कृष्ण चारी, उनकी पत्नी सरला और उनके दो बेटों के रूप में हुई है। समाचार एजेंसी पीटीआई से बात करते हुए बताया कि परिवार ने साइनाइड का सेवन किया, जो उन्हें सुनार के तौर पर उपलब्ध था। बताया जा रहा है कि तीन भाइयों में सबसे सबसे बड़े चारी कर्ज में डूबे हुए थे और कथित तौर पर अपने भाई-बहनों की आर्थिक सफलता से ईर्ष्या करते थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि चारी के पिता ने सबसे पहले शवों को देखा।

### तालिबान की कैद से अमेरिकी महिला रिहा

वॉशिंगटन। बीते दिनों फरवरी से अफगानिस्तान में तालिबान द्वारा हिरासत में ली गई अमेरिकी महिला फेय हॉल को रिहा कर दिया गया है। रिहाई के समय फेय हॉल की सेहत अच्छी बताई जा रही है। तालिबान ने हॉल को बिना अनुमति ड्रोन चलाने के आरोप में हिरासत में लिया था। सूत्रों के अनुसार, फेय हॉल को गुरुवार को कतर की मदद से रिहा किया गया। उसे काबुल में कतरी दूतावास में सुरक्षित रखा गया। तालिबान के कब्जे के बाद अफगानिस्तान में अमेरिकी दूतावास बंद हो चुका है। इसलिए हॉल की गिरफ्तारी के बाद कतर ने आगे की भूमिका निभाते हुए रिहाई में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### ऑटिज्म पीड़ित छात्र से मारपीट में शिक्षक गिरफ्तार

नोएडा। नोएडा के सेक्टर 55 स्थित एक निजी स्कूल के शिक्षक ने ऑटिज्म से पीड़ित 10 वर्षीय लड़के के साथ कथित तौर पर मारपीट की। इस घटना का कथित वीडियो शनिवार को सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित हुआ। लड़के के परिवार की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया गया और स्कूल को सील कर दिया गया। लड़के के परिवार को मारपीट की इस घटना के बारे में तब पता चला जब शुक्रवार को इसका वीडियो गलती से माता-पिता और स्कूल अधिकारियों के व्हाट्सऐप समूह पर साझा हो गया। यह घटना बुधवार को हुई थी।

### अमेरिकी भूविज्ञानी ने किया दावा, 300 से अधिक परमाणु बमों के बराबर थी म्यांमार में आए भूकंप की ऊर्जा

न्यूयार्क। म्यांमार में आए विनाशकारी भूकंप में एक हजार से अधिक लोगों की मौत हो गई है और देश में कई इमारतें नष्ट हो गई हैं। इस बीच, अमेरिका के एक प्रमुख भूविज्ञानी ने कहा है कि म्यांमार में आए 7.7 तीव्रता के घातक भूकंप की ऊर्जा 300 से अधिक परमाणु बमों के बराबर थी। भूविज्ञानी जेस फीनिक्स ने सीएनएन को बताया, 'ऐसे भूकंप से निकलने वाली शक्ति करीब 334 परमाणु बमों के बराबर होती है।' उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि ये झटके महीनों तक रह सकते हैं। भूविज्ञानी ने बताया कि ऐसा इसलिए है क्योंकि भारतीय टेक्टोनिक प्लेट म्यांमार के नीचे यूरेशियन प्लेट से टकराती रहती है। फीनिक्स ने कहा कि आपदा की पूरी गंभीरता को समझने में कुछ बाधाएं हो सकती हैं। उन्होंने कहा, म्यांमार में चल रहा गृहयुद्ध और संचार व्यवस्था में व्यवधान के कारण बाहरी दुनिया भूकंप के पूरे प्रभाव को समझ नहीं पा रही है। भारत ने म्यांमार की मदद के लिए आगे आकर ऑपरेशन ब्रह्मा शुरू किया है। इस ऑपरेशन के तहत भारत ने म्यांमार को कंबल, तिरपाल, स्वच्छता किट, स्लीपिंग बैग, सोलर लैंप, खाने के पैकेट और रसोई सेट जैसी ज़रूरी आपूर्ति भेजी है और अपने पड़ोसी देश में एक मेडिकल यूनिट के साथ-साथ खोज और बचाव दल भी तैनात किया है।

# हमास समर्थकों को अमेरिका छोड़ने का फरमान

वॉशिंगटन। अमेरिका में पढ़ रहे सैकड़ों अंतरराष्ट्रीय छात्रों को अमेरिकी विदेश विभाग ने ईमेल भेजकर देश छोड़ने का फरमान सुनाया है। हमास

### अमेरिकी विदेश विभाग ने भेजा ईमेल

या अन्य आतंकी संगठनों का समर्थन करने वाले इन छात्रों से खुद को निर्वासित करने के लिए कहा गया है, क्योंकि कैंपस में सक्रियता के कारण उनका एफ-1 वीजा (छात्र वीजा) रद कर दिया गया है। यह कार्रवाई केवल उन छात्रों तक ही सीमित नहीं है, जिन्होंने कैंपस एक्टिविज्म में सक्रिय रूप से भाग लिया था। उन लोगों को भी निशाना बनाया गया है, जिन्होंने राष्ट्र-विरोधी पोस्ट को शेयर या लाइक किया था। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने हाल ही में एक एआइ-संचालित एप कैच एंड रिवोक भी लांच किया है, ताकि हमास या अन्य नामित आतंकी संगठनों का समर्थन करने वाले छात्रों का पता लगाकर उनका वीजा रद किया जा सके। विदेश विभाग नए छात्र आवेदनों की भी जांच कर रहा है, चाहे वह अकादमिक अध्ययन वीजा, व्यावसायिक अध्ययन वीजा या एक्सचेंज वीजा के लिए हो। दोषी पाए जाने पर आवेदकों को अमेरिका में अध्ययन करने का अवसर नहीं दिया जाएगा।

# हमास की मंजूरी, इजरायल का नया प्रस्ताव

## गाजा में युद्धविराम के भविष्य को लेकर दुविधा

गाजा सिटी। हमास ने गाजा पट्टी में इजरायल के साथ युद्धविराम प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। हमास की तरफ से कहा गया है कि उसने मध्यस्थों मिस्र और कतर द्वारा प्रस्तावित युद्धविराम प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है लेकिन दुविधा तब पैदा हो गई जब इजरायल की तरफ से कहा गया कि उसने अमेरिका के साथ मिलकर एक नया प्रस्ताव तैयार किया है। इसमें इजरायल की तरफ से रिहा होने वाले बंधकों की संख्या में बदलाव किया गया है। गाजा में युद्धविराम के लिए मिस्र और कतर पिछले कुछ समय से लगातार प्रयास करने में लगे हुए हैं। इसी के तहत उन्होंने हमास के सामने एक प्रस्ताव रखा था। मिस्र के एक अधिकारी ने बताया कि इस समझौते के तहत हमास एक अमेरिकी-इजराइली समेत पांच जीवित बंधकों को रिहा करेगा जिसके बदले में इजराइल गाजा में मानवीय सहायता को पहुंचने देगा और एक सप्ताह के लिए युद्ध रोकने पर सहमत होगा। साथ ही, इजराइल सैकड़ों फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। गाजा में हमास के नेता खलील अल-हय्या ने इसे स्वीकार करने की घोषणा की लेकिन अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि इस घोषणा से पहले प्रस्ताव में बदलाव किया गया था या नहीं। इजरायल की तरफ से पेश किए गए नए प्रस्ताव पर कोई ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है लेकिन पीएम नेतन्याहू ने कहा कि यह प्रस्ताव शुक्रवार को हुई चर्चा के बाद सामने आया है। इससे पहले इजरायल ने करीब दस दिन पहले हमास पर बंधकों को न छोड़ने का आरोप लगाते हुए सीजफायर तोड़कर हमला कर दिया था। इन हमलों में सैकड़ों लोग मारे गए थे। व्हाइट हाउस की तरफ से इजरायल को भड़काने के लिए हमास को जिम्मेदार ठहराया गया था।

# बांग्लादेश : यूनुस सरकार को अब खालिदा जिया की चुनौती

ढाका। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की पार्टी बीएनपी ने अंतरिम सरकार में किए जा रहे सुधारों की वैधता पर सवाल उठाए। वहीं, छात्रों के नेतृत्व वाले दल एनसीपी ने आरोप लगाया कि कुछ दल तत्काल चुनाव कराने के लिए सुधार की प्रक्रिया को नजरअंदाज करने का प्रयास कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, बांग्लादेश राष्ट्रवादी पार्टी (बीएनपी) के प्रवक्ता अमीर खासरू महमूद चौधरी ने चटगांव में पार्ट के एक कार्यक्रम के दौरान कहा, माफ कीजिए, यह (सुधार) आपका काम नहीं है। चौधरी ने आरोप लगाया कि मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की उसी नीति को दोहरा रही है, जिसने विकास के नाम पर निष्पक्ष चुनावों से जनता को वंचित कर दिया था। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार भी सुधारों के नाम पर उसी रास्ते पर चल रही है। चौधरी ने कहा कि जनता की आजादी सुनिश्चित करने का एकमात्र तरीका निष्पक्ष चुनाव है, लेकिन सुधारों के बहाने इस प्रक्रिया को लंबा खींचा जा रहा है। बीएनपी इस समय बांग्लादेश की प्रमुख सियासी पार्टी है, क्योंकि पांच अगस्त 2024 को हसीना की अवामी लीग सरकार के पतन के बाद अधिकांश नेता जेल में हैं या फरार हैं या देश छोड़कर चले गए हैं। शेख हसीना तब से भारत में ही रह रही हैं।

# ड्राइविंग में भारत दुनिया का पांचवां सबसे खतरनाक देश

जोहानिसबर्ग। गाड़ी चलाने के लिहाज से दक्षिण अफ्रीका दुनिया का सबसे खतरनाक देश है। इस सूची में भारत पांचवें पायदान पर है। एक शोध

### पहले नंबर पर है दक्षिण अफ्रीका

के मुताबिक, यूरोपीय देश नार्वे गाड़ी चलाने के लिए सबसे सुरक्षित है। अमेरिकी ड्राइवर प्रशिक्षण कंपनी जुटोबी ने 53 देशों में किए गए शोध के आधार पर यह रिपोर्ट तैयार की है। इस सूची में भारत 49वें स्थान पर है, जबकि अमेरिका तीसरे (51वें) पायदान पर है। लगातार चौथे साल नार्वे पहले पायदान पर है, उसे गाड़ी चलाने के लिए सबसे सुरक्षित देश माना गया। वहीं, दक्षिण अफ्रीका लगातार दूसरे साल सबसे निचले पायदान पर रहा। जुटोबी की ओर से जारी बयान में कहा गया कि शोध में उसने हाईवे पर गति सीमा, ड्राइवरों के लिए रक्त में अल्कोहल की मात्रा की



सीमा और सड़क यातायात मृत्यु दर जैसे संकेतकों के आधार पर देशों का विश्लेषण किया। ताकि वाहन चलाने के लिए दुनिया के सबसे सुरक्षित और सबसे खतरनाक देशों का निर्धारण किया जा सके। सभी देशों में प्रति एक लाख पर अनुमानित सड़क हादसों में मौतों की औसत संख्या पिछले वर्ष की तुलना में 8.9 से घटकर 6.3 हो गई है। जबकि हर देश में राष्ट्रीय गति सीमा और रक्त अल्कोहल सांद्रता सीमा में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है।

# इजरायली हमले नहीं रुके तो विकल्पों पर विचार

बेरूत। हिजबुल्लाह ने शनिवार को चेतावनी दी कि अगर इजरायल के हमले जारी रहे और लेबनान की सरकार इन्हें रोकने में विफल रही तो

### हिजबुल्लाह ने दी चेतावनी

चरमपंथी संगठन दूसरे विकल्प अपनाने पर मजबूर होगा। संगठन के उप प्रमुख नईम कासेम की यह टिप्पणी तब आई, जब इजरायल ने नवंबर में हुए संघर्षविराम के बाद पहली बार लेबनान की राजधानी बेरूत पर हमला किया। उससे कुछ घंटे पहले लेबनान से इजरायल की ओर दो रॉकेट दागे गए थे। हालांकि, हिजबुल्ला ने इन रॉकेट हमलों में संलिप्तता से इनकार किया। इजरायली अधिकारियों की ओर से इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। नईम कासिम शुक्रवार को यरूशलम दिवस (अल-कुद्स दिवस) के मौके पर भाषण देने वाले थे, जो आमतौर पर रमजान के अंतिम शुक्रवार को मनाया जाता है। लेकिन इजरायली हमलों के कारण इसे टाल दिया गया। यरूशलम दिवस 1979 में ईरान के पहले सर्वोच्च नेता अयातुल्ला रुहोल्लाह खुमैनी ने शुरू किया था। इस दिन ईरान और उसके सहयोगी फलस्तीनियों के समर्थ में रैलियां निकालते हैं और इजरायल का विरोध करते हैं। इजरायल-हिजबुल्ला का युद्ध 14 महीने तक चला था। अमेरिका की मध्यस्थता से हुए युद्धविराम के तहत युद्ध को समाप्त किया गया था।

# अप्रैल फूल्स डे पर शरारतों की मस्ती बनाए रखें!

'फर्स्ट अप्रैल' यानी अप्रैल फूल डे... एक ऐसा दिन जो पूरी तरह मस्ती, मज़ाक और शरारती ट्रिक्स के नाम होता है। सदियों से इसे हर संस्कृति में हंसी-मज़ाक और हल्की-फुल्की शरारतों के ज़रिए मनाया जाता रहा है। ज़ी टीवी के कुछ सबसे चहेते सितारों ने अपने सबसे यादगार अप्रैल फूल डे प्रैंक्स के किस्से शेयर किये। 'भाग्य लक्ष्मी' में लक्ष्मी का किरदार निभा रहीं ऐश्वर्या खरे ने कहा, ''अप्रैल फूल्स डे वो दिन होता है, जब अपने सबसे करीबी दोस्त पर भी भरोसा नहीं किया जा सकता! अप्रैल फूल्स डे की सबसे अच्छी बात यही है कि यह सिर्फमस्ती और मज़ाक का दिन होता है, जो हमें और करीब लाता है।' 'कैसे मुझे तुम मिल गए' में मानवी का किरदार निभा रहीं आकांक्षा चमोला ने कहा, ''अप्रैल फूल्स डे आते ही मैं आसपास के हर इंसान पर शक करने लगती हूं! मैंने एक बात समझी है कि सबसे बेहतरीन शरारतें तभी होती हैं, जब कोई उनकी उम्मीद ही न करे! इसलिए मैं अप्रैल फूल्स डे से पहले



या बाद में शरारतें करने में यकीन रखती हूं। अंत में, सबका मकसद बस हंसी और खुशी फैलाना ही होता है। तो खूब हंसिए, थोड़ा शरारती बनिए और एक शानदार अप्रैल फूल्स डे का मज़ा लीजिए!''जागृति - एक नई सुबह' में कालीकांत का किरदार निभा रहे आर्य बब्बर ने कहा, ''प्रैंकिंग तो मेरे खून में बसी है! सच कहूं तो अप्रैल फूल डे तो बस एक बहाना है, मैं तो साल भर यही करता हूं! ऑन-स्क्रीन भले ही मैं बेरहम कालीकांत का रोल निभा रहा हूं, लेकिन ऑफ स्क्रीन मेरी ज़िंदगी मस्ती और हंसी-मज़ाक के लिए बनी है! 'कुमकुम भाग्य' में रौनक का किरदार निभा रहे अक्षय देव बिंद्रा ने कहा, ''मैं बचपन से ही शरारती रहा हूं! स्कूल के दिनों में मैं वही बच्चा था, जो दोस्तों की पीठ पर 'किक मी' वाले नोट्स चिपकाता था या फिर व्हाइटबोर्ड के मार्कर को इनविज़िबल इंक से बदल देता था। इस अप्रैल फूल्स डे पर आइए, शरारतों की मस्ती बनाए रखें और हंसते-हंसाते रहें! 'जाने अनजाने हम मिले' में राघव का किरदार निभा रहे भरत अहलावत ने कहा, ''हमारे सेट पर तो हर दिन अप्रैल फूल्स डे जैसा ही लगता है, क्योंकि हर वक्त कोई न कोई शरारत होती रहती है! मुझे दूसरों से प्रैंक करना पसंद है, लेकिन खुद भी कई बार शिकार बन चुका हूं। इस 1 अप्रैल को सरप्राइज़ का मज़ा लीजिए, हंसते-हंसाते रहिए और हां, सतर्क भी रहिए! ''वसुधा' में वसुधा का किरदार निभा रहीं प्रिया ठाकुर ने कहा, ''अप्रैल फूल्स डे मेरे लिए सिर्फ एक दिन नहीं, बल्कि एक परंपरा है - या यूं कहें, शरारतों का त्यौहार! बचपन से ही मैं और मेरे दोस्त हल्की-फुल्की, लेकिन बेहद चालाक शरारतें करते आए हैं... कभी चीनी की जगह नमक डालना, तो कभी कोई अनोखा सरप्राइज़ प्लान करना।''

छोटा पर्दा

# विभाजक ताकतों को सफल नहीं होने देंगे : रेवंत रेड्डी



हैदराबाद। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस उन लोगों को नहीं बख्शेगी जो विभाजनकारी एजेंडे के साथ चुनाव जीतने की कोशिश करते हैं। रमजान के मौके पर अपने विधानसभा क्षेत्र कोडंगल में आयोजित इफ्तार में उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा सांप्रदायिक ताकतों के खिलाफ लड़ाई में सबसे आगे रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान नफरत के बाजार' में 'मोहब्बत की दुकान' खोलने पर जोर दिया था। उन्होंने कहा, कुछ लोग चुनाव जीतने के लिए इस देश में लोगों को बांटकर राजनीतिक लाभ हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं। चुनाव जीतना गलत नहीं है। लेकिन, कुछ लोग चुनाव जीतने के लिए लोगों को बांटने की कोशिश कर रहे हैं। यह गलत है। कांग्रेस पार्टी, राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे (कांग्रेस अध्यक्ष) या आपका भाई रेवंत रेड्डी उन्हें सफल नहीं होने देंगे।

बाजार दर्पण

